किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 189 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 19 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

होर्मुज स्ट्रेट में फायरिंग पर भारत सख्त, ईरानी दूत को तलब कर जताई गहरी चिंता

समाज जागरण

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2026। ओमान के पास स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय झंडा लगे दो व्यापारिक जहाजों पर हुई फायरिंग की घटना को लेकर भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अपनी गंभीर चिंता जताते हुए नई दिल्ली स्थित ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बातचीत की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार शाम ईरान के राजदूत को विदेश मंत्रालय बुलाया गया, जहां विदेश सचिव ने होर्मुज स्ट्रेट में हुई गोलीबारी की घटना पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपने व्यापारिक जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

बयान में यह भी कहा गया कि भारत ने ईरान को याद दिलाया कि अतीत में ईरान ने भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने में सहयोग किया है। ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों में भी भारत को उम्मीद है कि ईरान अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए इस मार्ग से गुजरने वाले भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

विदेश सचिव ने ईरानी दूत से आग्रह किया कि भारत के विचारों को तत्काल तेहरान तक पहुंचाया जाए और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले भारतीय जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग की प्रक्रिया जल्द से जल्द बहाल की जाए। इस पर ईरान के राजदूत ने भारत की चिंताओं को अपने देश के अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार, ओमान के उत्तर-पूर्व में लगभग 20 नॉटिकल मील दूरी पर अज्ञात गनबोट्स द्वारा एक टैंकर पर हमला किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दो सशस्त्र गनबोट्स बिना किसी पूर्व चेतावनी के टैंकर के करीब आईं और गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी जहाज या चालक दल को कोई नुकसान नहीं हुआ। बाद में विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में पुष्टि हुई कि फायरिंग की जद में भारत के झंडे वाले दो जहाज—'जग अर्णव' और 'सन्मार हेराल्ड'—आए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 'जग अर्णव' पर फायरिंग की गई, जबकि 'सन्मार हेराल्ड' सुरक्षित रहा। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब होर्मुज स्ट्रेट क्षेत्र पहले से ही वैश्विक तनाव और समुद्री सुरक्षा को लेकर संवेदनशील बना हुआ है। भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है।

महिला आरक्षण पर विपक्ष पर पीएम का तीखा हमला

"विरोध का पाप—जनता देगी सजा": नरेंद्र मोदी

समाज जागरण

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2026। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति के सपनों को रोकने का प्रयास किया गया है और इसका जवाब देश की जनता जरूर देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि "आज देश का हर नागरिक देख रहा है कि किस तरह नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। नारी अपने अपमान को कभी नहीं भूलती, और जब भी ये नेता जनता के बीच जाएंगे, महिलाओं को यह घटना याद आएगी।" उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण का विरोध कर विपक्ष ने "पाप" किया है, जिसकी सजा उन्हें जनता से अवश्य मिलेगी।

"संविधान की भावनाओं का अपमान"

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों ने न केवल महिला आरक्षण का विरोध किया, बल्कि संविधान निमार्ताओं की भावनाओं का भी अपमान किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता इस व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी और समय आने पर इसका जवाब देगी।

"बांटो और राज करो की राजनीति"

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परिसीमन के मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि "बांटो और राज करो" की राजनीति कांग्रेस की पुरानी विरासत है, जिसे वह आज भी जारी रखे हुए है।

"सदन में नारी शक्ति के अधिकारों की अनदेखी"

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग था, जिसका उद्देश्य सभी राज्यों की शक्ति में समान वृद्धि करना और संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस प्रयास को विफल कर "देश के सामने ही इसके अधिकारों की अनदेखी की।"

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सहित कई दलों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया।

"किसी से कुछ छीनने का नहीं था प्रस्ताव"

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह संशोधन किसी से अधिकार छीनने का नहीं, बल्कि महिलाओं को उनका लंबित हक देने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि यह कदम 2029 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में अहम होता।

"देशहित सर्वोपरि"

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के लिए देशहित सर्वोपरि है, लेकिन कुछ दलों के लिए दलहित ही सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक स्वार्थ का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। (इनपुट-एएनआई)

श्रमिक आंदोलन में हिंसा के मामले में बड़ी कार्रवाई

गौतमबुद्धनगर हिंसा के प्रमुख साजिशकर्ता को STF ने तमिलनाडु से किया गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। उत्तर प्रदेश पुलिस की उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराध के प्रति "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रमिक आंदोलन के नाम पर हुई हिंसा, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में एक प्रमुख साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से की गई।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त ने फेसबुक पर "मजदूर बिगुल" से संबंधित सामग्री पढ़ने के बाद वर्ष 2022 में इस समूह से संपर्क स्थापित किया। इसके बाद वह नोएडा की विभिन्न फैक्ट्रियों में हुई घटनाओं की रिपोर्टिंग में शामिल होने लगा।

धार्मिक प्रतीकों पर लेंसकार्ट में विवाद, उएड पीयूष बंसल ने मानी गलती

नया स्टाइल गाइड जारी, सभी धार्मिक प्रतीकों को दी मान्यता

समाज जागरण

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2026। आईवियर कंपनी लेंसकार्ट एक ड्रेस कोड विवाद को लेकर चर्चा में आ गई है। सोशल मीडिया पर कंपनी के पुराने स्टाइल गाइड के वायरल होने के बाद धार्मिक प्रतीकों के कथित भेदभाव को लेकर कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

विवाद बढ़ने के बाद कंपनी के सह-संस्थापक एवं उएड पीयूष बंसल ने स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए गलती स्वीकार की है और नया स्टाइल गाइड जारी किया है।

सोशल मीडिया से शुरू हुआ विवाद

पूरा मामला तब सामने आया जब कंपनी का एक पुराना स्टाइल गाइड इंटरनेट पर वायरल हुआ। आरोप लगाया गया कि दस्तावेज में हिजाब को अनुमति दी गई थी, लेकिन बिंदी, तिलक और टीका जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। इसके बाद कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों ने कंपनी की नीतियों पर सवाल उठाए।

कर्मचारियों के आरोप

पुणे के पूर्व स्टोर मैनेजर हर्ष हटेकर ने दावा किया कि वर्ष 2024 में स्टाफ के हाथ में कलावा पहनने पर ऑडिट में अंक काटे गए थे। वहीं पूर्व मैनेजर आकाश फालके ने आरोप लगाया कि इस मुद्दे को लफके सामने उठाने के बावजूद कोई लिखित समाधान नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत के बाद उनके वेतन और इंसेंटिव में कटौती हुई और बाद में नौकरी से भी हटा दिया गया।

कंपनी का नया स्टाइल गाइड

विवाद बढ़ने के बाद कंपनी ने शनिवार को नया स्टाइल गाइड जारी किया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि सभी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान किया जाएगा। नए नियमों के अनुसार बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, कड़ा, हिजाब और पगड़ी जैसे सभी प्रतीकों की अनुमति होगी।

कंपनी ने स्वीकार किया कि पहले की कुछ नीतिगत और संवाद संबंधी गलतियों के कारण कर्मचारियों की भावनाएं आहत हुईं। साथ ही इस पर खेद जताते हुए माफी भी जारी की गई है।

छवि सुधार की कोशिश

विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम के जरिए कंपनी ने विवाद को शांत करने और अपनी आंतरिक नीतियों में पारदर्शिता लाने की कोशिश की है। हालांकि, कर्मचारियों के आरोपों को लेकर आगे जांच और स्पष्टीकरण की मांग भी बनी हुई है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति का भारत दौरा द्विपक्षीय संबंधों में नए दौर का आगाज

समाज जागरण / अंतरराष्ट्रीय

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2026। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग रविवार से तीन दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस यात्रा को भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में नए अध्याय की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि यह दौरा केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सुरक्षा, संस्कृति और जन-जन के संबंधों को भी नई मजबूती देगा।

अंतरराष्ट्रीय पत्रिका द डिप्लोमैट की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 "स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप" के दूसरे दशक में एक नए चरण की शुरूआत का प्रतीक बन सकता है। रिपोर्ट बताती है कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की पिछली राजकीय भारत यात्रा जुलाई 2018 में हुई थी, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2019 में दक्षिण कोरिया का दौरा किया था। इसके बाद दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच संपर्क मुख्यतः बहुपक्षीय मंचों तक सीमित रहा।

बदलते वैश्विक परिदृश्य में बढ़ती अहमियत

रिपोर्ट के मुताबिक, यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर भारत की रणनीतिक स्थिति तेजी से मजबूत हुई है। बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के बीच कई देश और कंपनियां भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही हैं।

भारत, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। साथ ही अनुमान जताया जा रहा है कि इस दशक के अंत तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है।

निवेश और सुधार से बढ़ा भरोसा

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत ने बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नियमों में उदारीकरण के जरिए अपने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाया है। इससे विदेशी निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ा है।

रणनीतिक तालमेल की संभावनाएं

हालांकि रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि भारत और दक्षिण कोरिया अभी तक अपने "मल्टी एलाइनमेंट" दृष्टिकोण के बीच पूरी क्षमता के साथ तालमेल स्थापित नहीं कर पाए हैं। लेकिन वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अनुकूल मानी जा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को नई गति देने के साथ-साथ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन और सहयोग को भी मजबूत करेगा।

समाज जागरण शहरी विकास

संजय नगर फ्लाईओवर के नीचे बनेगा स्पोर्ट्स प्लाजा

गाजियाबाद में खेलों के लिए तैयार हो रहा नया आधुनिक केंद्र

गाजियाबाद, 18 अप्रैल 2026। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शहरी सौंदर्यीकरण और खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। संजय नगर फ्लाईओवर के नीचे अब एक अत्याधुनिक "स्पोर्ट्स प्लाजा" विकसित किया जाएगा, जो शहर के युवाओं के लिए खेल गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा।

यह परियोजना लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही है और इसका उद्देश्य फ्लाईओवर के नीचे वर्षों से फैली अव्यवस्था को खत्म कर उसे रचनात्मक उपयोग में लाना है।

अतिक्रमण और गंदगी से मिलेगा छुटकारा

अब तक संजय नगर फ्लाईओवर के नीचे की जगह पर अवैध डेयरियां, भैंसों का बाड़ा, चारा भंडारण और बेतरतीब वाहन पार्किंग जैसी समस्याएं देखी जाती थीं। इससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी होती थी, बल्कि क्षेत्र में गंदगी और अव्यवस्था भी बनी रहती थी।

नगर निगम की योजना के अनुसार इस पूरे क्षेत्र को साफ कर पूरी तरह से व्यवस्थित किया जाएगा और यहां अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

आधुनिक खेल सुविधाओं से सजेगा प्लाजा

प्रस्तावित स्पोर्ट्स प्लाजा में बच्चों और युवाओं के लिए क्रिकेट, बास्केटबॉल और अन्य खेलों की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसे इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि शहरी खाली स्थान का बेहतर उपयोग हो सके और युवाओं को सुरक्षित एवं आधुनिक खेल स्थल मिल सके।

शहर की छवि में होगा बदलाव

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करेगी। इससे शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार और सार्वजनिक स्थानों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की परियोजनाएं भविष्य में अन्य शहरों के लिए भी एक मॉडल बन सकती हैं, जहां निष्क्रिय स्थानों को उपयोगी सार्वजनिक सुविधाओं में बदला जा सके।

होर्मुज की जंग में भारत की टेंशन खत्म!

नई दिल्ली. सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए समुद्री बीमा पूल को मंजूरी दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 12,980 करोड़ रुपये के 'भारत मेरीटाइम इंश्योरेंस पूल' (Bharat Maritime Insurance Pool) को मंजूरी दी गई है. इस फैसले का मकसद भारतीय जहाजों और माल ढुलाई को हर तरह के जोखिम से बीमा सुरक्षा देना है. इसमें जहाज, मशीनरी, कार्गो, प्रोटेक्शन एंड इंडेम्निटी और युद्ध जैसे जोखिम शामिल किए गए हैं.

गंगा एक्सप्रेसवे का PM मोदी करेंगे लोकार्पण, हरदोई में 29 अप्रैल को होगा उद्घाटन

समाज जागरण

लखनऊ/हरदोई, 18 अप्रैल 2026। उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 29 अप्रैल को हरदोई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस मौके को राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जा रहा है।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश के लिए परिवहन और आर्थिक विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे करोड़ों लोगों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

तेजी से पूरा हुआ महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस परियोजना को तेज गति से आगे बढ़ाया गया। वर्ष 2020 में मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने के बाद इसे प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया गया और रिकॉर्ड समय में इसे पूरा करने की दिशा में काम किया गया।

"नए उत्तर प्रदेश" की ओर कदम

अधिकारियों के अनुसार गंगा एक्सप्रेसवे न केवल पश्चिम और पूर्वी उत्तर प्रदेश को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, बल्कि औद्योगिक निवेश, रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी पैदा करेगा। इसे "नए उत्तर प्रदेश" के निर्माण की दिशा में एक मजबूत आधार के रूप में देखा जा रहा है।

विकास और कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

यह एक्सप्रेसवे राज्य में सड़क संपर्क को मजबूत करने के साथ-साथ यात्रा समय में बड़ी कमी लाने में मदद करेगा। साथ ही, इसके आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में और मजबूत स्थिति में लाने में अहम भूमिका निभाएगी।

[प्रसंगवश भगवान परशुराम जयंती]

अधर्म से कभी समझौता न करने वाला दिव्य प्रश्न – भगवान परशुराम

[टूटते समाज की शिराओं में बहता धर्म-संस्कार – भगवान परशुराम]

[इक्कीस बार पृथ्वी का शोधन करने वाला तेजस्वी योद्धा]

जब समय की धड़कनें असंतुलन की ओर झुकने लगती हैं, जब धर्म केवल ग्रंथों के शब्दों में सीमित होकर रह जाता है और अधर्म सत्ता के सिंहासन पर बैठकर निरंतर मानवता को कुचलने लगता है–तब इतिहास अपने भीतर से एक ऐसी अद्भुत शक्ति को जन्म देता है जो युगों की दिशा को बदल देने की क्षमता रखती है। परशुराम उसी दिव्य शक्ति के प्रतीक हैं। वे न केवल ऋषि-पुत्र हैं, न केवल एक महान योद्धा–वे उस जाग्रत चेतना का साक्षात स्वरूप हैं जो अन्याय और अत्याचार के सामने कभी भी मौन या निष्क्रिय नहीं रहती। परशुराम जयंती केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि गहन आत्ममंथन का अवसर है कि क्या आज भी समाज में अन्याय के विरुद्ध वही प्रखर अग्नि जीवित है या फिर वह केवल पौराणिक कथाओं तक ही सीमित होकर रह गई है।

जब ब्रह्मांडीय संतुलन डगमगाने लगा और क्षत्रिय सत्ता के अहंकार ने ऋषियों की तपोभूमि का अपमान करना प्रारंभ किया, तब महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर एक ऐसे बालक का जन्म हुआ, जिसमें अग्नि और संयम का अद्भुत संगम था। भगवान विष्णु के अंशावतार परशुराम ने न कभी राजसी वैभव देखा, न ही विलासिता का आकर्षण–उनका पालन-पोषण एक साधारण तपोवन में हुआ। भगवान शिव की कृपा से प्राप्त दिव्य परशु उनके हाथों में केवल एक शस्त्र नहीं रहा, बल्कि धर्मरक्षा का शक्तिशाली प्रतीक बन गया। उनका बाल्यकाल ही यह संकेत देने लगा था कि यह साधारण बालक नहीं, बल्कि एक ऐसे युग-परिवर्तन की भूमिका है जो स्थापित व्यवस्था को गहराई से झकझोर देगा।

परशुराम के जीवन में निर्णायक मोड़ तब आया जब हैहय वंश के प्रतापी किंतु अत्यंत अहंकारी राजा कार्तवीर्य अर्जुन ने महर्षि जमदग्नि के आश्रम पर आक्रमण कर दिया। कामधेनु गाय का बलपूर्वक अपहरण किया गया, आश्रम की पवित्रता भंग की गई और ऋषि का गहरा अपमान हुआ। जब परशुराम लौटे तो उनके भीतर वर्षों से संचित संयम की सीमा टूट चुकी थी। उन्होंने भीषण युद्ध में राजा की हजार भुजाओं का अंत कर दिया। किंतु यह संघर्ष यहीं समाप्त नहीं हुआ। प्रतिशोध की अगली लहर में उनके पिता की निर्मम हत्या कर दी गई, जिसने उनके जीवन को एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया जहाँ व्यक्तिगत पीड़ा और धर्मरक्षा का दायित्व एक साथ जुड़ गए।

पिता की निर्मम हत्या ने परशुराम के अंतःकरण में एक ऐसा प्रचंड संकल्प प्रज्वलित किया, जिसकी गूंज इतिहास में अमिट बन गई। उन्होंने अन्यायपूर्ण क्षत्रिय सत्ता के संपूर्ण विनाश का व्रत लिया और उसे केवल घोषणा नहीं रहने दिया, बल्कि अपने अद्भुत शौर्य और अडिग कर्म से साकार कर दिखाया। मान्यता है कि उन्होंने इक्कीस बार पृथ्वी को अत्याचारी क्षत्रियों के भार से मुक्त किया। यह केवल विनाश की कथा नहीं, बल्कि एक कठोर उद्घोष था कि जब शक्ति धर्म और मयार्दा से विचलित हो जाती है, तब उसका पतन निश्चित होता है। समंतपंचक जैसे पावन स्थलों की गाथाएँ इसी भीषण संघर्ष की साक्षी हैं, जहाँ धर्म और अधर्म के बीच निर्णायक संग्राम घटित हुआ।

परशुराम केवल संहार के प्रतीक नहीं थे, वे ज्ञान, अनुशासन और शिक्षा के भी परम आचार्य थे। महाभारत काल में उन्होंने भीष्म पितामह, आचार्य द्रोण और कर्ण जैसे महान योद्धाओं को शस्त्रविद्या का गहन और दिव्य ज्ञान प्रदान किया। उनका जीवन यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि वास्तविक शक्ति केवल युद्ध कौशल में नहीं, बल्कि ज्ञान के सही मार्गदर्शन, संयम और नैतिक आधार में भी निहित होती है। भगवान श्रीराम से उनका दिव्य मिलन भी अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरक प्रसंग है, जहाँ उनका प्रारंभिक क्रोध श्रीराम की मयार्दा और दिव्यता के समक्ष शांत होकर विनम्रता में परिवर्तित हो गया। यह घटना यह सिद्ध करती है कि सच्चा ज्ञान वही है जो अहंकार को भी मिटाकर उसे विनम्रता और संतुलन में बदल दे।

कर्तव्य और पितृभक्ति की कठोर परीक्षा में परशुराम का जीवन एक अद्भुत उदाहरण बन गया। एक बार उनके पिता महर्षि जमदग्नि के आदेश ने माता रेणुका के प्रति कठिन स्थिति उत्पन्न की, और परशुराम ने बिना संशय या विलंब के पिता की आज्ञा का पालन किया। यह प्रसंग उनकी अटूट कर्तव्यनिष्ठा और आज्ञाकारिता को प्रकट करता है। आगे चलकर उन्हें दिव्य वरदान प्राप्त हुआ, जिससे जीवन में संतुलन पुनः स्थापित हुआ। अंततः उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी का दान महर्षि कश्यप को देकर स्वयं को सांसारिक मोह और बंधनों से मुक्त कर लिया तथा महेंद्र पर्वत पर गहन तपस्या में लीन हो गए। यह यात्रा उनके जीवन के संघर्षमय चरण से आध्यात्मिक शांति और वैराग्य की ओर रूपांतरण का प्रतीक है।

वर्तमान समय में परशुराम का चरित्र केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि गहरी नैतिक दिशा और जीवन-दृष्टि का प्रतीक है। वे यह संदेश देते हैं कि शक्ति का वास्तविक उद्देश्य विनाश नहीं, बल्कि धर्म और न्याय की स्थापना होना चाहिए। उनका कुल्हाड़ा मात्र एक अस्त्र नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध जाग्रत चेतना और साहस का प्रतीक है। आज के समाज में, जहाँ नैतिकता और शक्ति का संतुलन बार-बार डगमगाता दिखाई देता है, वहाँ परशुराम का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है कि क्रोध को भी धर्म की दिशा मिलनी चाहिए और ज्ञान को सदैव कर्म का आधार बनना चाहिए।

धर्म, साहस और आत्मजागरण के संगम पर परशुराम जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अंतःकरण को जाग्रत करने वाली चेतना है। यह दिन हमें यह दृढ़ प्रतिज्ञा लेने का अवसर देता है कि हम अन्याय के सम्मुख कभी मौन नहीं रहेंगे, सत्य के पथ से कभी विचलित नहीं होंगे और शक्ति को सदैव धर्म, रक्षा एवं न्याय की स्थापना का माध्यम बनाएंगे। उनका जीवन इस शाश्वत सत्य को उद्घाटित करता है कि वास्तविक मनुष्य वही है जो ज्ञान की गहराई और पराक्रम की प्रचंडता को एक साथ साध सके। जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारते हैं, तभी यह पर्व सार्थक बनता है और धर्म की वह दिव्य ज्योति पुनः प्रज्वलित होकर संपूर्ण समाज को आलोकित करती है।

अक्षय तृतीया और परशुराम अवतार का अद्भुत संगम

– महेन्द्र तिवारी

भारतीय सनातन संस्कृति में अवतारवाद की परंपरा केवल ईश्वरीय उपस्थिति का प्रमाण नहीं है, बल्कि यह मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना और समाज को दिशा दिखाने का एक जीवंत माध्यम भी है। भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में प्रतिष्ठित भगवान परशुराम का प्राकट्य इसी श्रृंखला की एक अत्यंत तेजस्वी कड़ी है। प्रतिवर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को संपूर्ण भारतवर्ष में परशुराम जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। ज्योतिषीय गणना और पंचांग के विश्लेषण के अनुसार, तृतीया तिथि का आगमन 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10:49 बजे होगा और इसका समापन अगले दिन 20 अप्रैल 2026 को प्रातः 07:27 बजे होगा। शास्त्रों में भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में माना गया है, इसलिए उदयातिथि और सायंकालीन मुहूर्त की महत्ता को देखते हुए 19 अप्रैल को ही जयंती मनाना श्रेष्ठ और शास्त्रसम्मत है। यह तिथि केवल एक जयंती मात्र नहीं है, बल्कि यह अक्षय तृतीया का भी महापर्व है, जिसका अर्थ है वह तिथि जिसका पुण्य कभी क्षय नहीं होता।

भगवान परशुराम का जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ था। वे भृगु कुल के रत्न थे, इसलिए उन्हें भार्गव के नाम से भी जाना जाता है। उनका मूल नाम 'राम' था, किंतु उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपना अमोघ शस्त्र 'परशु' प्रदान किया, जिसके कारण वे लोक में परशुराम के नाम से विख्यात हुए। उनका व्यक्तित्व अत्यंत विलक्षण है क्योंकि वे एक ही समय में श्रेष्ठ ब्राह्मण भी हैं और अजेय योद्धा भी। सनातन धर्म में उन्हें 'ब्रह्म-क्षत्रिय' की उपाधि दी गई है, जो यह दशार्ता है कि जब शांति और शास्त्र विफल होने लगें, तब धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना अनिवार्य हो जाता है। उनके जीवन का प्रत्येक प्रसंग हमें साहस और सिद्धांतों के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, उस कालखंड में जब क्षत्रिय राजा अपनी शक्ति के मद में चूर होकर ऋषि-मुनियों और निर्दोष जनता पर अत्याचार करने लगे थे, तब भगवान परशुराम ने अन्याय के विरुद्ध युद्ध का शंखनाद किया। हैहय वंश के राजा कार्तवीर्य अर्जुन ने जब अपने बल के अहंकार में महर्षि जमदग्नि की कामधेनु गाय का बलपूर्वक अपहरण किया और अंततः ऋषि की हत्या कर दी, तब परशुराम ने भीषण प्रतिज्ञा ली। उन्होंने न केवल कार्तवीर्य अर्जुन का वध किया, अपितु पृथ्वी को 21 बार आततायी क्षत्रियों से विहीन कर दिया। यहाँ यह समझना आवश्यक है कि उनका संघर्ष किसी जाति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि उस अधर्म और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध था जो मानवता को पीड़ित कर रहा था। उन्होंने प्रत्येक बार विजित भूमि को ऋषियों और ब्राह्मणों को दान कर दिया, जिससे यह सिद्ध होता है कि उनके भीतर भूमि का मोह नहीं, बल्कि धर्म का राज्य स्थापित करने की ललक थी।

भगवान परशुराम के चरित्र में क्रोध और करुणा का एक अद्भुत संतुलन देखने को मिलता है। त्रेता युग में जब भगवान श्रीराम ने जनकपुर में शिव का धनुष तोड़ा, तब परशुराम का आगमन और उनका क्रोध उनके शिव-भक्त होने का प्रमाण था, किंतु श्रीराम की विनम्रता और उनके ईश्वरत्व को पहचानते ही वे शांत होकर उन्हें आशीर्वाद देकर महेंद्रगिरि पर्वत पर तपस्या हेतु चले गए। इसी प्रकार द्वापर युग में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और दानवीर कर्ण जैसे महारथियों को शस्त्र विद्या प्रदान की। महाभारत के युद्ध में उनके द्वारा दी गई शिक्षा और अस्त्रों ने निर्णायक भूमिका निभाई। वे चिरंजीवी हैं, अर्थात सात अमर विभूतियों में से एक हैं जो आज भी इस पृथ्वी पर सूक्ष्म रूप में विद्यमान हैं। ऐसी मान्यता है कि वे कलयुग के अंत में भगवान कल्कि के गुरु बनेंगे और उन्हें धर्म स्थापना के लिए शस्त्र विद्या प्रदान करेंगे।

आध्यात्मिक दृष्टि से परशुराम जयंती का महत्व अक्षय तृतीया के साथ जुड़कर और भी बढ़ जाता है। इस दिन किए जाने वाले सत्कर्मों का फल अनंत काल तक बना रहता है। वर्ष 2026 की यह तिथि 19 अप्रैल को भक्तों के लिए आत्मशुद्धि और संकल्प का दिन होगी। इस दिन भक्त प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं या जल में गंगाजल मिलाकर स्नान की परंपरा निभाते हैं। पूजा के केंद्र में भगवान परशुराम की प्रतिमा या चित्र स्थापित किया जाता है। पूजन सामग्री में चंदन, अक्षत, तुलसी दल, धूप, दीप और विशेष रूप से पंचामृत का उपयोग किया जाता है। चूंकि वे शस्त्र विद्या के आदि गुरु हैं, इसलिए इस दिन अस्त्र-शस्त्रों की पूजा का भी विशेष विधान है। कई समुदायों में इस दिन शस्त्रों का प्रदर्शन और वीरतापूर्ण खेल आयोजित किए जाते हैं जो युवाओं में शौर्य की भावना का संचार करते हैं।

इस पर्व का एक प्रमुख पक्ष दान और सेवा है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन किया गया दान अक्षय फल प्रदान करता है। अनाज, जल के पात्र, वस्त्र, स्वर्ण, और गौ-दान को इस दिन अत्यंत शुभ माना गया है। 19 अप्रैल 2026 को रविवार का संयोग होने के कारण सूर्य देव की आराधना के साथ परशुराम पूजन करना और भी शुभ फलदायी होगा। ब्राह्मणों को भोजन कराना और निर्धनों की सहायता करना इस उत्सव की पूर्णता मानी जाती है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जो साधक इस दिन उपवास रखकर श्रद्धापूर्वक भगवान परशुराम का स्मरण करता है, उसके जीवन से भय और बाधाएं दूर हो जाती हैं। निःसंतान दंपत्तियों के लिए यह व्रत विशेष रूप से संतान सुख प्रदान करने वाला माना गया है।

भगवान परशुराम का जीवन आधुनिक समाज के लिए एक महान संदेश है। आज जब विश्व भर में नैतिकता और मूल्यों का पतन हो रहा है, तब परशुराम का चरित्र हमें अनुशासन की महत्ता समझाता है। उनका जीवन सिखाता है कि शक्ति का अर्थ दूसरों को दबाना नहीं, बल्कि न्याय की स्थापना करना है। उन्होंने अपने पिता की आज्ञा का पालन कर पितृभक्ति की पराकाष्ठा दिखाई और फिर अपनी तपस्या से माता को पुनर्जीवित कर मातृप्रेम का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका क्रोध 'सात्विक क्रोध' था, जो केवल विनाश के लिए नहीं बल्कि सृजन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को हटाने के लिए था। युवाओं को उनके जीवन से यह सीखना चाहिए कि ज्ञान (शास्त्र) और सामर्थ्य (शस्त्र) दोनों का होना अनिवार्य है, क्योंकि शस्त्रविहीन ज्ञान दुर्बल होता है और ज्ञानविहीन शस्त्र विनाशकारी।

परशुराम जयंती के अवसर पर भारत के विभिन्न हिस्सों में भव्य शोभायात्राएं निकाली जाती हैं। विशेषकर उत्तर भारत, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कोंकण क्षेत्र में इस-ाका भारी उत्साह देखने को मिलता है। कोंकण क्षेत्र को तो परशुराम की अपनी भूमि माना जाता है, क्योंकि उन्होंने समुद्र को पीछे धकेलकर उस भूमि का निर्माण किया था। मंदिरों में भजन, कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का दौर चलता है। वर्ष 2026 में 19 अप्रैल को होने वाले आयोजनों में तकनीक और परंपरा का संगम भी देखा जा सकेगा, जहाँ डिजिटल माध्यमों से भगवान के संदेशों को प्रसारित किया जाएगा। वर्तमान समय में इस पर्व को पर्यावरण और जल संरक्षण से जोड़ना भी एक सराहनीय पहल है। वृक्षारोपण और जलाशयों की स्वच्छता जैसे कार्य भगवान परशुराम के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हो सकते हैं, जिन्होंने सदैव प्रकृति और ऋषि संस्कृति का संरक्षण किया।

भगवान परशुराम की कथा हमें यह भी याद दिलाती है कि समय परिवर्तनशील है। उन्होंने जिस प्रकार अहंकार का दमन किया, वह हर युग के मनुष्य के लिए चेतावनी है कि सत्ता और संपत्ति का दुरुपयोग अंततः विनाश का कारण बनता है। उनके शस्त्र 'परशु' की धार हमें अपने भीतर की बुराइयों और विकारों को काटने की प्रेरणा देती है। जब हम उनकी जयंती मनाएंगे, तो हमारा संकल्प केवल व्यक्तिगत समृद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें एक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के निर्माण का उत्तरदायित्व भी लेना चाहिए। भगवान परशुराम केवल एक जाति या समुदाय के आराध्य नहीं हैं, वे तो संपूर्ण मानवता के कल्याण और अधर्म के नाश के लिए अवतरित हुए थे।

अंततः यह कहना उचित होगा कि परशुराम जयंती एक ऐसा प्रकाश स्तंभ है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। उनकी पूजा हमें शारीरिक रूप से सुदृढ़, मानसिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से जाग्रत बनाती है। यदि हम उनके बताए मार्ग पर चलते हुए न्याय का साथ दें और अपने कर्तव्यों का पालन करें, तो यही उनके प्रति सच्ची भक्ति होगी। इस पावन अवसर पर किया गया जप, तप और दान हमारे जीवन में सुख-शांति का संचार करेगा और भगवान परशुराम की कृपा से समाज में धर्म की विजय होगी। यह पर्व हमें निरंतर याद दिलाता रहेगा कि जब-जब संसार में अधर्म बढ़ेगा, ईश्वरीय शक्ति किसी न किसी रूप में अन्याय का अंत करने अवश्य आएगी। भगवान परशुराम की यह जयंती हमें साहस और शांति के इसी सनातन सत्य की ओर पुनः अग्रसर करेगी।

(आलेख)

सोशल मीडिया की सच्चाई और हमारी जिम्मेदारी

– सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

आज का युग सूचना-क्रांति का युग है, जहाँ खबरें अखबारों की सीमाओं से निकलकर सोशल मीडिया के तेज बहाव में बह रही हैं। एक क्लिक में लाखों लोगों तक पहुँचने वाली जानकारी, जितनी शक्तिशाली है, उतनी ही खतरनाक भी हो सकती है।

Facebook, WhatsApp, (पूर्व Twitter) जैसे प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नई ऊँचाइयाँ दी हैं, परंतु इसके साथ ही अधूरी, भ्रामक और उद्देश्यपूर्ण सूचनाओं का प्रसार भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ा है।

आज स्थिति यह है कि कोई भी व्यक्ति बिना तथ्य-जांच के कोई भी पोस्ट साझा कर देता है, और देखते ही देखते वह "सत्य" का रूप ले लेती है। शोध बताते हैं कि सोशल मीडिया पर बड़ी मात्रा में सामग्री निजी दायरे में साझा होती है, जो सार्वजनिक निगरानी से बाहर रहती है और सत्यापन को और कठिन बना देती है। और यही वह बिंदु

है जहाँ से समस्या गंभीर होती है। अफवाहें जनमानस को भ्रमित करती हैं। सामाजिक तनाव को बढ़ाती हैं और कभी-कभी कानून-व्यवस्था तक प्रभावित कर देती हैं। विशेषज्ञों ने यह भी पाया है कि सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार एक संगठित रूप ले चुका है, जिससे आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रभाव दोनों साधे जाते हैं।

ऐसे में सवाल यह नहीं है कि सोशल मीडिया गलत है बल्कि सवाल यह है कि हम उसका उपयोग कैसे कर रहे हैं। इस पर हमारी जिम्मेदारी क्या होनी चाहिए?- किसी भी पोस्ट को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें भावनात्मक या उकसाने वाली खबरों से सावधान रहें।विश्वसनीय स्रोतों पर ही विश्वास करें। समाज में सकारात्मक और रचनात्मक सामग्री को बढ़ावा दें।

हम सबको यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक दर्पण है। यह वही दिखाता है जो हम उसमें डालते हैं। यदि हम जिम्मेदारी से इसका उपयोग करें, तो यह समाज को जागरूक और सशक्त बना सकता है; अन्यथा यह भ्रम और विभाजन का कारण भी बन सकता है।आवश्यकता है कि हम केवल ह्लउपभोक्ताह्व नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनकर सोशल मीडिया का उपयोग करें।

व्यंग्य:

अब हालात कुछ ऐसे हो गए हैं कि नरेंद्र मोदी का भाषण भी अलार्म की तरह हो गया है–बजता जरूर है, पर लोग "स्नूज" करके फिर से सो जाते हैं।

कल रात 8:30 बजे भी वही पुराना अंदाज–दमदार एंट्री, ठोस आवाज, और शब्दों में वही सख्ती... लेकिन इस बार लगता है कि जनता ने टीवी का वॉल्यूम कम कर दिया है। शायद वजह ये है कि यूजीसी की नाराजगी अब इतनी गहरी हो गई है कि सुनने की इच्छा ही छुट्टी पर चली गई है।

पहले भाषण आता था तो लोग चैनल बदलना भूल जाते थे, अब चैनल बदलते-बदलते भाषण ही छूट जाता है। पहले "मित्रों..." सुनते ही लोग कुर्सी संभाल लेते थे, अब "मित्रों..." सुनते ही रिमोट संभाल लेते हैं।

राजनीति भी बड़ी अजीब चीज है–जब तालियां बजती हैं तो आवाज दूर तक जाती है, और जब खामोशी होती है तो वो और भी ज्यादा सुनाई देती है।

लगता है वक्त बदल रहा है... या फिर श्रोताओं का मूड।

(वैश्विक-विश्लेषण)

नफरत, युद्ध और कराहती मानवता।

विश्व युद्ध की आशंका से हिंसा का महाप्रलय।

विश्व युद्ध की आशंका से पूरी दुनिया की मानवता पूरी तरह से सहमी हुई है। रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास-फिलिस्तीन युद्ध और अब इसराइल ईरान अमेरिका का भयावह संग्राम पता नहीं पृथ्वी पर उसके निवासियों को किस अशांति और हिंसा की दिशा में ले जाएगा ? भारत ने पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 1200 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है और वर्तमान स्थिति में इजरायल ईरान और अमेरिका के महायुद्ध ने वैश्विक परिदृश्य में पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ईंधन संग्रहण ठिकानों पर बुरी तरह से हमला करके ईरान इजरायल युद्ध में आग में घी का काम कर दिया, जवाब में ईरान ने इजरायल के 14 शहरों में अपनी बैलिस्टिक टारगेटेड मिसाइल से हमला करके अपनी युद्ध नीति के जारी रखने की नियत को स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका के इजरायल की तरफ से ईरान पर अनावश्यक आक्रमण से ईरान की तरफ से अब उत्तर कोरिया, रूस और चीन भी इस महासंग्राम में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं। नतीजतन रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार श्रृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है,

अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार भी आतंकवाद है।अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती नजर आ रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है' रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है' रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है' यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।

रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।

यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था।

रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

19 साल का रिकॉर्ड टूटा, 53.73 सेकंड में 400 मीटर दौड़ पूरी यूपी पुलिस की महिला आरक्षी सलोनी नागर ने रचा इतिहास

समाज जागरण
खेल एवं पुलिस सेवा

लखनऊ, 18 अप्रैल 2026।
उत्तर प्रदेश पुलिस की महिला आरक्षी कुमारी सलोनी नागर ने अपने शानदार प्रदर्शन से खेल जगत में नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने 400 मीटर दौड़ मात्र 53.73 सेकंड में पूरी कर 19 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।
यह उपलब्धि भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित प्रथम नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दर्ज की गई, जहां उन्होंने वर्ष 2005 में पिंकी प्रमाणिक द्वारा बनाए गए 53.89 सेकंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

'कुशल खिलाड़ी योजना' से मिली पहचान

सलोनी नागर का चयन योगी आदित्यनाथ सरकार की "कुशल खिलाड़ी योजना" के तहत हुआ था। वह वर्तमान में मेरठ पुलिस में तैनात हैं।

वर्ल्ड रिले 2026 के लिए चयन

उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन "वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 2026" (बोत्सवाना) के लिए भी किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बन गई है।

अधिकारियों ने दी बधाई

उत्तर प्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सलोनी नागर को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और उनके अनुशासन, समर्पण व कठिन परिश्रम की सराहना की।

खेल और सेवा का संतुलन

पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने कहा है कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि भविष्य में और भी ऐसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन सामने आ सकें।

इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर खिलाड़ी किसी भी क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित

औद्योगिक क्षेत्रों में लगेंगे मेडिकल कैंप, मोबाइल वैन और मिनी ओपीडी की सुविधा

समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। गौतमबुद्धनगर में श्रमिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं निजी अस्पताल संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लाखों श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए समन्वित और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा।

श्रमिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य योजना

जिलाधिकारी ने कहा कि गौतमबुद्धनगर, जो उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में जाना जाता है, वहां बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। ऐसे में श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रमिकों के लिए आवास, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है।

निजी अस्पतालों की भागीदारी पर जोर

बैठक में जिलाधिकारी ने निजी अस्पताल संचालकों से अपील की कि वे अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित मेडिकल कैंप आयोजित करें। साथ ही महिला श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इन कैंपों में नेत्र परीक्षण, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच की व्यवस्था होनी चाहिए, साथ ही जरूरतमंदों को चश्मा एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए।

मोबाइल मेडिकल वैन और मिनी ओपीडी

औद्योगिक क्षेत्रों, कंस्ट्रक्शन साइट्स और लेबर कॉलोनी में मोबाइल मेडिकल वैन, मिनी ओपीडी और नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। इससे श्रमिकों को उनके कार्यस्थल के निकट ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिम्स अस्पताल में डॉक्टरों, दवाइयों और उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक अस्पतालों को पैनल में शामिल करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

समन्वय से बेहतर परिणाम की उम्मीद

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और निजी अस्पताल संचालकों से सुझाव भी लिए गए, जिनके आधार पर भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, निदेशक जिम्स ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित 136 शिकायतें दर्ज, 11 का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया की गई। इस दौरान कुल 136 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।
शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

तहसीलवार शिकायतों का विवरण

तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (भू/अ0) बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया।
तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में 36 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 1 शिकायत का तत्काल समाधान किया गया।
तहसील दादरी में उप जिलाधिकारी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में सबसे अधिक 93 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

प्रशासन की सक्रियता पर जोर

अधिकारियों ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शेष मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, ताकि शिकायतकताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने यह भी कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के समाधान में पारदर्शिता और गति लाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

श्रम एवं औद्योगिक समाचार

श्रम विभाग की बड़ी कार्रवाई 43 संविदाकारों को नोटिस, 10 के लाइसेंस निरस्त

समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। गौतमबुद्धनगर में श्रम विभाग ने श्रमिक हितों की सुरक्षा और औद्योगिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई की है। विभाग द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में की गई जांच के दौरान अनियमितताओं के मामले सामने आने पर यह कदम उठाया गया।

43 संविदाकारों को नोटिस जारी

अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान श्रम कानूनों के अनुपालन में खामियां पाए जाने पर कुल 43 संविदाकारों को नोटिस जारी किए गए हैं।
उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नियमित प्रवर्तन अभियान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों में पारदर्शिता और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
विभाग ने गंभीर अनियमितताओं के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए 10 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। इसके साथ ही इन संविदाकारों को काली सूची में डालने के लिए श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश को पत्र भी भेजा गया है।

औद्योगिक शांति और श्रमिक हित सर्वोपरि

अपर श्रमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनपद की औद्योगिक इकाइयों में शांति बनाए रखना और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
प्रशासन ने सभी संविदाकारों और औद्योगिक इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे श्रम कानूनों का पूरी तरह पालन करें, अन्यथा कठोरतम कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

आईएमएस-डीआईए में ओपन-डे 2026 का आयोजन

समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एण्ड इनोवेशन एकेडमी (आईएमएस-डीआईए) ने सफलतापूर्वक ओपन-डे 2026 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डिजाइन करियर को समझने के इच्छुक छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए फैशन, ज्वेलरी, इंटीरियर, कम्युनिकेशन, लग्जरी प्रोडक्ट डिजाइन और फाउंडेशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लाइव वर्कशॉप आयोजित की गईं। आज के वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए रचनात्मक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

आईएमएस-डीआईए के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों और उभरते अवसरों के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि हम नई शिक्षा नीति के तहत स्किल बेस्ड लर्निंग और क्रिएटिव एजुकेशन मॉडल पर विशेष जोर रहे हैं। साथ ही आईएमएस-डीआईए स्कूलों के साथ साझेदारी के माध्यम से छात्रों को शुरूआती स्तर पर ही डिजाइन थिंकिंग, इनोवेशन और प्रैक्टिकल लर्निंग से जोड़ रहा है। चिराग गुप्ता ने बताया कि संस्थान में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर विशेष जोर दिया जाता है, ताकि छात्र केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर काम करते हुए इंडस्ट्री की जरूरतों को समझ सकें। इससे छात्रों में समस्या समाधान क्षमता, इनोवेशन और प्रोफेशनल स्किल्स का विकास होता है।
आईएमएस-डीआईए के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एमकेवी नायर ने बताया कि आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पैनल डिस्कशन रहा, जिसमें विशेषज्ञों ने एआई के वास्तविक प्रभाव बनाम संभावित खतरे, सस्टेनेबिलिटी, क्रिएटर इकॉनमी, फ्रीलांसिंग बनाम नौकरी बनाम उद्यमिता तथा बिजनेस टूल के रूप में डिजाइन जैसे समसामयिक और महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस सत्र ने उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को डिजाइन करियर के बदलते परिदृश्य को बेहतर ढंग से समझने में मदद की। उन्होंने कहा कि डिजाइन इंडस्ट्री तेजी से बदल रही है और युवाओं के लिए इसमें अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छात्रों को इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा, आधुनिक लैब्स और विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर त्रिदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न दादरी में द्वितीय सत्र का दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ

समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। गौतमबुद्धनगर के दादरी स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में "ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता" विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का समापन 15 अप्रैल 2026 को जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा द्वारा किया गया, जिसके बाद 16 अप्रैल को द्वितीय सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

30 प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें बाल विकास पुष्टाहार, एनआरएलएम, पंचायती राज विभाग तथा आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं। प्रतिभागियों को ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर

प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साथ ही सतत विकास लक्ष्यों , स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना, पेयजल प्रबंधन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मासिक धर्म स्वच्छता तथा व्यवहार परिवर्तन जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोना प्रियदर्शिनी, होपेन्द्र सिंह, अशोक राघव तथा मास्टर ट्रेनर डॉ. विजय पाल सिंह द्वारा किया गया।

ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे ग्राम स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलेगी। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

जारचा के प्यावली गांव में विवाद, तीन युवक पुलिस हिरासत में

समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। गौतमबुद्धनगर के थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम प्यावली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के बाद पुलिस ने तीन युवकों को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया है।
पुलिस के अनुसार, प्रथम पक्ष के भोजराज (24 वर्ष) पुत्र कमल सिंह तथा द्वितीय पक्ष के संजय (28 वर्ष) पुत्र जयकरण और विकास (19 वर्ष) पुत्र जयकरण के बीच पुरानी रंजिश के चलते कहासुनी और विवाद हो गया। घटना के दौरान आसपास काफी लोग इकट्ठा हो गए और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति नियंत्रित नहीं हो सकी।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी सभी को समझाने की कोशिश की, परंतु तीनों युवक और अधिक उग्र हो गए तथा आपसी फौजदारी पर आमादा हो गए, जिससे क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई।
स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत आवश्यक बल प्रयोग करते हुए भोजराज, संजय और विकास को करीब 01:20 बजे हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक ऋषिपाल कटारिया द्वारा अमल में लाया गया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

जारचा में विवाद के दौरान दो युवक हिरासत में

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 18 अप्रैल 2026। गौतमबुद्धनगर के थाना जारचा क्षेत्र में टेंपो चलाने को लेकर हुए आपसी विवाद के दौरान पुलिस ने दो युवकों को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया है।
पुलिस के अनुसार, कस्बा जारचा निवासी अमन (19 वर्ष) पुत्र इमरान और अनस (20 वर्ष) पुत्र खलील के बीच विवाद हो गया था। कहासुनी बढ़ने पर मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो गए और दोनों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति नियंत्रित नहीं हो सकी।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, परंतु दोनों युवक और अधिक उग्र हो गए, जिससे क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई।

स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दोनों युवकों को करीब 11:30 बजे हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वैदपुरा और खोदना कलां में अवैध निर्माण पर सख्ती

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निमार्णाधीन भवन किए सील, काम रोका

समाज जागरण /संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 18 अप्रैल 2026। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम वैदपुरा और खोदना कलां में निमार्णाधीन बहुमंजिला भवनों को सील कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस की मौजूदगी में की गई।
यह अभियान प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ सुमित यादव की निगरानी में वर्क सर्किल-2 की टीम द्वारा चलाया गया।

वैदपुरा में अवैध बहुमंजिला निर्माण सील

प्राधिकरण के महाप्रबंधक (परियोजना) ए.के. सिंह के अनुसार, ग्राम वैदपुरा के खसरा संख्या 332, 333, 334 एवं 615 पर बिना अनुमति के बहुमंजिला भवनों का निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन भवनों को सील कर दिया।

खोदना कलां में भी कार्रवाई

इसी तरह ग्राम खोदना कलां के खसरा संख्या 323, 324 एवं 194 की जमीन पर भी बिना प्राधिकरण की अनुमति के निर्माण कार्य चल रहा था। यहां भी पुलिस बल की उपस्थिति में भवनों को सील कर निर्माण कार्य तत्काल रोक दिया गया।

अवैध निर्माण पर सख्त चेतावनी

एसीईओ सुमित यादव ने स्पष्ट किया कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

लोगों से अपील

प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में जमीन या फ्लैट खरीदने से पहले प्राधिकरण से पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि अवैध कॉलोनियों में निवेश से बचा जा सके।
यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध निर्माण पर रोक लगाने और नियोजित विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

नोएडा में अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कैंप, इंग्लैंड के कोच क्लाइव कास्टिलो देंगे ट्रेनिंग

समाज जागरण

नोएडा, 18 अप्रैल 2026। नोएडा में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण अवसर सामने आया है। उल्हास युवीपेप बास्केटबॉल अकादमी (UYBA) द्वारा चार दिवसीय एलीट बास्केटबॉल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इंग्लैंड के अनुभवी कोच क्लाइव कास्टिलो युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे।
यह कैंप 19 से 22 अप्रैल तक सेक्टर-21ए स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस दौरान प्रतिदिन दो सत्र आयोजित किए जाएंगे–पहला सत्र दोपहर 1:30 बजे से 5 बजे तक और दूसरा सत्र शाम 5 बजे से 8 बजे तक।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग का अवसर

अकादमी के को-फाउंडर उल्हास के.एस. ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह कैंप स्पोर्ट्स सोल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय खिलाड़ियों को यूरोप की आधुनिक और पेशेवर बास्केटबॉल तकनीकों से परिचित कराना है।
कोच कास्टिलो, जो यूरोलीग हेड कोचेस बोर्ड (EHCB) से प्रमाणित हैं और लंदन लायंस टीम से जुड़े रहे हैं, खिलाड़ियों को वही प्रशिक्षण देंगे जो यूरोप और यूके के कॉलेज स्तर पर दिया जाता है।

10 से 20 वर्ष के खिलाड़ी ले सकते हैं भाग

कैंप में 10 से 20 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां हिस्सा ले सकते हैं। आयोजकों के अनुसार, यह पहल उन खिलाड़ियों के लिए खास है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल को निखारना चाहते हैं।

खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

कैंप में प्रतिभागियों को एलीट कोचिंग के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी मैच प्ले, गेम सिचुएशन अभ्यास, फिजियोथेरेपी, पोषण मार्गदर्शन और प्रदर्शन विश्लेषण जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही सभी खिलाड़ियों को आधिकारिक व इअ जर्सी और प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।
आयोजकों का मानना है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय कैंप भारतीय बास्केटबॉल को वैश्विक मंच से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएंगे और खिलाड़ियों को विदेश जाए बिना ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे।

बीटा-2 पुलिस ने तीन चोर दबोचे, RRU उपकरण व बाइक बरामद

समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडा, 18 अप्रैल 2026। नोएडा के थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदातों में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को यथार्थ गोलचक्कर के पास से पकड़ा गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रविन्द्र पुत्र शेर सिंह, राहुल पुत्र विकास और प्रवीन पुत्र श्रीचन्द्र के रूप में हुई है, जो सभी कासना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का एक RRU उपकरण, एक मोटरसाइकिल तथा तीन अवैध चाकू बरामद किए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे पहले रेकी करते थे और फिर मोबाइल टावरों से फ्लैश उपकरण तथा मोटरसाइकिल चोरी करते थे। पकड़े जाने के डर से वे अपने पास चाकू भी रखते थे। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि करीब 4-5 दिन पहले कासना क्षेत्र से फ्लैश उपकरण चोरी किया गया था, जबकि बरामद मोटरसाइकिल लगभग एक वर्ष पूर्व सूरजपुर क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस से बचने के लिए बाइक की नंबर प्लेट हटा दी गई थी। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में सूरजपुर थाने में धारा 303(2) बीएनएस के तहत पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, तीनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है और विभिन्न थाना क्षेत्रों में इनके खिलाफ कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

संतुष्टि सेवा फाउंडेशन का भव्य सम्मान समारोह, संजय बाली का हुआ अभिनंदन

समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडा, 18 अप्रैल 2026। नोएडा के सेक्टर-45 स्थित "Wok Dish Way" रेस्टोरेंट में संतुष्टि सेवा फाउंडेशन द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन के सचिव हर्षल पोरवाल एवं चित्रांश पोरवाल द्वारा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपलक्ष में किया गया।
इस अवसर पर अम्रपाली सफायर, सेक्टर-45 मार्केट के व्यापारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए संजय बाली को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपस्थित व्यापारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के व्यापारिक और सामाजिक कार्यों को नई दिशा मिलेगी।
कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के साथ विशेष संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए जनहितकारी बिल के समर्थन में अपने विचार रखे और विपक्ष के रुख पर असहमति व्यक्त की। साथ ही उन्होंने जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया।
इस मौके पर फाउंडेशन एवं मार्केट एसोसिएशन द्वारा डॉ. महेश शर्मा और पंकज सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही संजय बाली के सफल और जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।
कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन पोरवाल, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पोरवाल, संरक्षक सुधीर चंद्र पोरवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं व्यापारी मौजूद रहे।

बिना विनियमन शुल्क चल रहे ईट भट्ठे पर कार्रवाई, जेसीबी व गारा मशीन सीज

दैनिक समाज जागरण

संभल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर स्थित एएनएम ब्रिक वर्क ईंट भट्ठे पर प्रशासन ने शनिवार को सख्त कार्रवाई की। 18 अप्रैल 2026 को बिना विनियमन शुल्क जमा किए संचालित किए जा रहे भट्ठे पर छापेमारी करते हुए टीम ने मौके से जेसीबी, ट्रैक्टर और गारा मशीन को पकड़ लिया।

खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने बताया कि भट्ठा स्वामी हाजी जमील निवासी असगरीपुर द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए भट्ठा संचालित किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी, ट्रैक्टर व गारा मशीन को जब्त कर थाना असमोली की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई जारी है।

खनन निरीक्षक ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। शिकायतों के आधार पर क्रमवार कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध खनन या नियमों के विरुद्ध गतिविधियां दिखाई दें तो तुरंत सूचना दें, ताकि संबंधित के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जा सके।

आंधी में गिरी छत, 10 साल की बच्ची की मौत

पड़ोसी की दीवार ढहने से हुआ हादसा, माता-पिता समेत चार घायल

दैनिक समाज जागरण

असमोली। जनपद संभल के थाना ऐचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव भटपुरा में शुक्रवार रात आई तेज आंधी एक परिवार पर कहर बनकर टूटी। पड़ोसी की दीवार गिरने से एक मकान की छत ढह गई, जिसमें 10 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि माता-पिता समेत चार लोग घायल हो गए।

हादसे में मृत बच्ची की पहचान शीशपाल की पुत्री प्रियांशी (10) के रूप में हुई है। बताया गया कि शुक्रवार रात तेज आंधी के दौरान पड़ोसी की दीवार शीशपाल के मकान पर आ गिरी, जिससे घर की छत अचानक ढह गई।

इस दुर्घटना में शीशपाल, उनकी पत्नी ममता, जितेंद्र की पत्नी ज्योति और टैनी की पत्नी मुन्नी देवी घायल हो गईं। सभी घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मध्यरात्रि करीब 1:30 बजे प्रियांशी ने दम तोड़ दिया।

परिवार के सदस्य बच्ची के शव को घर ले आए। प्रियांशी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी, उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे घटना की सूचना तहसील प्रशासन को मिली, जिसके बाद दोपहर 12 बजे नायब तहसीलदार अरविंद कुमार गांव पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। हालांकि, परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार ने बताया कि रात में तेज आंधी के कारण शीशपाल के मकान की छत गिरी जिसमें उनके चार लोग घायल हो गए एक 10 वर्षीय बच्ची की मौत हुई है शासन के निदेर्शों के अनुसार पीड़ित परिवार को मदद दिलाई जाएगी।

खर्च के लिए पैसे मांगने पर पति ने पत्नी को पीटा, जान से मारने की धमकी

दैनिक समाज जागरण

सम्भल। थाना असमोली क्षेत्र के गांव भूड़ा बेगमपुर में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति पर शराब के नशे में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

गांव भूड़ा बेगमपुर निवासी अंशु देवी पत्नी गौतम के अनुसार, उसका पति गौतम आए दिन शराब पीकर उसके साथ गाली-गलौज करता है और घर खर्च के लिए पैसे भी नहीं देता। जब भी वह खर्च के लिए पैसे मांगती है, तो उसके साथ मारपीट की जाती है।

पीड़िता का आरोप है कि उसके पति का साथी त्रिपाल भी उसे उकसाता है। 17 अप्रैल 2026 को भी पति ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना से परेशान होकर पीड़िता थाना असमोली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी का कहना है पीड़िता कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 88 प्रकरणों की सुनवाई, 4 परिवारों में हुआ पुनर्मिलन

समाज जागरण बहजोई (संभल)

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन, मंडी समिति स्थित महिला थाना बहजोई में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को परामर्शदाताओं के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। कुल 88 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही 4 परिवारों को पुनः एक साथ मिलाया गया।

इसके अतिरिक्त 4 प्रकरणों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई, जबकि 15 प्रकरण आवेदकों द्वारा रुचि न लेने के कारण बंद कर दिए गए।

इस अवसर पर परामर्शदाता अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्या, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी सहित पुलिस कर्मियों में आरक्षी शहजाद मलिक, महिला प्रधान आरक्षी रश्मि गहलौत एवं महिला आरक्षी ज्योति आदि उपस्थित रहे।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पारिवारिक विवादों को आपसी समझ और संवाद के जरिए सुलझाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे परिवारों में सौहार्द बना रहे।

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रयत्न की पहल, अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से किया संवाद

समाज जागरण बहजोई (संभल)

अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद संभल में बाल विवाह की रोकथाम के उद्देश्य से नागरिक समाज संगठन ह्यप्रयत्नह्व की पहल पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सतर्कता, निगरानी तथा प्रभावी उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें वे बच्चे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वयं सूचना देकर अपना बाल विवाह रुकवाया था। ऐसे बच्चों को कार्यक्रम में सम्मानित कर समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर 100 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार, उप मुख्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी चंद्रपाल सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा एवं नूतन चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्यरत राष्ट्रीय स्तर के एक संगठन के दिल्ली मुख्यालय से जिंसी जॉन भी विशेष रूप से सम्मिलित हुईं।

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह की रोकथाम में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों से अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र समाधान एवं प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार ने बाल विवाह की रोकथाम में सभी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जो बच्चे स्वयं आगे आकर अपना विवाह रुकवा रहे हैं, वे समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है तथा इसे समाप्त करना प्रशासन एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने प्रयत्न जैसे संगठनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये संगठन प्रशासन के ह्लनेत्र एवं श्रवणह्व के रूप में कार्य कर रहे हैं और इन्हें उचित मान्यता मिलनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि प्रयत्न संगठन जनपद में बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। संगठन द्वारा अब तक हजारों लोगों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई जा चुकी है।

हाल ही में संगठन द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ अभियान भी संचालित किया गया, जिसके माध्यम से ग्राम-ग्राम जाकर जनजागरूकता फैलायी गई। इस रथ को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

यह पहल जनपद में बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

घरेलू विवाद में भाई-बहन व मां ने युवक को पीटा, पत्नी से भी मारपीट, जान से मारने की धमकी

दैनिक समाज जागरण

सम्भल। थाना असमोली क्षेत्र के गांव भैसोड़ा में घरेलू विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने ही भाई, बहन और मां पर लाठी-डंडों से हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

गांव भैसोड़ा निवासी धर्मेन्द्र पुत्र रामप्रसाद के अनुसार, शनिवार सुबह वह अपने घर पर मौजूद था। तभी उसका भाई तेजपाल, बहन पूजा और मां फूलवती आपसी कहासुनी को लेकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से धर्मेन्द्र की पिटाई कर दी।

पीड़ित का आरोप है कि बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी कुसुम को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट की गई। साथ ही पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई।

घटना के बाद पीड़ित ने थाना असमोली पहुंचकर तहरीर दी है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी मोहित चौधरी का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और शरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

गुन्नौर तहसील में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

समाज जागरण बहजोई (संभल)

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जनपद संभल की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील गुन्नौर के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ, जहां अधिकारियों ने उपस्थित शिकायतकताओं की समस्याएं सुनीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रार्थना-पत्र का गंभीरता एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है तथा समस्याओं का समाधान यथासंभव निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से चकबंदी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि काश्तकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका त्वरित समाधान किया जाए। अवैध कब्जा अथवा ठिया हटाने के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही राजस्व से संबंधित प्रकरणों, विरासत के मामलों तथा कुम्हारी कला से जुड़े मामलों के निस्तारण हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। ग्रामवार कब्जा सूची तैयार करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उपजिलाधिकारी गुन्नौर विकासचंद, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की गई, जिससे आमजन को राहत मिलने की अपेक्षा है।

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर जगजननी मातृशक्ति को किया सम्मानित

समाज जागरण

चंदौसी। ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में स्टेशन रोड स्थित नगर चंदौसी के सुप्रसिद्ध स्कूल ए बी सी मांटेसरी स्कूल में श्री परशुराम भगवान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभा संयोजिका संगीता भार्गव और जिला अध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा श्री परशुराम भगवान जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र उच्चारण किया गया। वंशिका भारद्वाज ने सरस्वती वंदना कर प्रस्तुति दी। जिलाध्यक्ष रंजना

शर्मा ने बताया कि श्री परशुराम भगवान श्री विष्णु भगवान के छठे अवतार है और मान्यताओं के अनुसार वो अजर ओर अमर है।अपने साहस ओर शोर्य के लिए जाने जाते है। ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी जिला संभल के पदाधिकारी कई वर्षों से लगातार भगवान श्री परशुराम बाबा का जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित करते आ रहे हैं और साथ ही इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी करते है। इस वर्ष श्री परशुराम भगवान जी के जन्मोत्सव पर जगजननी हमारी मातृशक्ति को सम्मानित किया जा रहा है। जिस आयु में महिलाएं आराम करती हैं उस आयु में हमारी मातृ शक्ति के रूप में सामाजिक कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दें रही उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, सुमन मिश्रा, आशा सारस्वत को ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी जिला की संयोजिका संगीता भार्गव और जिला अध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रस्तुति दे रहे प्रतिभाशाली बच्चों कु वंशिका भारद्वाज, कु वाणी शर्मा और महिलाओं में बबिता शर्मा, परवीन जी को स्मृति चिन्ह दिए गए। इस अवसर पर सुधा शर्मा, सुनीता शर्मा, शालिनी शर्मा, अंशु नागर, कुमकुम मिश्रा, सुरेखा नागर, अनीता शर्मा, सपना शर्मा, साधना पाठक, शिप्रा शर्मा, ममता नागर, प्रीति शर्मा, रिंकी शर्मा, मीना शर्मा, संध्या शर्मा, कमला शर्मा, स्वर्णलता दीक्षित, नीरू शर्मा, मधुबाला मिश्रा, अनामिका मिश्रा, रश्मि शर्मा, हिना शर्मा, गीता शर्मा, दीक्षा कौशिक, मधुबाला गौड़, कु अदिति मिश्रा सहित अन्य संस्थाओं से अतिथियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना शर्मा ने ओर संचालन आशा सारस्वत ने किया।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर मौत, दो गंभीर घायल

समाज जागरण

बबराला थाना क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाईवे पर गांव हीरापुर इटऊआ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई, भिंडत इतनी भीषण थी जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी अस्पताल भेज दिए। जबकि छतिग्रस्त बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। जबकि चिकित्सक ने एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर अलीगढ रेफर कर दिया।

जानकारी अनुसार एक बाइक पर सवार तेजपाल पुत्र मोहकम निवासी घोसली अनुरुद्ध थाना जुनाबई किसी काम से बबराला की ओर जा रहे थे। तभी बबराला की तरफ से आ रही दूसरे बाइक पर सवार राजेश पुत्र राम प्रकाश व दिनेश पुत्र डालचंद निवासी गढ़ थाना व गांव जरीफनगर जनपद बदायूं से जोरदार बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए।

जिसके बाद मौके पर सपा विधायक राम खिलाड़ी समेत लोगों भीड़ लग गई। एंबुलेंस के जरिए दोनों घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायल तेजपाल को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल राजेश की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि दिनेश को उपचार देकर घर भेज दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामभर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों में चीख पुकार मच गई। वही मृतक युवक पर चार बच्चे है।जिसमें दो बेटा दो बेटी है, पत्नी शकुंतला व माता शीला का रो-रोकर बुरा हाल है। वही मृतक तीनों भाईयों में सबसे छोटा है। थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया है की मृतक की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

चाहड़वाला आत्महत्या प्रकरण: पीड़ित परिवार से मिले देवेंद्र कश्यप आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। थाना मंडावर क्षेत्र के गांव चाहड़वाला में 12वीं कक्षा की एक छात्रा की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस प्रकरण को लेकर सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप शुक्रवार को गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि 16 मार्च 2026 को पीड़ित पिता ने थाना मंडावर में तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि डेबिलगढ़ निवासी एक युवक लगातार फोन कर छात्रा को परेशान और धमकाता था, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यधिक तनाव में थी। परिवार के अनुसार, शिकायत के बावजूद एक महीने तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। वहीं, थाना मंडावर में तैनात एक दरोगा पर भी परिवार ने गंभीर आरोप लगाए कि उन्होंने समझौते का दबाव बनाया और पैसों की पेशकश तक की। इस कथित बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का भी दावा किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए देवेंद्र कश्यप ने परिवार से पूरी जानकारी ली और कहा कि इस प्रकार की लापरवाही और दबाव की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

इधर, पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे मामले में आगे की कार्रवाई तेज होने की उम्मीद है। फिलहाल यह प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और परिजन निष्पक्ष न्याय की मांग कर रहे हैं।

स्मार्ट मीटर बने उपभोक्ताओं के लिए जी का जंजाल, विकल्प न मिलने से बढ़ी परेशानी

समाज जागरण ब्यूरो : शमीम सिद्दीकी बिजनौर (नगीना)

नगीना क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं के यहां लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। प्रीपेड अथवा पोस्टपेड का विकल्प उपलब्ध न होने तथा उपभोक्ताओं की सहमति के बिना प्रीपेड मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रीपेड मीटर में अग्रिम राशि समाप्त होने के तीन दिन बाद ही विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे उन्हें गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। वहीं प्रीपेड से पोस्टपेड व्यवस्था में परिवर्तन के लिए कोई आवेदन भी स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

विद्युत वितरण खंड नगीना के अधिशासी अभियंता पुष्पेश कुमार ने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा 1 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिसूचना में उपभोक्ताओं को प्रीपेड या पोस्टपेड का विकल्प देने का कोई प्रावधान नहीं है, न ही इस संबंध में विभाग को कोई अलग से निर्देश प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदलने अथवा मीटर लगाने से पहले उपभोक्ता की सहमति लेने संबंधी कोई व्यवस्था वर्तमान में लागू नहीं है।

इधर, उपभोक्ताओं द्वारा यह आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि मीटर लगाने वाले कर्मचारी व्यावसायिक उपभोक्ताओं से धन लेकर उन्हें समय दे रहे हैं, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं के यहां जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं और अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता ने कहा कि ऐसी शिकायतें उनके संज्ञान में नहीं हैं, परंतु यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अधिक बिलिंग की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जांच कराई जाएगी और यदि बिल अधिक पाया जाता है तो उसे उपभोक्ता के खाते में समायोजित किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता ने स्मार्ट मीटर को सुविधा बताते हुए कहा कि इससे आधुनिक तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं को सटीक गणना एवं पारदर्शी सेवा प्राप्त होगी। उपभोक्ता जितनी विद्युत ऊर्जा का उपयोग करेगा, उसे उतना ही बिल देना होगा। साथ ही उपभोक्ता अपनी खपत की जानकारी प्रतिदिन देख सकेगा और किसी प्रकार का छिपा हुआ शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रीपेड मीटर में राशि समाप्त होने के बावजूद रात्रि आठ बजे से प्रातः दस बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी तथा अवकाश के दिनों में भी कटौती से राहत दी जाएगी।

फिर भी, विकल्प के अभाव और जबरन लगाए जा रहे मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की चिंता बनी हुई है।

अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने बीआईटी कॉलेज स्थित प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण, प्रगणकों में दिखा उत्साह

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो : शमीम सिद्दीकी बिजनौर

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशन में जनपद बिजनौर की सभी तहसीलों एवं चार नगर निकाय क्षेत्रों में आयोजित तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरे एवं अंतिम दिन सफलतापूर्वक समापन हुआ।

अंतिम दिवस पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से कार्य करने की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही जनगणना कार्य को पूर्ण गोपनीयता, निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ संपन्न करने की शपथ भी दिलाई गई।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वीआईटी कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों में उत्साह एवं तत्परता का भाव देखा।

उन्होंने बताया कि आगामी जनगणना कार्य को शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से शासन की मंशा के अनुरूप जनपद की समस्त तहसीलों एवं नगर निकायों में कुल 38 प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

वान्या सिंह ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी कार्य है, जिसकी सफलता सटीक आंकड़ों पर निर्भर करती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया, तकनीकी पक्षों तथा मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से आंकड़ा संकलन में दक्ष बनाना है।

प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित तहसीलदारों एवं अधिशासी अधिकारियों ने मुख्य प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्हें निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर जानकारी संकलित करते समय आमजन से विनम्र व्यवहार करें तथा प्रत्येक प्रविष्टि को सावधानीपूर्वक दर्ज करें।

इस अवसर पर जिला प्रभारी जे.पी. यादव, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

गुलदार के पंजों के निशान मिलने से ग्रामीणों में दहशत

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर । शुक्रवार को मंडावर क्षेत्र के गांव सीमली में रहने वाले किसान जगदीश सैनी के खेत में गुलदार (तेंदुआ) के पंजों के निशान देखे गए। इसकी सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है ग्रामीणों का कहना है कि खेत में स्पष्ट रूप से बड़े पंजों के निशान मौजूद हैं, जो गुलदार के होने का संकेत देते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्राम प्रधान मोहिनुद्दीनपुर ने भी मौके का निरीक्षण किया और वन विभाग से तत्काल पिंजरा (ट्रैप) लगवाने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी घटना को रोका जा सके।वर्तमान में ग्रामीण सतर्कता बरत रहे हैं और खासकर बच्चों तथा महिलाओं को अकेले खेतों या जंगली इलाकों में जाने से मना किया जा रहा है।वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों की मांग है कि विभाग शीघ्र ही टीम भेजकर क्षेत्र का सर्वे करे और गुलदार को पकड़ने या उसे जंगल की ओर भगाने के लिए उचित कदम उठाए।यह घटना मंडावर क्षेत्र में वन्यजीवों के मानव बस्तियों के करीब आने की बढ़ती समस्या को एक बार फिर उजागर करती है।

चेकिंग के दौरान 10 लीटर कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर पटरी पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब

बरामद की है।शनिवार को पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी और बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में खंद्रावली चौकी प्रभारी विजेंद्र रावल अपनी पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे चेकिंग में पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुधीर पुत्र तीर सिंह निवासी ग्राम खन्द्रावली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार ने बताया कि शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

खाद संकटः सहकारी समिति पर किसानों का हंगामा

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

क्षेत्र के कस्बा एलम की सहकारी समिति पर खाद की किल्लत से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया न मिलने से नाराज दर्जनों किसानों ने समिति परिसर में

हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया।किसानों का कहना है कि भनेड़ा,नाला, कनियान समेत आसपास के कई गांवों के किसान इसी समिति पर खाद के लिए निर्भर हैं। बावजूद इसके, उन्हें बार-बार चक्कर काटने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे खेती-किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं और फसलों पर संकट गहराने लगा है।प्रदर्शन कर रहे किसानों में आशीष, मोनू, शिवकुमार, राहुल, निशु सहित कई अन्य शामिल रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि समय पर खाद न मिलने से बुवाई और फसल की देखभाल प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समिति पर खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और खेती का काम समय पर पूरा हो सके।

स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू आजाद ने दी धरने की चेतावनी

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच भारतीय किसान यूनियन (आजाद) ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी शाहरुख ने सोमवार को नगर के बिजलीघर पर धरना देने की चेतावनी दी है। उन्होंने एक अपना वीडियो वायरल किया है वीडियो संदेश में उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं की बिजली काट रहा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली बिल कई गुना तक बढ़कर आ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में रोष है।चौधरी

शाहरुख ने कहा कि यदि विभाग की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सोमवार को बिजलीघर पहुंचकर धरने को सफल बनाने की अपील की है।इस चेतावनी के बाद विद्युत विभाग में भी हलचल मच गई है। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या रुख अपनाता है।

मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना। मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के मोहल्ला दरबारकलां निवासी विकास सैन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि 15 अप्रैल को वह पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने दुकान पर बैठा था, तभी मोहल्ले का ही आशु अपने एक अज्ञात साथी के साथ वहां पहुंचा और बातों में उलझाकर मोबाइल चोरी कर लिया। घटना में आरोपी आशु को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

लायंस क्लब ने की छात्राओं को साइकिल वितरित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। लायंस क्लब शामली उज्ज्वल द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, राजीव संगल, नन्द कुमार कंसल, क्लब अध्यक्ष कमल गोयल और प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने किया। इस दौरान छात्रा वन्दना, दिव्या, वंशिका पाल, रीता, सानवी को साइकिलें वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करने में वे हमेशा उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने कार्यक्षेत्र का चयन सही तरीके से करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अनिल कश्यप, सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, फूलकुमार, प्रसून भार्गव, राहुल संगल, साकेत निर्वाल, अश्विनी, छवि शर्मा, ज्योति तायल मौजूद रहे।

रिक्शा चालक पर चाकू से वार आरोपी को लोगों ने दबोचा

समाज जागरण

कांधला। कस्बे में एक रिक्शा चालक पर सवारी बनकर बैठे युवक ने चाकू से चालक पर हमला कर दिया। हमले में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती हमजा कॉलोनी निवासी सफीक पुत्र सुबराती ने बताया कि वह रोजाना अपनी रिक्शा लेकर रोजी-रोटी के लिए निकला था। दिल्ली रोड के पास उसे एक सवारी मिली, जिसे कैराना रोड की ओर जाना था। इसी दौरान रास्ते में सलेमपुर रोड जाने के लिए एक

अन्य युवक इकराम पुत्र यामीन ने भी उससे बात की। किराए के रूप में 20 रुपये तय होने पर युवक रिक्शा में बैठ गया।आरोप है कि कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद युवक ने पैसे देने के बहाने एक फल विक्रेता की दुकान से चाकू उठा लिया और अचानक वार कर दिया। आरोपी ने उस पर तीन-चार वार किए और जान से मारने की धमकी दी जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आसपास मौजूद लोगों और अन्य रिक्शा चालकों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए चिकित्सकों में प्राथमिक उपचार का जिला अस्पताल कर किया है। दूसरी और कस्बे के मोहल्ला खेल में मजदूरी के रूपए लेने गए युवक नदीम ने तीन लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है।

आईएपीएम में वरिष्ठ पत्रकार चौधरी महताब शानू बने जिलाध्यक्ष

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस-एन-मीडियामैन (आईएपीएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी से दिल्ली स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान कैराना के वरिष्ठ पत्रकार चौधरी महताब शानू को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से क्षेत्र के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई।

मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी ने पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने चौधरी महताब शानू को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन

के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की अपेक्षा जताई।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी महताब शानू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन के हित में कार्य करेंगे तथा पत्रकारों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही शामली में बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों ने भी महताब शानू को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान अब्दुल सत्तार, सन्नी गर्ग, सलीम चौधरी, सालिम अंसारी, इरफान चौधरी, सुनील वर्मा, हरेंद्र मलिक, सादिक चौधरी, फुरकान जंग, आरिफ जंग, इस्तखार भाटी, सद्दाम राणा, इंशाद राणा, राजवीर चौधरी, तोसिफ चौधरी, आशु चौधरी और पप्पू चौधरी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

साहब मैं जिंदा हूं मृतक दर्शाकर काट दिया राशन कार्ड महिला ने लगाई गुहार

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को शहर के सरवरपीर कालोनी निवासी एक महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि जिला पूर्ति विभाग ने उसको मृतक दर्शाकर राशन कार्ड काट दिया है, जबकि वह जिंदा है। पीडित मृतक ने अधिकारियों से मामले में जांच कर राशन कार्ड बनवाये जाने की मांग की है।

जिला पूर्ति विभाग द्वारा इन दिनों बिना किसी जांच के गरीबों के राशन कार्ड काट दिए जा रहे है। जिससे गरीबों को दर दर की ठोकरे खानी पड रही

है। शनिवार को शहर के मोहल्ला सरवरपीर कालोनी निवासी आसमा पत्नी मुजम्मिल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि जिला पूर्ति विभाग ने उनकी सास का राशन कार्ड, उचित दर विक्रेता राजेश रानी के यहां प्रचलित था और उसमें आसमा की यूनिट भी शामिल थी। लेकिन पीडित की केवाईसी न होने के कारण उनकी यूनिट को मृतक के रूप में निरस्त कर दिया गया। आसमा ने अपनी शिकायत में बताया कि अब जब वह अपना अलग राशन कार्ड बनवाना चाहती हैं तो उन्हें यह संदेश मिलता है कि उनकी सास की मृत्यु के कारण उनका नाम डिलीट कर दिया गया है, जबकि वह जीवित हैं और अपना राशन कार्ड बनवाना चाहती हैं। पीडिता ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में शनिवार को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद, बृजेश कुमार, परितोष शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान परशुराम का जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि और उनकी पत्नी रेणुका से हुआ था। उनका जन्म वैशाख शुक्ल

तृतीया को हुआ था और वह विष्णु के छठे अवतार के रूप में प्रसिद्ध हैं। बताया कि भगवान परशुराम ने कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव से परशु नामक अस्त्र प्राप्त किया, जिससे उनका नाम परशुराम पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने शस्त्र विद्या के महान गुरु के रूप में भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण को शिक्षा दी। भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए आचार्य ने छात्रों को प्रेरित किया। मौके पर अरविन्द कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, नीटू कुमार, संजू कुमार, मधुबन, अशोक सोम, सोमदत्त, शुभम कुमार, भानू कुमार, हर्ष वत्स, पवन कुमार मौजूद रहे।

थानाभवन ईओ के खिलाफ विरोध, समाधान दिवस में शिकायत

समाज जागरण

शामली। (फुरकान जंग) शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान नगर पंचायत थानाभवन के नागरिकों ने अपनी आवाज उठाई और ईओ के खिलाफ जमकर विरोध जताया। कर निर्धारण में 200 गुणा तक की अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ दुकानदारों ने सीडीओ के समक्ष ऐसा कड़ा विरोध किया कि उन्होंने ईओ के पैर पकड़कर न्याय की फरियाद की।

शनिवार को नगर पंचायत थानाभवन के नागरिकों ललित कुमार, सचिन कुमार, शाकिर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ विनय कुमार तिवारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत थानाभवन के ईओ द्वारा मनमाने ढंग से स्वकर प्रणाली लागू कर दी गई है। तय की गई दरों की जो सार्वजनिक सूचना नगर पंचायत द्वारा दी गई है वह जानकारी आधी अधूरी है। कर दाताओं को अपने ऊपर निर्धारित होने वाले कर की सही जानकारी नही दी गई। निर्धारण कर प्रणाली में सामाजिक व कानूनी कर का लाभ नही दिया गया। उन्होने बताया कि जिन दुकानदारों का कर पहले 800 रुपए आता था वह अब बढकर 12500 रुपए हो गया है। सभी दुकानदारों के टैक्स 200 गुणा तक बढा दिए गए है। सीडीओ ने ईओ को मौके पर बुलाकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए, लेकिन ईओ शासनादेश का हवाला देने लगे तो दुकानदार तहसील सभागार में ही ईओ के पैर पकडकर और हाथ जोडकर कर निर्धारण प्रणाली में संसोधन की मांग करने लगे। जांच करने पर सीडीओ ने दोबारा स्वकर प्रणाली में संसोधन के लिए शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिये। साथ ही सीडीओ ने एडीएम राजस्व को मामले का संज्ञान लेकर निर्धारण कर जन मानस के लिए प्रकाशन न कराने पर कर दोबारा निर्धारित कराने के निर्देश दिए है।

डीएम ने किया सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का किया निरीक्षण

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में फाइलों के रखरखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यालय के कार्यों की सराहना की। साथ ही, कार्यालय में स्वच्छता, आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था और सैनिकों के कल्याण से संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान कहा कि भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों से संबंधित समस्याओं का तत्काल निवारण किया जाए और उनके कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह, कर्नल नरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

जलभराव की मार : चार माह के मासूम की मौत से मचा कोहराम

दो साल से बंद पड़ी निकासी, घुटनों तक पानी में शव ले जाने को मजबूर परिजन

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

विकास खंड क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत की बस्ती में जलभराव की समस्या बनी हुई है। शनिवार को चार माह के बच्चे की बीमारी से मौत हो गई। बस्ती में भरे पानी के बीच हालात इतने बदतर हैं कि एक मासूम का शव पानी से गुजरते हुए पैदल श्मशान घाट तक ले जाना पड़ा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बस्ती के लोगों ने समस्या के निस्तारण की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से बस्ती में पानी निकासी का रास्ता बंद पड़ा है शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कई बार तहसील दिवस और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद केवल औपचारिक

जांच हुई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार जलभराव के कारण बस्ती में संक्रामक बीमारियां फैल रही है, शनिवार को संजय के चार वर्षीय मासूम सागर बच्चे की मौत हो गई।जल भराव की समस्या का समाधान नहीं होने पर आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान की हठधर्मिता के कारण सरकारी व्यवस्था भी निष्प्रभावी साबित हो रही है। अब उनके सामने अपने घर छोड़कर कहीं और बसने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस दौरान चंद्रपाल, धर्मपाल, राजकुमार, संजय, सोनू, करण, पप्पू, सोहनवीर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से न्याय और जलनिकासी की समस्या के समाधान की मांग की। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि समस्या की शिकायत पूर्व में मिली थी तब नाले की खुदाई कर जल निकासी करा दी गई थी। पक्की सड़क व पक्का नाला निर्माण का प्रस्ताव भेज रखा है जल्दी निर्माण कार्य कराया जाएगा। किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी फैलने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है जानकारी कर कैंप लगाया जाएगा और दवाई वितरित कराई जाएगी।

पुलिस पर फायरिंग मामले में वांछित बदमाश गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग) लूट की योजना बनाने और पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को पुलिस ने तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया है।

छह फरवरी 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि बिना नंबर की स्विफ्ट कार में सवार बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की, तो बदमाशों ने

फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में जहांगीर व शाहरूख निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर गोली लगने से घायल हो गए थे, जिन्हें अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि उनका साथी मौके से फरार हो गया था। घटना में वांछित आरोपी वैसर निवासी गांव गढ़ी मियां थाना कांधला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से फायरिंग में प्रयुक्त अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

— 37 शिकायती पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण
— अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग) संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर 37 शिकायती पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया। अधिकारियों ने शेष शिकायती पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

शनिवार को तहसील में डीएम अरविंद चौहान की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

परिचय- कैराना तहसील में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी

किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जहां अवैध कब्जे आदि से संबंधित कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायती पत्रों को एक सप्ताह के भीतर समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम निधि भारद्वाज, सीओ हेमंत कुमार, तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव आदि मौजूद रहे।

बीएसएम स्कूल द्वारा कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल द्वारा कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।इस वर्ष के परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने बताया कि इस बार विद्यालय ने 100: परीक्षा परिणाम प्राप्त किया, जिसमें कुल 82 विद्यार्थियों में से 62 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इसके अलावा, 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 38 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 52 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक

अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी विद्यार्थियों ने बोर्ड की टॉपर सूची में भी अपना प्रभावशाली स्थान बनाया। टॉपर्स में इशांत शर्मा और केतन मलिक ने 97 प्रतिशत से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि खुशी ने 94 प्रतिशत, छवि ने 93 प्रतिशत, एलिश मलिक ने 92 प्रतिशत, मासूमा जयदी ने 91 प्रतिशत, और उर्वशी राठी एवं अग्रिम मलिक ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मैनेजर छाया सिंह और चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना का विकास भी करते हैं।

रालोद विधायक ने छात्राओं को किए पुरस्कार वितरित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

शनिवार को मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होने कहा कि सफलता केवल परिश्रम, अनुशासन और लगन से ही मिलती है। आप

सभी को अपनी मेहनत को निरंतर जारी रखना चाहिए और अपने विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से अपने भविष्य को संवारने के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन और प्रधानाचार्य डॉ. रुचिता ढाका ने मेधावी छात्राओं की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह सम्मान अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। समारोह के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्राऐं भी उपस्थित रही।

मनस्वी वशिष्ठ ने अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता मेंकिया प्रथम स्थान प्राप्त

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की कक्षा पंचम की छात्रा मनस्वी वशिष्ठ ने अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता हर वर्ष संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित की गई।

प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि मनस्वी वशिष्ठ ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट निबंध लिखकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस निबंध प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य

विद्यार्थियों में अपने विचारों को प्रकट करने का हौसला पैदा करना और उनकी लेखन क्षमता को प्रोत्साहित करना था। मनस्वी की इस सफलता ने विद्यालय में हर्ष का वातावरण बना दिया। मनस्वी को संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र से प्राप्त 501 रुपये मूल्य का उत्तम साहित्य और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चंचल गोयल, विवेक संगल, गौरव संगल, रविंद्र कुमार, आशीष जैन, शिवकुमार धीमान, प्रवेश शर्मा, सोमदत्त शर्मा, नूपुर वशिष्ठ, अंजली गुप्ता, स्वाति आर्य, रितु रुहेला आदि उपस्थित रहे।

पुतला दहन के दौरान जमकर हंगामा, बजरंग दल कार्यकताओं ने पुलिसकर्मी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

समाज जागरण

बागपत। लव जिहाद के विरोध में पुतला दहन के दौरान बजरंग दल कार्यकताओं और पुलिसकर्मी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कार्यकताओं ने पुलिसकर्मी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना के बाद दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगाकर कार्रवाई की मांग की गई। लव जिहाद के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब बजरंग दल के कार्यकताओं और एक पुलिसकर्मी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्साए कार्यकताओं ने पुलिसकर्मी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और उसका गला दबाने की भी कोशिश की। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

बताया जा रहा है कि यह घटना राष्ट्र वंदना चौक पर हुई, जहां बजरंग दल के कार्यकर्ता विरोध स्वरूप पुतला दहन कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक सादी वर्दी में पुलिसकर्मी ने पुतला छीनने का प्रयास किया, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई।

पुतला छीनने की कोशिश पर भड़के कार्यकर्ता

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक प्रदर्शन के दौरान सादी वर्दी में मौजूद पुलिसकर्मी ने पुतला कब्जे में लेने की कोशिश की। इस पर वहां मौजूद बजरंग दल कार्यकर्ता भड़क गए और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और कार्यकताओं ने पुलिसकर्मी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया।

दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर लगाया जाम

घटना के बाद नाराज बजरंग दल कार्यकताओं ने दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। कार्यकर्ता पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर बैठ गए, जिससे हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

ड्यूटी में लापरवाही पर सिपाही लाइन हाजिर

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। एसपी ने ड्यूटी के दौरान लापरवाही मानते हुए संबंधित सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तीर्थयात्री रवाना

यूपी सरकार की पहल, आस्था और संस्कृति का संगम

समाज जागरण

बागपत। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करने हेतु 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, बागपत जनपद से चयनित 9 तीर्थयात्रियों को कलेक्ट्रेट परिसर से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने हरी झंडी दिखाकर इन तीर्थयात्रियों को विदा किया। यह तीर्थयात्री लखनऊ से ट्रेन द्वारा गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां वे मंदिर का भ्रमण करेंगे और विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रदेश के प्रत्येक जनपद से चयनित तीर्थयात्रियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन हेतु भेजा जा रहा है। बागपत से 9 तीर्थयात्री और एक नोडल अधिकारी इस यात्रा में सम्मिलित हुए हैं।

सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने की दिशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल प्रदेशवासियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना तथा राष्ट्रीय एकता व गौरव की भावना को सुदृढ़ करना है। सोमनाथ मंदिर भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान रखता है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक है। इतिहास में अनेक आक्रमणों के बावजूद इसका बार-बार पुनर्निर्माण भारतीय समाज की अटूट श्रद्धा और दृढ़ता को दर्शाता है।

दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत बागपत जनपद के समस्त शिवालयों में भजन संध्या, कीर्तन, रुद्राभिषेक, महाआरती और दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, 19 अप्रैल को पक्का घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान और महाआरती का आयोजन भी प्रस्तावित है। शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यालयों में शिव पुराण पर आधारित चित्रकला, रंगोली, भाषण और काव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने तीर्थयात्रियों को डायरी और गमछा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके लिए सौभाग्य का अवसर है। यह सोमनाथ स्वाभिमान तीर्थ यात्रा 24 अप्रैल 2026 को वापस लौटेगी।

भाजपा ने सदैव बाबा साहेब के विचारों का सम्मान किया': नीरज शर्मा

बड़ौत में अंबेडकर जयंती पर गोष्ठी आयोजित, जिलाध्यक्ष बोले- संविधान देता है एकता का संदेश

समाज जागरण

बड़ौत। नगर में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में बड़ौत विधानसभा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा

ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान का सम्मान करती रही है, और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निमार्ता हैं। उनके द्वारा दिया गया संविधान आज भी हमें एकता, अखंडता और समरसता का मार्ग दिखाता है। संचालन कर रहे जिला मंत्री एवं जिला अभियान सह संयोजक दीपक भारती ने कहा कि बाबा साहेब किसी एक बिरादरी के अनुयाई नहीं हैं, उनका हर समाज में सम्मान किया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व जिला मंत्री कर्मवीर चौधरी, जिला महामंत्री अजय शर्मा, एडवोकेट अंकित लपराना, राजन जैन, एससी मोर्चा के जिला संयोजक आत्माराम मौर्य, नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा, दिनेश प्रधान, एससी मोर्चा जिला महामंत्री सतेन्द्र मौर्य, डॉ. श्रवण भारद्वाज, सुनील दीक्षित आदि मौजूद रहे।

एसएससी सीजीएल में आदेश तोमर का चयन, सीबीआई में बने उपनिरीक्षक

बिजरौल रोड निवासी की सफलता पर क्षेत्र में खुशी, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ने किया सम्मान

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के बिजरौल रोड निवासी आदेश तोमर ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में उपनिरीक्षक पद प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। आदेश तोमर के सीबीआई में उपनिरीक्षक पद पर चयन की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और

शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों का उनके घर बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मास्टर राजीव तोमर ने अपने निवास पर आदेश तोमर का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने आदेश तोमर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदेश की मेहनत और लगन युवाओं के लिए प्रेरणा है।

डीएसएसएसबी परीक्षा में रसायन विज्ञान में देश में प्रथम आई पूर्णिमा, ग्वालीखेडा में जश्न का माहौल

- दिल्ली निवासी पूर्णिमा ने रचा इतिहास, प्रवक्ता पद पर हुईं चयनित
- ननिहाल ग्वालीखेडा में बंटी मिठाई, नाना वेदप्रकाश शर्मा को दी बधाई

समाज जागरण

बागपत। दिल्ली निवासी पूर्णिमा कौशिक ने डीएसएसएसबी की परीक्षा में रसायन विज्ञान विषय में पूरे भारत में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूर्णिमा के

प्रवक्ता पद पर चयनित होने की खबर मिलते ही उनके ननिहाल ग्वालीखेडा में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने उनके नाना समाजसेवी वेदप्रकाश शर्मा को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नाना वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि पूर्णिमा बचपन से ही होनहार रही है। उनकी माता प्रतिभा कौशिक व पिता श्रीकांत कौशिक हमेशा उसे शिक्षा के लिए प्रेरित करते थे। उसने अपने माता-पिता के साथ-साथ हम सबका नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेडा बागपत के प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री व प्राचार्य डॉ. राजीव गुप्ता पुट्टी ने परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बेटी के ग्वालीखेडा आने पर कॉलेज में सम्मानित किया जाएगा।

भाजपा महिला आरक्षण बिल पर जनता को कर रही गुमराह': कांग्रेस

बड़ौत में कांग्रेस की बैठक, शहर अध्यक्ष बोले- 2023 में ही पारित हो चुका है मूल कानून

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के दिल्ली बस स्टैंड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी बड़ौत अध्यक्ष रामहरि पंवार ने

भाजपा पर महिला आरक्षण बिल को लेकर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया। रामहरि पंवार ने कहा कि लोकसभा में पेश तथाकथित महिला आरक्षण संशोधन बिल को लेकर भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण का मूल कानून 2023 में ही पारित हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की जनता को भ्रमित व गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि यह नया बिल आरक्षण लागू करने के बजाय सीटें बढ़ाने से जुड़ा था, जिसका औचित्य स्पष्ट नहीं किया गया। कांग्रेस ने सिर्फ यही सवाल उठाया कि बिना ठोस आधार के सीटें बढ़ाने की जरूरत क्या है, जबकि वर्तमान सीटों पर ही 33% आरक्षण लागू किया जा सकता है। शहर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जनता, खासकर महिलाओं को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। कांग्रेस गलत नीतियों का विरोध करती आई है और आगे भी करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक महिला सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इस अवसर पर बिजेन्द्र शर्मा, औमबीर दुहण, डा. सुभाष शर्मा, सतेन्द्र, पप्पू, विनित, फारूख, पंकज, औकार दत्त आदि उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प एवं आभार समारोह का हुआ भव्य आयोजन

समाज जागरण

बागपत। नवनिर्वाचित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर कमेटी खेकड़ा के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ जैन धर्मशाला, छोटा बाजार खेकड़ा में सेवा संकल्प एवं आभार समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। नवनिर्वाचित कमेटी के समस्त पदाधिकारियों ने मंदिर जी की सेवा, समाज उत्थान एवं धार्मिक गतिविधियों को गति देने का संकल्प लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष बागपत एवं सुनील धामा चेयरमैन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभा का संचालन खेकड़ा जैन समाज के प्रधान नितिन जैन ने किया अतिथियों ने नवनिर्वाचित कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि जैन समाज हमेशा से सेवा, अहिंसा एवं परोपकार के मार्ग पर चला है। मंदिर कमेटी का यह संकल्प समाज को नई दिशा देगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण

जैन बलरामनगर अध्यक्ष बलरामनगर जैन समाज, विपिन जैन सराफ मेरठ राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष दिगंबर जैन महासमिति, शिखर चंद जैन अध्यक्ष बागपत जैन समाज, मुकेश जैन अध्यक्ष भगवान अजितनाथ मंदिर बड़ौत, अमित जैन टटीरी, अतुल जैन बड़ौत, त्रिलोक चंद जैन बड़ागांव एवं राजा जैन बागपत मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित कमेटी को शुभकामनाएं दी तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित कमेटी द्वारा पूर्व पदाधिकारियों एवं समाज के सहयोगियों का शाल ओढ़ाकर एवं तिलक लगाकर आभार व्यक्त किया गया। कमेटी ने आगामी वर्ष में मंदिर जीर्णोद्धार, पाठशाला संचालन, चिकित्सा शिविर एवं साधर्मी वात्सल्य जैसे सेवा कार्यों का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में नगीन चंद जैन,राकेश जैन,अजेश जैन,प्रवीण जैन विनोद गुप्ता जितेन्द्र आडवाणी,नरेश शर्मा उमेश शर्मा ,जिनेश जैन,मनोज जैन,राजेश जैन,पुनीत जैन,अंकित जैन,सचिन जैन,विनय जैन,लक्ष्य जैन,यश जैन,संजय जैन,प्रेमचंद जैन, महेश जैन आदि खेकड़ा सहित बड़ौत, बागपत, टटीरी, बड़ागांव, बलरामनगर एवं मेरठ से पधारे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समारोह का समापन शांतिपाठ एवं स्वल्पाहार के साथ हुआ।

लखनऊ में आयोजित पोल्ट्री से प्रगति कार्यक्रम में बागपत के किसानों ने की शिरकत

पोल्ट्री फॉर्म को बढावा देने और आय बढानें के दिये टिप्स

समाज जागरण

चांदीनगर। लखनऊ के गोमती नगर में 15 से 16 अप्रेल को आयोजित पोल्ट्री से प्रगति कार्यक्रम में बागपत के किसानो ने भी हिस्सा लिया और वहा से आय बढानें के स्रोत देखकर वापस लौटे और एक अच्छा अनुभव बताया किसानों की आय बढाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है वही जहा किसानो को सब्सिडी के साथ नलकूप चलाने के लिए सोलर प्लांट दिये जा रहे है वही पोल्ट्री में भी किसानो की आय दोगनी कर पर भी बल दिया जा रहा 15 और 16 अप्रैल को लखनऊ के गोमती नगर में पोल्ट्री से प्रगति को लेकर एक कार्यक्रम रखा गया जिसमे

बागपत के रटौल के किसान हबीब खान भी वहा पहुंचे जहा से वापस लौटने के बाद उन्होंने बताया की वहा उन्होंने अंडे से बनने वाले अचार बनाना सीखा जिससे वह एक अलग व्यवसाय शुरू कर सकते है वही उन्होंने वहा बताया गया की पोल्ट्री फार्म मालिक मुर्गियों की बीट से सीएनजी गैस बनाकर भी बैक सकते जिसके लिए उन्हें प्लाट लगाना होगा उन्होंने बताया की किसानों को इस तरहा के कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए जिससे वह अपनी आय बढा सके।

छपरौली विधानसभा का महिला सम्मेलन संपन्न, 33% आरक्षण के लिए पीएम मोदी का जताया आभार

प्रभारी मंत्री जसवंत सैनी बोले- भाजपा ने बढ़ाया मातृशक्ति का सम्मान, बड़ी संख्या में जुटीं महिलाएं

समाज जागरण

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के दोघट स्थित श्री राम इंटर कॉलेज में छपरौली विधानसभा का महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। सम्मेलन में वक्ताओं ने 'नारी शक्ति वंदन अभियान' पर चर्चा की और महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देकर भाजपा ने मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाया है। यह कानून आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, मातृत्व वंदना योजना जैसी योजनाओं से महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हुई हैं।जसवंत सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं को उनके

अधिकारों के प्रति जागरूक करने का माध्यम है। माता और बहनों को अगर किसी ने सम्मान दिया है तो वह भाजपा सरकार ने दिया है। उनके सम्मान के लिए हमेशा सरकार ने काम किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह रमाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से गांव-गांव की बेटियों को पंचायत से लेकर संसद तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। छपरौली विधानसभा की महिलाएं भी विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी। भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कार्यक्रम में आए हुए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकरी नगर पंचायत अध्यक्षा सरिता राठी ने की, संयोजिका विशाखा रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लता सिसौदिया ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कौशल त्यागी, संजीव राठी, जिला महामंत्री अमित चौधरी, योगेश गुर्जर, मनजीत कौर, जिला मंत्री अंजू कश्यप, शिल्पी राणा, मिथलेश राजपूत, दीपा त्यागी, उपेन्द्र राठी, सचिन पंवार, आशिष चौधरी, विनोद देशवाल, सुन्दर धामा, ज्योति, राजीव तोमर, चांदनी दिक्षित, रेखा, मीनाक्षी सिसोदिया, रविन्द्र आर्य, राजगोपाल कश्यप, मनोज कश्यप आदि मौजूद रहे।

विश्व धरोहर केवल अतीत की निशानी नहीं, भविष्य की जिम्मेदारी है': डीएम अस्मिता लाल

जनता वैदिक कॉलेज में मनाया गया विश्व धरोहर दिवस, शास्त्रीय संगीत और हथकरघा वर्कशॉप का आयोजन

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में संस्कृतिक समिति द्वारा विश्व धरोहर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल ने किया। उन्होंने कहा कि विरासत स्थल हमारी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जिनका संरक्षण सम्पूर्ण मानव समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। डीएम अस्मिता लाल ने बताया कि यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त ये स्थल अपने ह्यअसाधारण सार्वभौमिक मूल्यह्न के कारण वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण माने जाते हैं। सन् 1972 में पारित विश्व धरोहर अभिसमय के अंतर्गत विभिन्न देशों को अपने-अपने महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान कर उन्हें संरक्षित करने का दायित्व सौंपा गया। कॉलेज के प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में विश्व भर में अनेक सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं मिश्रित धरोहर स्थल सूचीबद्ध हैं। भारत, जो अपनी

समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और प्राकृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, विश्व धरोहर स्थलों की सूची में प्रमुख स्थान रखता है। संस्कृतिक समिति की संयोजिका डा. गीता रानी ने कहा कि ताजमहल, कुतुब मीनार, अजंता-एलोरा गुफाएँ एवं सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल न केवल देश की पहचान हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का भी प्रमुख आकर्षण हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि बढ़ते शहरीकरण, प्रदूषण एवं अत्यधिक पर्यटन के कारण इन धरोहर स्थलों के संरक्षण में अनेक चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो इन अमूल्य धरोहरों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। वक्ताओं ने कहा कि आवश्यक है कि सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं आम नागरिक मिलकर इन स्थलों के संरक्षण हेतु जागरूकता बढ़ाएँ और ठोस प्रयास करें, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ भी इस अनमोल विरासत का लाभ उठा सकें। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत विरासत का प्रतीक है, जहां शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को बढ़ावा दिया जाता है। कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत, हथकरघा वर्कशॉप, मिट्टी के बर्तन और पत्थरों की नक्काशी आदि वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर स्मिथ, डा. नीलम राणा, डा. शिवपाल, डा. तारकेश्वर नाथ तिवारी, डा. प्रशांत मिश्रा, वनेला, खिलत, अंविता, चाँदनी, प्रिंस, दर्शिनी समेत साक्षी, वर्षा, नीतू, शुभम तोमर, पंकज तोमर, रजत, दानिश आदि छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य संदेश यह रहा कि विश्व धरोहर केवल अतीत की निशानी नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है।

आंधी-तूफान से सराय रोड पर गिरा पेड़, हादसे की आशंका

समाज जागरण

बड़ौत। सराय रोड स्थित सराय मोड़ पर जाने वाली सड़क पर इंडियन गैस एजेंसी के पास आंधी-तूफान के चलते एक पेड़ टूटकर गिर गया। इससे रास्ता बाधित हो गया है और हादसे की आशंका बढ़ गई है। जनता ने वन विभाग के अधिकारियों से तुरंत संज्ञान लेने का आह्वान किया है। किसान मजदूर संगठन के युवा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने वन विभाग के अधिकारी को फोन कर बताया कि अगर समय रहते इस पेड़ को रास्ते से नहीं हटाया गया तो रात में कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि रात में इस रोड से काफी संख्या में वाहन गुजरते हैं। अंधेरे में कम रोशनी के चलते वाहन आपस में टकरा सकते हैं।आने-जाने वाले मुसाफिरों और स्थानीय लोगों ने भी वन विभाग से पेड़ को तुरंत हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग को इस पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि कोई जनहानि न हो।

विहिप-बजरंग दल ने लव जिहाद के खिलाफ फूंका पुतला, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

दिल्ली बस स्टैंड पर आधा घंटा लगाया जाम, एसडीएम को ज्ञापन देकर की कठोर कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने लव जिहाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ता जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में तहसील परिसर पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देश में बढ़ रही विकृत मानसिकता, अवैध कब्जे एवं सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। राष्ट्रपति से मांग की गई

कि लव जिहाद करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।नितिन गोस्वामी ने कहा कि हाल ही में नासिक में टीसीएस जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुए प्रकरणों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने हिंदू कन्याओं के शारीरिक शोषण पर रोक लगाने की भी मांग की।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उत्तर प्रदेश के छंगुर उर्फ जमालुद्दीन और उसकी सहयोगी महिला नसरीन ने हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण कर ब्लैकमेल और जबरन धर्मांतरण कराया है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सड़कों पर आंदोलन करता रहेगा। इस मौके पर कार्यकताओं ने दिल्ली बस स्टैंड पर नारेबाजी करते हुए आधा घंटा हाईवे पर जाम लगाकर मानव श्रृंखला बनाई और नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी दिल्ली बस स्टैंड पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहा। प्रदर्शन में जितेंद्र स्वामी, बली स्वामी, प्रवीण कुमार, गौरव कुमार, अनुज कुमार, तुषार, रवि शास्त्री, मोनू गोयल, सागर कश्यप समेत भारी संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मजदूरों ने अपनी मजदरी बढ़ाने के लिए रोष व्यक्त किया

समाज जागरण

कालांवाली 18 अप्रैल 2026 (सुरेश जोरासिया) कालांवाली में औढ़ां रोड़ पर स्थित अतिरिक्त अनाज में गेंहू कि आवक जोरो पर हो रही है। किसानों के द्वारा गेंहू कि फसल खेतों से सीधे किसान अनाज मंड़ी में ला रहें है। अनाज मंड़ी में गेंहू कि फसल को बेचकर किसानों के चेहरे खिले हुऐ। जहां पर किसानों के चेहरे खिले हुऐ है वहीं मजदूरों के चेहरे मुरझाऐ हुऐ है। मजदूरों ने आज अपने मन में दबे हुऐ दर्द को लेकर मीडिया के सम्मुख रोष व्यक्त किया पूर्व प्रधान सुखदेव सिंह ने बताया कि हर वर्ष कि तरह मजदूरों कि मजदूरी बढ़कर आती है। इस बार हरियाणा सरकार के द्वारा मजदूरी 14रूप्ये 29 पैसे है। व्यापारी आई फार्म में मजदूरी लगाकर साथ भेजते है, जिससे किसान व व्यापारी की

राशी उनके बैंक में आ जाती है। जो मजदूर मंड़ी में मजदूरी करता है उसकी मजदूरी उसके बैंक खाते में सीधी आऐ बीच में कोई कटौती ना हो और पारदीर्ता बनी रहे। पूर्व प्रधान ने आरोप लगाते हुऐ कहा कि मजदूरों की मजदूरी कम दी जाती है जिससे मजदूरों का आर्थिक शोषन हो रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि हमें पूरी मजदूरी दी जाए।

मार्किट कमेटी सचिव वर्जनः- इस बारे में जब मार्किट कमेटी सचिव से सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में यह वाक्या आया है मजदूरी को बढाने के लिए उपमंडल अधिकारी एवं उच्च अधिकारीयों के ध्यानार्थ किया गया है और दो दिन समय दिया गया है जल्द ही समस्या को हल करने का प्रयास किया जाऐगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुखदेव सिंह व मंड़ी मजदूर उपस्थिति रहे।

नरेश गर्ग जैन अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष बने

समाज जागरण

कालांवाली, 18 अप्रैल(सुरेश जोरासिया) कालांवाली के प्रतिष्ठित समाजसेवी नरेश गर्ग जैन को अखिल भारतीय सेवा संघ का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा इसे कालांवाली शाखा के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह जिम्मेदारी उन्हें प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र सेतिया द्वारा सौंपी गई।

यह जानकारी देते हुए कालांवाली शाखा के प्रधान डॉ. राजेश दीप गोयल ने बताया कि हाल ही में हिसार में आयोजित प्रांतीय बैठक के दौरान नरेश गर्ग जैन को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न केवल श्री गर्ग के सामाजिक कार्यों की पहचान है, बल्कि कालांवाली शाखा के लिए भी सम्मान की बात है।

नरेश गर्ग जैन ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र गोयल, राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र गर्ग, प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र सेतिया, प्रांतीय महासचिव आकाश सेन तथा पूरी कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज सेवा के कार्यों को और गति देने का प्रयास करेंगे।

डॉ. राजेश दीप गोयल ने विश्वास जताया कि श्री गर्ग के नेतृत्व और अनुभव से संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा सामाजिक कार्यों में तेजी आएगी। वहीं कालांवाली शाखा के सचिव प्रदीप गुप्ता वह कोषाध्यक्ष हर विलास राय कुकू ने भी इसे शाखा के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि नरेश गर्ग की नियुक्ति से स्थानीय इकाई को नई पहचान मिलेगी।

समाज के विभिन्न वर्गों और संगठन पदाधिकारियों ने नरेश गर्ग जैन को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके मार्गदर्शन में सेवा संघ समाज हित में और अधिक प्रभावी कार्य करेगा। उनकी नियुक्ति को सामाजिक क्षेत्र में कालांवाली की बढ़ती सक्रियता और सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।

महिलाओं के 33% आरक्षण का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण : महेश आजाद

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए #नारीशक्तिवंदन्अधिनियम के लिए आवश्यक संविधान संशोधन बिल का कांग्रेस पार्टी ,तृणमूल कांग्रेस, डी एम के तथा समाजवादी पार्टी द्वारा विरोध करना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

जारी एक बयान में महेश आजाद, मंडल महामंत्री ने कहा कि देश की महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए लाया गया यह ऐतिहासिक कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे समय में विपक्षी दलों द्वारा इस महत्वपूर्ण बिल का विरोध करना उनकी महिला-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना समय की मांग है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का यह निर्णय देश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। महेश आजाद, मंडल महामंत्री ने आगे कहा कि महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वाले इन विपक्षी दलों को देश की जागरूक मातृशक्ति आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से जरूर सबक सिखाएगी।

जैतो पुलिस ने माँ-बेटे द्वारा चलाए जा रहे नशा रैकेट का भंडाफोड़ किया, नशीली गोलियाँ बरामद

(समाज जागरण
चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,18 अप्रैल :डॉ.प्रज्ञा जैन,एस.एस.पी. फरीदकोट के निर्देश पर, फरीदकोट जिले में चल रहे नशा-विरोधी अभियान 'युद्ध दर्पणों अगेंस्ट ड्रग्स' के तहत नशा तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में, श्री जोगेश्वर सिंह गोराया, एसपी(जांच) फरीदकोट के नेतृत्व और श्री इकबाल सिंह, डीएसपी (उप-मंडल) जैतो के मार्गदर्शन में, जैतो पुलिस स्टेशन को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माँ और बेटे द्वारा मिलकर चलाए जा रहे नशा तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए, 60 नशीली गोलियों के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए कथित आरोपियों की पहचान लखवीर सिंह उर्फ लकी और उसकी माँ जसवीर कौर वाजो के रूप में हुई है, जो टिब्बी साहिब रोड, जैतो के निवासी हैं। आरोपियों से बरामद नशीली गोलियों के साथ-साथ, मौके पर मौजूद एक स्विफ्ट कार और 02 मोबाइल फोन भी पुलिस टीम द्वारा जब्त कर लिए गए हैं। इस कार्रवाई के विवरण के अनुसार, जैतो पुलिस स्टेशन के मुख्य अधिकारी इंस्पेक्टर नवप्रीत सिंह की देखरेख में, 17 अप्रैल को सहायक रलड हरपाल सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त और चेकिंग के सिलसिले में डबरीखाना लिंक रोड, ब्रिज ड्रेन

जैतो पर नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान, डबरीखाना की तरफ से एक स्विफ्ट गाड़ी आती हुई दिखाई दी, जिसमें लखवीर सिंह उर्फ लकी और जसवीर कौर सवार थे। बिना किसी शक के गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी लेने पर, कार के अंदर से 60 नशीली गोलियाँ बरामद हुईं। इस संबंध में, जैतो पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22/61/85 के तहत, केस नंबर 87 (दिनांक 17.04.2026) दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि आरोपियों से बरामद की गई नशीली गोलियों को आगे कहीं और सप्लाई किया जाना था। फरीदकोट पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करके रिमांड हासिल कर रही है, ताकि उनके पिछले और अगले संपर्कों की विस्तृत जांच की जा सके। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि नशीले पदार्थों की खेप किससे लाई गई थी और उन्हें आगे कहाँ से सप्लाई की जानी थी। यहाँ यह भी ध्यान देने योग्य है कि जब आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया, तो यह सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी लखवीर सिंह उर्फ लकी के खिलाफ जैते पुलिस स्टेशन में हेरोइन की तस्करी से संबंधित ठउढर की धारा 21/61/85 के तहत दिनांक 04.02.2018 को केस नंबर 14 दर्ज किया गया था। फरीदकोट पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों को जड़ से खत्म करने के लिए एक जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। नशीले पदार्थों के तस्करों की गिरफ्तारी के अलावा, उनके पीछे काम कर रहे नेटवर्क की भी गहनता से जांच की जा रही है। जनता से अपील की जाती है कि यदि उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है, तो वे फरीदकोट पुलिस को सूचित करें, ताकि नशीले पदार्थों को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उनका पूरी तरह सफाया किया जा सके।

उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेका

एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने श्री दरबार साहिब के सूचना सैंटर में सम्मानित किया गया

(पंजाब अमृतसर रघुनंदन पराशर/
समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

अमृतसर, 18 अप्रैल : उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनैंट जनरल (रिटायर्ड) गुरमीत सिंह ने आज सचखंड श्री हरिमंदिर मंदिर साहिब में माथा टेका और गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा जाहिर की। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने श्री दरबार साहिब के सूचना सैंट में गुरमीत सिंह का स्वागत किया और उन्हें सिरोपा, श्री दरबार साहिब का सुनहरी मॉडल और धार्मिक किताबें देकर सम्मानित किया। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने कहा कि सचखंड श्री हरिमंदिर मंदिर साहिब पूरी मानवता की आस्था का केंद्र है, जहां हर दिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकते हैं। उन्होंने कहा कि हर सिख गुरु साहिब को उनकी कामयाबियों के लिए शुक्रिया अदा करने के लिए इस पवित्र जगह पर माथा टेकता है। आज उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह,जो अमृतसर जिले के रहने वाले हैं,

आज श्री दरबार साहिब में माथा टेकने पहुंचे। एडवोकेट धामी ने बताया कि राज्यपाल गुरमीत सिंह से उत्तराखंड में सिखों से जुड़े पवित्र स्थानों के बारे में भी बातचीत हुई, जिस पर उन्होंने पॉजिटिव जवाब दिया। इस दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि गुरु के आशीर्वाद से ही मुझे इस पवित्र स्थान पर आने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि यह वह जगह है जहां से पूरी मानवता को एकता का संदेश मिलता है। इस पवित्र स्थान पर आकर वह नई ऊर्जा महसूस करते है। उन्होंने उत्तराखंड और पूरे देश के लोगों के लिए गुरु पातशाह जी के चरणों में प्रार्थना की। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चीफ सैक्रेटरी कुलवंत सिंह मनन, ओ.एस.डी.सतबीर सिंह, सैक्रेटरी बलविंदर सिंह काहलवां,उप सैक्रेटरी हरभजन सिंह वक्ता, मैनेजर नरिंदर सिंह मथरेवाल, सूचना अधिकारी ऑफिसर अमृतपाल सिंह,राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ पहुंचे ए.डी.सी.अमित श्रीवास्तव, ए.आई.जी.जगजीत सिंह वालिया, ए.डी.सी.पी. हरपाल सिंह और अन्य मौजूद थे।

नंदग्राम में सूखा नशा और मासूम की मौत, अनदेखी, लापरवाही और अपराध की भयावह कड़ी

स्थानीय सामाजिक संगठन, विशेषकर हिंदू रक्षा दल (HRD) पिंकी भैया की पुकार

समाज जागरण

गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र से सामने आई एक हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है, जहां एक तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि उस गहरे और खतरनाक नेटवर्क की ओर इशारा करती है, जो लंबे समय से क्षेत्र में पनप रहा था और जिसे समय रहते रोकने में गंभीर चूक हुई। स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी और सामाजिक संगठनों के दावों के अनुसार, इस पूरे मामले की जड़ सूखा नशा यानी इंजेक्शन और दवाओं के दुरुपयोग से जुड़े अवैध कारोबार से जुड़ी हुई बताई जा रही है, जिसमें विशेष रूप से Avil जैसे इंजेक्शनों के गलत इस्तेमाल की बात सामने आ रही है।

घटना के बाद किए गए ग्राउंड निरीक्षण में जो तथ्य सामने आए, वे और भी चिंताजनक हैं। जिस स्थान पर मासूम का शव मिला, उसके आसपास बड़ी संख्या में इंजेक्शन की खाली बोतलें, नशे से संबंधित सामग्री और संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले। यह स्पष्ट करता है कि वह क्षेत्र पहले से ही नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका था। सवाल यह उठता है कि क्या स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस स्थिति की जानकारी नहीं थी, या फिर इसे जानबूझकर नजरअंदाज किया गया?

स्थानीय सामाजिक संगठन, विशेषकर हिंदू रक्षा दल (HRD) से जुड़े कार्यकताओं ओर संचालक पिंकी भैया का दावा है कि उन्होंने पहले भी कई बार नंदग्राम थाना और संबंधित चौकी को गुप्त सूचनाएं दी थीं कि क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है, लेकिन इन सूचनाओं को गंभीरता से नहीं ले लिया गया। आरोप यह भी है कि इन चेतावनियों को लगातार स्किप नजरअंदाज किया गया, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते गए और अंततः एक मासूम की जान चली गई। यदि ये आरोप सही हैं, तो यह केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि एक गंभीर विफलता है, जिसने एक जघन्य अपराध को जन्म दिया। घटना के बाद जिस तरह से राजनीतिक प्रतिक्रियाएं और दिखावटी सक्रियता सामने आई है, उस पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई लोग मानते हैं कि असली मुद्दा–नशे का फैलता नेटवर्क और उसकी जड़ें–को नजरअंदाज कर केवल घटनास्थल पर जाकर बयानबाजी करना समस्या का समाधान नहीं है। जरूरत इस बात की है कि यह समझा जाए कि आखिर ऐसी घटनाएं क्यों होती हैं और उनके पीछे कौन-सी सामाजिक और आपराधिक संरचनाएं काम कर रही हैं।

नंदग्राम की यह घटना यह भी दशार्ती है कि सूखा नशा अब केवल व्यक्तिगत लत का मामला नहीं रह गया, बल्कि यह अपराधों की एक श्रृंखला को जन्म दे रहा है–चोरी, हिंसा, दुष्कर्म और हत्या तक। जब नशा आसानी से उपलब्ध होता है और उस पर नियंत्रण नहीं होता, तो समाज के कमजोर वर्ग–विशेषकर बच्चे और महिलाएं–सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

इस पूरे मामले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारी कानून-व्यवस्था गुप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेने में विफल हो रही है? क्या स्थानीय स्तर पर निगरानी और कार्रवाई पर्याप्त है? और सबसे महत्वपूर्ण–क्या हम अपराध होने के बाद जागते रहेंगे, या उससे पहले ही उसकी जड़ को खत्म करने की कोशिश करेंगे?

नंदग्राम की यह दर्दनाक घटना केवल एक केस नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि यदि नशे के अवैध नेटवर्क पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे अपराध आगे भी होते रहेंगे। समाज, प्रशासन और जागरूक नागरिकों को मिलकर इस समस्या की जड़ तक पहुंचना होगा और उसे समाप्त करना होगा, ताकि भविष्य में किसी और मासूम को इस तरह की त्रासदी का शिकार न होना पड़े।

दिल्ली-एनसीआर में आतंकी साजिश का बड़ा खुलासा, लखनऊ एटीएस ने धर दबोचा–हिंदू रक्षा दल कार्यालय और मॉल को उड़ाने की थी योजना

रेकी, विदेशी संचालकों और डिजिटल धन लेन-देन का नेटवर्क उजागर–पिंकी भैया की पत्रकार वार्ता के बाद बयान से गरमाया माहौल

विशेष रिपोर्टः रविंद्र आर्य
लखनऊ/गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े आतंकी हमले की साजिश को सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते विफल कर दिया। सामने आई जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित हिंदू रक्षा दल के कार्यालय और एक व्यस्त मॉल को निशाना बनाकर विस्फोट और आगजनी की योजना तैयार की गई थी। इस साजिश का उद्देश्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में दहशत फैलाना और बड़े स्तर पर जनहानि करना बताया जा रहा है।

जांच में यह खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने पहले इन स्थानों की गहन रेकी की थी। उनके मोबाइल फोन से वीडियो, चित्र और संदेश बरामद हुए हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से स्थान, यातायात और आसपास की गतिविधियों को रिकॉर्ड कर आगे भेजा गया था।

पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की संयुक्त कार्रवाई में 2 अप्रैल को मेरठ निवासी साकिब, अरबाब, लोकेश और विकास को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे और उनके निदेर्शों के अनुसार कार्य कर रहे थे। जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपियों को विभिन्न शहरों में इसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने के निर्देश मिले थे। मोबाइल में प्राप्त ध्वनि अभिलेख और संदेश इस पूरे नेटवर्क की गहराई और संगठित स्वरूप को उजागर करते हैं।

सबसे चौंकाने वाला पहलू यह सामने आया कि जब आरोपियों ने लक्षित स्थानों की जानकारी अपने संचालकों को भेजी, तो इसके बदले उन्हें लगभग 13 हजार रुपये त्वरित भुगतान प्रणाली के माध्यम से स्थानांतरित किए गए। यह धन लेन-देन इस बात की पुष्टि करता है कि साजिश के पीछे एक सक्रिय और संगठित तंत्र कार्यरत था।

मेरी रेकी क्यों हुई?–पत्रकार वार्ता में प्रमुख का बयान

इस पूरे मामले के सामने आने के बाद आज हिंदू रक्षा दल के प्रमुख ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कई गंभीर दावे किए। उन्होंने कहा कि उनकी सामाजिक गतिविधियों और अभियानों के कारण वे निशाने पर आए हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि मेरी हत्या की साज़िश–और साथ ही मेरे खिलाफ की गई रेकी–के पीछे मुख्य मकसद ये हैंः मुसलमानों को मुख्यधारा में लाना; पूर्व मुसलमानों के साथ सहयोग करना

"लव जिहादियों" को पकड़वाने में मदद करना; बांग्लादेश से आने वाले प्रवासियों और म्यांमार वर्मा के रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर पाबंदी लगाने की वकालत करना; और अवैध रूप से कब्जाई गई जगहों, जैसे कि मजारों (दरगाहों) को वापस लेने की दिशा में काम करना। इसके अलावा, एक अहम मकसद यह भी रहा है कि "विपिन सिंह ड्रामा कंपनी" के जरिए नाटकों के माध्यम से–यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर–जिहादियों और हलाला की प्रथा को व्यापक मुस्लिम उम्माह (समुदाय) के सामने खुलकर बेनकाब किया जाए। और ऐसा क्यों न हो? मेरा मुख्य एजेंडा हिंदुओं में जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित रहा है–खास तौर पर आत्मरक्षा और सनातन धर्म की रक्षा के मकसद से तलवारें बांटने के कार्यक्रम आयोजित करके–और उन हिंदू पुरुषों और मुस्लिम महिलाओं के बीच सनातन विवाह करवाने में मदद करना, जो दमनकारी घरेलू माहौल, धार्मिक कट्टरपंथ, या रिश्तेदारों, मौलवियों (मौलाना) और धार्मिक छात्रों (तालिब्बे इल्म) द्वारा उत्पीड़न का शिकार हुई हैं। जो लोग इस्लामोफोबिया से पीड़ित हैं–खास तौर पर कट्टरपंथी मौलवी–वे सताई गई मुस्लिम महिलाओं के लिए सनातन विवाह करवाने में मेरी भूमिका से बेहद परेशान हैं; नतीजतन, वे मेरे खिलाफ रेकी करवाने के लिए हिंदू युवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, और इस तरह जुटाई गई खुफिया जानकारी बाद में पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी सरगनाओं तक पहुंचाई जा रही है। मानवता के इन दुश्मनों से लड़ना मेरा कर्तव्य है–एक ऐसा कर्तव्य जिसे मैंने लगातार निभाया है; उदाहरण के लिए, वाल्मीकि समुदाय को उपहार के तौर पर एक सूअर भेंट करने की सलाह देकर। इस सलाह को देने का यह सीधा-सा काम–कि पवित्र सूअर की पूजा भगवान विष्णु के अवतार वामन अवतारः के रूप में तीनों लोकों की रक्षा के लिए गए रूप में की पूजा की है जाये– इसलिए मेरे खिलाफ की गई रेकी की कार्रवाइयों के पीछे मुख्य वजह ये रही है।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी रेकी करवाने के पीछे संगठित विरोधी तत्व सक्रिय हैं, जो उनके अभियानों से असहज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे लंबे समय से विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर सक्रिय हैं और इसी कारण उन्हें लक्ष्य बनाया जा रहा है।

सामाजिक माध्यमों पर प्रतिक्रिया–समर्थन और प्रश्न दोनों

घटना के सामने आने के बाद सामाजिक माध्यमों पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ लोग इसे सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी सफलता और सतर्कता का परिणाम बता रहे हैं, वहीं कुछ इसे व्यापक सामाजिक और वैचारिक दृष्टिकोण से जोड़कर देख रहे हैं।

पिंकी भैया की सामाजिक माध्यम टीम ने भी इस घटना को लेकर एक संदेश साझा किया, जिसमें संगठन की सक्रियता और भूमिका को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। इससे यह विषय और अधिक चर्चा का केंद्र बन गया है।

सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

यह मामला केवल एक आतंकी साजिश का खुलासा नहीं है, बल्कि यह आधुनिक युग में फैलते संगठित नेटवर्क, विदेशी संपर्कों और आंतरिक सुरक्षा के समक्ष मौजूद चुनौतियों को भी उजागर करता है।

"बॉलीवुड और सांस्कृतिक नैरेटिव: आरोप, विवाद और बहस का नया दौर"

पिंकी भैया और वरिष्ठ अभिनेता प्रताप वर्मा का बड़ा खुलासाः बॉलीवुड के अंदरूनी सच पर चौंकाने वाली बातचीत

विशेष रिपोटः रविंद्र आर्य
उत्तर प्रदेश / गाजियाबाद

भारतीय फिल्म उद्योग में बीते कुछ वर्षों से एक गंभीर और व्यापक बहस लगातार तेज होती जा रही है कि क्या सिनेमा और वेब सीरीज के माध्यम से देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को विकृत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। अनेक सामाजिक संगठनों और विचारकों का आरोप है कि फिल्मों में हिंदू परंपराओं, देवी-देवताओं, धार्मिक प्रतीकों और आस्थाओं को या तो उपहास का विषय बनाया जा रहा है या फिर उन्हें नकारात्मक संदर्भों में चित्रित किया जा रहा है, घुसखोर पण्डित, चिरैया, माय नेम इज खान, पी के फिल्मे जिससे समाज में असंतोष और आक्रोश का वातावरण बनता जा रहा है।

हाल ही में प्रदर्शित फिल्म घूसखोर पंडित को लेकर भी देश के कई हिस्सों में अच्छा खासा विरोध देखने को मिला, जिसमें यह आरोप भी लगाया गया कि फिल्म के माध्यम से एक विशेष धार्मिक वर्ग की छवि को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरी ओर दा केरला स्टोरी , दा कश्मीर फाइल्स और उदयपुर फाइल्स जैसी फिल्मों को लेकर भी समाज में दो धड़े स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं–एक पक्ष इन्हें वास्तविक घटनाओं पर आधारित सत्य की प्रस्तुति मानता है, जबकि दूसरा पक्ष इन्हें एक विशेष विचारधारा से प्रेरित प्रोपेगेंडा बताता है। यह विभाजन इस बात का संकेत है कि आज का सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया, बल्कि यह वैचारिक संघर्ष और नैरेटिव निर्माण का प्रमुख माध्यम बन चुका है।

इन्हीं ज्वलंत मुद्दों पर हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैया और बॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता प्रताप वर्मा के साथ हुई विशेष मीडिया इंटरव्यू की बातचीत में कई चौंकाने वाले पहलुओं को उजागर किया गया। मीडिया के समक्ष दिए गए उनके इंटरव्यू में उन्होंने स्पष्ट रूप से

ह्वचिरैयाह्व जैसी वेब सीरीज के माध्यम से सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रहार किया जा रहा है, जबकि विवाहेतर संबंधों को सामान्य और स्वीकार्य रूप में दिखाया जाना समाज के नैतिक मूल्यों के लिए चिंताजनक प्रवृत्ति बताया गया।

महाकाली वाहिनी जैसे संगठनों द्वारा इस प्रकार के कंटेंट का विरोध भी दर्ज कराया गया था। बातचीत में यह भी कहा गया कि फिल्मों में ह्वतिलक, तराजू, तलवारह्व जैसे प्रतीकों को अक्सर अपराध, हिंसा और नकारात्मकता से जोड़कर दिखाया जाता है, जिससे एक विशेष समुदाय की छवि को प्रभावित किया जाता है। यह प्रवृत्ति नई नहीं है, बल्कि कथित रूप से श्वेत-श्याम फिल्मों के दौर से चली आ रही है और समय के साथ और अधिक परिष्कृत रूप में सामने आ रही है।

हालांकि, फिल्म उद्योग के एक बड़े वर्ग का मानना है कि सिनेमा रचनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम है और इसमें विभिन्न दृष्टिकोणों को प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। उनका तर्क है कि किसी भी कला को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है और दर्शकों को यह अधिकार है कि वे स्वयं तय करें कि क्या स्वीकार करना है और क्या नहीं। बॉलीवुड में चल रही यह बहस केवल फिल्मों और वेब सीरीज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक मूल्यों और वैचारिक दिशा से जुड़ा एक व्यापक विमर्श बन चुकी है। एक ओर जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की मांग भी उतनी ही मजबूती से उठ रही है। ऐसे में आवश्यक है कि संतुलन स्थापित किया जाए, ताकि सिनेमा समाज का दर्पण भी बना रहे और उसकी गरिमा एवं मूल्यों का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।

यह भी आरोप लगाया गया कि

संतुष्टि सेवा फाउंडेशन द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन

नोएडा। संतुष्टि सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में सेक्टर-45 स्थित "Wok Dish Way रेस्टोरेंट" में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रेस्टोरेंट के प्रोपाइटर एवं फाउंडेशन के सचिव श्री हर्षल पोरवाल,चित्रांश पोरवाल जी द्वारा आदरणीय श्री संजय बाली (सांसद प्रतिनिधि) जी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपलक्ष में किया गया।

इस गरिमामयी अवसर पर अम्रपाली सफायर, सेक्टर-45 मार्केट के समस्त व्यापारी बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्री बाली जी को आत्मीय मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उपस्थित व्यापारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में क्षेत्र के व्यापारिक एवं सामाजिक कार्यों को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के साथ एक विशेष संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इस संवाद में महिलाओं ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लाए गए महत्वपूर्ण बिल के समर्थन में अपने विचार व्यक्त किए तथा विपक्ष द्वारा इसके समर्थन न करने पर अपना विरोध भी प्रकट किया। साथ ही उन्होंने संकल्प लिया कि वे सदैव जनहितकारी पहलों के समर्थन में अग्रणी भूमिका निभाती रहेंगी। इस अवसर पर संतुष्टि सेवा फाउंडेशन एवं मार्केट एसोसिएशन द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं माननीय सांसद डॉ. महेश शर्मा जी तथा माननीय विधायक श्री पंकज सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही श्री संजय बाली जी के सफल, प्रभावी एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में संतुष्टि सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री नवीन पोरवाल, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पोरवाल, संस्था के संरक्षक सुधीर चंद्र पोरवाल, सुरेंद्र गर्ग, भाई विपिन गुप्ता, रवि पोरवाल, मनोज पोरवाल, जयप्रकाश सिंह देव शर्मा, विनायक पोरवाल, तरुण कृष्ण अग्रवाल, नीतीश कुमार गुप्ता, तन्मय पोरवाल, नरोत्तम शर्मा श्वेता पोरवाल, ज्योति पोरवाल,गीता पाल,नेहा पोरवाल,कुसुम चौधरी, वर्षा पोरवाल,आराध्या सिंह, निशा पोरवाल वंशिका आरोही पोरवाल, चैतन्या, जयंती कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे !

लक्ष्मी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान अनूपपुर।

समाज जागरण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा की मेधावी छात्रा एवं ग्राम पंचायत खमरिया की गौरव लक्ष्मी यादव पिता निरंजन यादव ने इस वर्ष की 10वीं कक्षा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल जिला बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। छात्रा की इस उपलब्धि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी विश्वनाथ सिंह ने घर पहुंच कर बच्ची का मुंह मीठा करते हुए कहा कि इस उपलब्धि से भविष्य के प्रति हमारी आशाओं को बल मिला है और हमें पूर्ण विश्वास है कि आपकी यह सफलता आपको जीवन की बुलंदियों तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रेरित करती रहेगी। हम सभी ने आपकी इस उपलब्धि का सम्मान किया है और आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

बुढार क्षेत्र में 52 परी का खेल जोरों पर

समाज जागरण

बुढार। बुढार क्षेत्र के आसपास जंगलों में बीते एक महीने से 52 परी का खेल धड़ले से चल रहा है किंतु पुलिस प्रशासन को अभी तक जुआरी को पकड़ने में सफलता हासिल नहीं हुई है। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में अर्जुन नमक व्यक्ति द्वारा इस कारोबार का संचालन किया जा रहा है और प्रतिदिन जंगलों में जगह बदल बदल कर जुए का अड्डा संचालित किया जा रहा है। यहां बुढ़ार ,शहडोल ,सिंहपुर, खैरहा पेपर मिल, धनपुरी आदि स्थानों के जुआरी पहुंचकर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस खेल में खेलने वाले जरूर बर्बाद हो रहे हैं लेकिन अर्जुन आबाद हो रहा है और प्रतिदिन लाखों रुपए नाल के रूप में वसूल भी रहा है। बुढार क्षेत्र वैसे भी इस कारोबार के लिए कई वर्षों से चर्चित रहा है और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग भी इस कारोबार को संचालित करते हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

समाज जागरण विजय तिवारी

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नई दिल्ली। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से उनके नई दिल्ली स्थित निवास पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गौरेला के अध्यक्ष राजकुमार रोहणी, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के विशेष आमंत्रित सदस्य गौरव शर्मा तथा अन्य पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।

भेंट के दौरान जिले से जुड़े विभिन्न जनहितकारी एवं विकासात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने गोरखपुर रेलवे फ्लाईओवर, बीज तथा भनवारटंक क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह रखा। इन परियोजनाओं के शुरू होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने की बात कही गई।

मंत्री तोखन साहू ने विषयों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा।

अंत में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि लंबित विकास कार्यों को शीघ्र गति मिलेगी।

गौरेला में भूमि पूजन समारोह संपन्न

समाज जागरण विजय तिवारी

गौरेला। नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 9 में बहुप्रतीक्षित नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं वार्ड पार्षद रियाज कुरैशी के करकमलों द्वारा भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया।

उक्त निर्माण कार्य लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकता रहा है। वार्डवासियों को जलभराव, गंदगी एवं जल निकासी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता में लिया गया।

भूमि पूजन के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है तथा आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद का दायित्व है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद रियाज कुरैशी ने कहा कि इस निर्माण कार्य से वार्ड में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा स्वच्छता एवं सुविधा में व्यापक सुधार आएगा। कार्यक्रम में सचिन जैन , शंकर सोनी (छाया पार्षद), शुभम ताम्रकार (जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा), संजय जी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने नगर पालिका परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

मंगोला पीएम श्री हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य ने पेश की अनूठी पहल।

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह मगरोंन पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल मंगोला में प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा घोषणा की गई थी कि जो भी छात्र, छात्रा कक्षा 10 बी में प्रथम स्थान प्राप्त करेगी उस के लिए प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा 21000 रु से 15 अगस्त को विद्यालय में सम्मानित किया जाएगा, प्रभारी प्राचार्य के द्वारा अपने निजी खर्च पर अपने पिता की स्मृति में सम्मान समारोह अयोजित कर सम्मानित किया जाएगा, विद्यालय मे, लोकेश पटेल पिता मूलचंद पटेल के 421 अंक प्राप्त कर 84.2 प्रतिशत दीक्षा अहिरवार पिता कमलेश अहिरवार के 417 अंक 83.4 प्रतिशत ललता पटेल पिता हरिराम पटेल 390 अंक 78 प्रतिशत, दशोद पटेल पिता पंचम पटेल 382 अंक 76.4 प्रतिशत, कविता पिता भगवानदास पटेल 379 अंक 75.8 प्रतिशत प्राप्त किए जिनको प्रभारी प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया जाएगा, विद्यालय के बच्चों में इस प्रकार का सम्मान लक्ष्य रख उन के हौसला को बढ़ाने में विद्यालय परिवार के, वरिष्ठ शिक्षक विनोद अहिरवार मुकेश अहिरवार मनीष जैन प्रीतम सत्यम मनोज दुबे बृजेश शुक्ला रचना श्रीवास्तव पवन कुमार जैन पुरुषोत्तम अहिरवार जावेद खान कल्पेश भार्गव राजेंद्र सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त शाला परिवार की ओर की रिजल्ट को अच्छा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने प्राचार्य के इस निर्णय को छात्रों में ऊर्जा एवं उत्साह के लिए सफल मंत्र बताया और अन्य सभी प्राचार्य भी इस मॉडल को अपना कर बच्चों में प्रतिस्पर्धा कर बेहतर रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं

महाघोटाले का आरोप: कागजों में चारागाह, जमीन पर सूखा– ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 में अनियमितताओं पर सवाल

समाज जागरण विशेष संवाददाता

ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 में चारागाह विकास कार्य एवं पंचायत निधियों के उपयोग को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि गौशाला के लिए स्वीकृत धनराशि का दुरुपयोग किया गया, जबकि स्थल पर कार्य नगण्य है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चारागाह विकास हेतु लगभग 4 लाख 32 हजार 180 रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। आरोप है कि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया, जबकि वास्तविकता में स्थल पर घास या चारागाह विकसित नहीं हुआ है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि पंचायत की नियमित बैठकों का आयोजन नहीं किया गया और

बिना प्रस्ताव के ही वित्तीय मदों से धन निकासी की गई। पंचायत के एक सदस्य राजू चौधरी ने दावा किया कि वे स्थायी समिति के सदस्य हैं, किंतु पिछले चार वर्षों में एक भी बैठक आयोजित नहीं हुई।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस संबंध में की गई शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। जांच प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि बिना स्थल निरीक्षण के ही प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

वहीं, संबंधित अधिकारियों की ओर से अभी तक इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा सार्वजनिक धन की वसूली सुनिश्चित करने की मांग की है।

प्रशासनिक स्तर पर यदि आरोपों की पुष्टि होती है, तो यह मामला पंचायत स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

जैतहरी के चोलना छात्रावास में 'रील्स' का शोर: किताबों की जगह टीवी पर परोसी जा रही अश्लीलता!

समाज जागरण

जैतहरी (अनूपपुर): जहाँ आदिवासी बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर उठाई है, वहीं जैतहरी ब्लॉक का आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास, चोलना बदहाली और अनुशासनहीनता का अड्डा बन चुका है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक ताजा वीडियो ने छात्रावास प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

छात्रों के हाथ में किताब नहीं, टीवी पर चल रही 'रील्स'

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जिस समय छात्रों को पढ़ाई करनी चाहिए, उस समय छात्रावास के कॉमन रूम में टीवी पर 'इंस्टाग्राम रील्स' परोसी जा रही हैं। शिक्षा के मंदिर में इस तरह का माहौल न केवल अनुशासन की धज्जियां उड़ा रहा है, बल्कि उन बच्चों के भविष्य को भी अंधकार की ओर धकेल रहा है जो दूर-दराज के गांवों से यहाँ कुछ बनने का सपना लेकर आए हैं।

अधीक्षक की 'लापरवाही' या 'मिलीभगत'?

इस पूरे मामले में छात्रावास अधीक्षक गीतराम केवट की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध है। बताया जा रहा है कि अधीक्षक अक्सर अपनी ड्यूटी से नदारद रहते हैं।

सवाल यह है: क्या सरकार अधीक्षक को इसी लापरवाही की भारी-भरकम तनख्वाह दे रही है?

सवाल यह भी है: जब जिम्मेदार अधिकारी ही मैदान से गायब हैं, तो छात्रों पर अंकुश कौन लगाएगा?

"छात्रावास की अनुशासनहीनता यह दशार्ती है कि अधीक्षक का संस्थान पर कोई नियंत्रण नहीं है। यह सीधे तौर पर प्रदेश के आदिवासी भविष्य के साथ खिलवाड़ है।"

प्रशासन की चुप्पी पर उठते सवाल

ग्रामीणों और अभिभावकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भी अब तक जिम्मेदार अधिकारियों ने अधीक्षक गीतराम केवट पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की है।

मुख्य मांगें जो जनता उठा रही है:

लापरवाह अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

छात्रावास में मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता पर रोक लगे।

अधीक्षक की उपस्थिति की बायोमेट्रिक या औचक जांच की जाए।

निष्कर्ष: अगर समय रहते प्रशासन नहीं जागा, तो चोलना छात्रावास के ये छात्र शिक्षा की मुख्यधारा से भटक जाएंगे। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस वीडियो को देखने के बाद कुंभकर्णी नींद से जागता है या 'रील्स' के इस दौर में बच्चों का भविष्य यूं ही बर्बाद होने दिया जाएगा।

चार घंटे की कथित लापरवाही ने ली युवक की जान, ऑक्सीजन एंबुलेंस न मिलने पर परिजनों का प्रदर्शन

अमरकंटक-रीवा मार्ग पर शव रखकर किया चक्का जाम, बीएमओ पर कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

अनूपपुर। जिले के राजेन्द्रग्राम क्षेत्र में एक युवक की मौत के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों का आरोप है कि समय पर ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस उपलब्ध न कराने की वजह से छोटे सिंह नेताम की जान चली गई।

बताया जा रहा है कि छोटे सिंह नेताम की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था, लेकिन ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस उपलब्ध कराने में करीब तीन से चार घंटे की देरी हुई। परिजनों का कहना है कि अगर समय पर एंबुलेंस मिल जाती, तो उनकी जान बच सकती थी। आखिरकार जब उन्हें अनूपपुर से जबलपुर ले जाया जा रहा था, तभी बुढार के पास रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अमरकंटक-रीवा हाईवे पर राजेन्द्रग्राम स्थित जोहिला पुल के पास शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

प्रदर्शन के चलते मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। प्रशासन के लिए स्थिति को संभालना चुनौतीपूर्ण बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोविड काल में जिस तरह स्वास्थ्य सेवाएं सक्रिय और तत्पर थीं, वैसी व्यवस्था अब देखने को नहीं मिल रही है।

प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द उचित कार्रवाई कर परिजनों को न्याय दिलाया जाए और प्रदर्शन समाप्त कराया जाए।

हर मंगलवार होगा जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम, कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

समाज जागरण

जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होगा जनसुनवाई शिविर, आवेदनों के त्वरित निराकरण पर जोर

दमोह। जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रत्येक मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रमआयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। यह कार्यक्रम प्रातः 11

बजे से कलेक्टर कार्यालय, दमोह के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर यादव ने बताया, जनसुनवाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन से प्राप्त आवेदनों का विधिसम्मत एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आवेदकों को समय पर राहत एवं लाभ मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहें और प्राप्त आवेदनों के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे न केवल समस्याओं का मौके पर समाधान होगा, बल्कि आमजन को प्रशासन की सेवाओं का बेहतर लाभ भी मिल सकेगा।

आईपीएल सट्टे पर कोतवाली पुलिस का बड़ा एक्शन: तीन आरोपी गिरफ्तार, लाखों का मशरुका जब्त

समाज जागरण

जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह। जिले में ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से मोबाइल, नकदी, एलईडी टीवी सहित लगभग एक लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 17 अप्रैल 2026 को जबलपुर नाका क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर रेड कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान आरोपी सौरभ खरे

(38) निवासी आदर्श स्कूल के पीछे जबलपुर नाका, वैभव जैन (26) निवासी सिविल वार्ड नं. 04 एवं शिवा राय (26) निवासी सिविल वार्ड नं. 07 को आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया।

जप्त मशरूका में शामिल

रेडमी एवं सैमसंग कंपनी के मोबाइल फोन, सट्टा पर्ची, पेन, 8000 रुपये नगद, मोबाइल आईडी में हजारों रुपये के क्वाइन, हायर कंपनी की एलईडी टीवी, जियो फाइबर के उपकरण एवं अन्य सामग्री शामिल है। कुल जब्ती लगभग 1 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 379/26 पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में प्र.आर. अभिषेक चौबे, प्र.आर. महेश यादव, आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया, ब्रिजेन्द्र मिश्रा एवं आकाश पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में सट्टा कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

खुले ट्रक वाहनों से फ्लाई ऐश परिवहन पर तत्काल रोक लगाया जाए

समाज जागरण

चचाई । समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने कलेक्टर, जिला अनूपपुर (म०प्र०), पुलिस अधीक्षक, जिला-अनूपपुर, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड , कार्यपालक निदेशक (उत्पा०) अ०ता०वि०गृह, चचाई जिला-अनूपपुर (म०प्र०) को पत्र लिखकर मांग की है कि अ०ता०वि०गृह, चचाई के अधीनस्थ फ्लाई ऐश डैम से खुले ट्रक वाहनों से फ्लाई ऐश के परिवहन मे तत्काल रोक लगाया जाए। पत्र में कहा गया है कि अ०ता०वि०गृह, चचाई के अधीन निर्मित फ्लाई ऐश डैम से फ्लाई ऐश का परिवहन किया जाता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा प्रदूषण विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश एवं गाइडलाईन दिया हुआ है कि फ्लाई ऐश परिवहन खुले वाहनों से पूर्णतः प्रतिबंधित है। फ्लाई ऐश के परिवहन कर रहे ठेकेदार द्वारा खुले वाहनो से परिवहन किया जाता है जिससे रास्ते में प्रदूषण फैलता है जो मानव जीवन के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है तथा प्रायः देखने में आया है कि फ्लाई ऐश के खुले में परिवहन का परिणाम रहा है कि अमलाई चचाई से संबंधित ग्राम्यांचलो के लोग फेफड़े के संक्रमण से पीड़ित हो रहे है। समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने प्रशासन सहित विद्युत संयंत्र के अधिकारियों से मांग की है कि फ्लाई ऐश के खुले वाहनो से किये जा रहे परिवहन पर तत्काल रोक लगाने हेतु संबंधित थाना एवं फ्लाई ऐश परिवहन प्रभारी को निर्देशित करें। यदि फ्लाई ऐश के खुले परिवहन पर रोक नही लगाई गई तो बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ेगा जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रशासन का होगा।

स्क्रैप कांड के चलते सारणी से भगाए गए कनौजिया अमरकंटक में भी चर्चित

समाज जागरण

सारनी। सारनी से स्थानांतरित किए गए सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार कनौजिया एक बार फिर अपने कार्यशैली को लेकर चर्चा में हैं। इस बार मामला अमरकंटक से सामने आया है, जहां उनके कथित अड़ियल रवैये और अनियमितताओं को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सारनी में पदस्थापना के दौरान हुए कथित स्क्रैप घोटाले के बाद कई अधिकारियों पर कार्रवाई हुई थी, जिसमें कनौजिया का भी तबादला कर दिया गया था। आरोप है कि उस दौरान प्रबंधन को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा रही कि स्क्रैप प्रबंधन में अनियमितताएं लंबे समय तक चलती रहीं, जिसके चलते विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। अब अमरकंटक में भी कनौजिया की कार्यशैली को लेकर इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, छोटे स्तर के स्क्रैप व्यवसायियों पर सख्ती दिखाते हुए खुद को ईमानदार साबित करने की कोशिश की जाती है, जबकि बड़े कबाड़ी और कथित स्क्रैप माफिया के साथ मिलीभगत के आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोप यह भी है कि कुछ खास लोगों को नियमों से हटकर उच्च गुणवत्ता का स्क्रैप उपलब्ध कराया जाता है, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान होता है। एक स्क्रैप व्यापारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि ह्वपैसे देने के बाद कीमती सामग्री उठाने में कोई रोक-टोक नहीं रहती थी ह्व हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

इस पूरे मामले में संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल विभागीय अनुशासन बल्कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों की जांच कर क्या कार्रवाई करता है, या फिर मामला पूर्व की तरह ही दबकर रह जाता है।

सनबीम स्कूल के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

समाज जागरण

अनूपपुर ।सनबीम कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर के माध्यमिक शिक्षा माडल मध्यप्रदेश भोपाल के 10 वीं एवं 12वीं के छात्र, छात्राओं ने मेरिट में स्थान लाकर स्कूल तथा अपने अभिभावको तथा जिले का नाम रोशन किया है। यह विद्यालय शिक्षा के पर्याय के रूप मे जाना जाता है। इस विद्यालय की खासियत रही कि यहां अधिकांशत अध्यनरत छात्र छात्राएं ग्रामीण अंचलों से है है। तथा इस विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती प्रभा वर्मा के कुशल निर्देशन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा योग्य शिक्षकों के द्वारा प्रदान की जाती रही है विद्यालय के कक्षा 10 वी, 12 वी का परीक्षा परिणाम सत पप्रतिशत रहा। कक्षा 10 की छात्रा अदिति सोनी

पटेल 88%,, श्वेता पटेल 83% अंकित पटेल 82%, अंश जायसवाल 79% ,सृष्टि पटेल 78% ,अक्षय नामदेव 75% अंक अर्जित मनीष रजक एवं कृष्णा विश्वकर्मा राम शुक्ला आकाश द्विवेदी प्रिंस कुशवाहा वाणिज्य संख्या में मेरिट सूची में स्थान दर्ज कराया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार में अव्यवस्थाओं का आरोप, दवाओं के अभाव से मरीज परेशान

दैनिक समाज जागरण बुढार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर अव्यवस्थाओं के आरोप सामने आए हैं। प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाइयों के अभाव के कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल में रेबीज तथा टिटनस के इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बाहर की औषधि दुकानों से महंगे दामों पर दवाइयां खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे उपचार की आशा लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, किंतु वहां आवश्यक दवाएं उपलब्ध न होने से उन्हें निराशा हाथ लगती है। साथ ही यह भी आरोप है कि दवाइयों की अनुपलब्धता के संबंध में लिखित रूप से उल्लेख करने के बजाय मौखिक रूप से बाहर से दवा लेने की सलाह दी जाती है, जिससे पारदर्शिता पर प्रश्न उठ रहे हैं।

इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैली जैन ने बताया कि पिछले दो दिनों से संबंधित इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हैं और उनकी मांग भेज दी गई है। आवश्यकता होने पर मरीज बाहर से दवा ले सकते हैं। प्रकरण को लेकर यह प्रश्न उठ रहा है कि यदि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में ही आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं होंगी, तो आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का समुचित उपचार कैसे संभव हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से शीघ्र व्यवस्था सुधारने की मांग की है, ताकि मरीजों को समय पर और निःशुल्क उपचार मिल सके।

कृष्ण लीलाओं के रस में सराबोर हुआ पंडाल, श्रद्धालुओं ने लिया आत्मिक आनंद

समाज जागरण

जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

दमोह/हटा। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम बंधा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं सहित विभिन्न भगवत प्रसंगों का श्रवण कर आत्मिक आनंद की अनुभूति की। कथावाचक पं. शिवम गर्ग ने पंचम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि महर्षि गगार्चार्य ने नंद बाबा के घर पहुंचकर बालक कृष्ण और बलराम का नामकरण किया, जो भारतीय संस्कारों की गहराई और परंपरा का प्रतीक है।

इसके पश्चात माखन चोरी लीला का सजीव और मनमोहक चित्रण किया गया। पंडित गर्ग ने कहा कि भगवान की ये बाल लीलाएं उनके सहज, सरल और प्रेममय स्वरूप को दशार्ती हैं, जिससे भक्तों का भगवान के प्रति स्नेह और भी बढ़ता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए और पूरा पंडाल राधे-कृष्ण के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को समाप्त कर ब्रजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत धारण करने की दिव्य लीला का विस्तार से वर्णन किया। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास से भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं तथा प्रकृति का सम्मान करना ही सच्चा धर्म है।

पंचम दिवस पर छप्पन भोग की भव्य झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सुसज्जित झांकी एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तों ने श्रद्धा भाव से दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन स्थल पर देर तक भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत तीर्थयात्री बस रवाना, डीएम ने दिखाई झंडी

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जनपद सोनभद्र से प्रतिभाग करने जा रहे तीर्थयात्रियों के दल को शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल रहा और अधिकारियों सहित परिजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि जनपद से कुल 10 प्रतिभागी इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं, जो पहले लखनऊ पहुंचेंगे, जहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वे आगे सोमनाथ मंदिर, गुजरात के लिए रवाना होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दल 21 अप्रैल को सोमनाथ पहुंचेगा तथा 22 और 23 अप्रैल को आयोजित मुख्य कार्यक्रमों में भाग लेगा। डीएम ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और देश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने प्रतिभागियों को जनपद के पर्यटन स्थलों से संबंधित पुस्तिकाएं भी भेंट कीं और निर्देश दिया कि इन्हें सोमनाथ में वितरित कर सोनभद्र के पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा यात्रा के लिए भोजन, आवास एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बताया गया कि इस वर्ष सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक अवसर-1026 में हुए आक्रमण के एक हजार वर्ष तथा पुनर्निर्मित मंदिर के 75 वर्ष पूर्ण होने-के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर पीडी डीआरडीए एस.के. राय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एडीएम (वित्त/राजस्व) सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और श्रद्धालु जयकारों के बीच अपने पवित्र यात्रा पर रवाना हुए।

ओबरा क्षेत्र में अवैध बालू खनन का आरोप, जिम्मेदार अधिकारीयों पर उठे सवाल

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के खैरटिया स्थित रेणुका नदी के पास अवैध बालू खनन को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी खुदाई के नाम पर बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि रेणुका नदी के पास बनाए जा रहे राखड़ डैम के पास सैकड़ों गाड़ियों से बालू डंप किया गया है। मौके पर मौजूद स्टॉफ ने बताया जैसा मालिक का आदेश होता है वैसा हमलोग कार्य करते है रात में कार्य करने के लिए बोलते है, बालू खनन कर मिट्टी भरने की बात पर स्टॉफ गोल मोल जवाब देने लगा और बोला आपलोग तो देख ही रहे है। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों- एसडीएम ओबरा, परियोजना अधिकारी और लेखपाल को जानकारी होने के बावजूद खनन का सिलसिला थम नहीं रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले की जानकारी देने के लिए जब ओबरा एसडीएम से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद एक पत्रकार द्वारा ओबरा थाना प्रभारी को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस हरकत में आई और थाना प्रभारी के निर्देश पर हमराही ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी चालक को हिरासत में लेकर थाना ओबरा भेज दिया। हालांकि, जेसीबी मशीन को मौके पर ही छोड़ दिए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब वन विभाग द्वारा बालू खनन की एनओसी जारी नहीं की गई है, तो फिर खुलेआम खनन कैसे किया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि संबंधित विभागों को इस गतिविधि की पूरी जानकारी है, फिर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में यह अवैध खनन चल रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो इसे प्रशासन की मिलीभगत माना जाएगा या अधिकारी सत्ता पक्ष के दबाव में है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की बात कही जा रही है, लेकिन अब सभी की निगाहें खनन विभाग और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

ऐल कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन, अध्यक्ष बने श्याम सुंदर मिश्र

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संघ (पीटीए) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और विद्यालय के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से श्याम सुंदर मिश्र को शिक्षक अभिभावक संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, धर्मशिला देवी को मंत्री तथा मोहम्मद जावेद को कोषाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ स्वागत किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार सहित अन्य अभिभावक भी मौजूद रहे। बैठक में विद्यालय में नामांकन बढ़ाने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों एवं नवगठित पदाधिकारियों ने आगामी सत्र में सक्रिय भूमिका निभाने और विद्यालय के सतत विकास में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक अभिभावक संघ विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक मजबूत कड़ी का कार्य करता है। इसके माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है तथा छात्रों के भविष्य को सशक्त दिशा दी जा सकती है। उन्होंने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। बैठक में आशीष साहनी, राकेश कुमार, विनोद कुमार, मृत्युंजय, वंदनी देवी, रजनी सिंह, राधेश्याम तिवारी, रजनीश तिवारी, देवेंद्र प्रसाद, बिंदिया तिवारी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

थ्रेशर में फंसकर मजदूर की दर्दनाक मौत, मड़ाई के दौरान हुआ हादसा

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरौली में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में मजदूर की मौत हो गई। गेहूं की मड़ाई के दौरान एक मजदूर अचानक थ्रेशर मशीन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी जान चली गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिपरा निवासी किसान राम सिंह अपने ट्रैक्टर-थ्रेशर से मजदूरों के साथ आसपास के गांवों में गेहूं की मड़ाई का कार्य करते हैं। शुक्रवार की रात भी वह अपने मजदूरों के साथ सरौली गांव में मड़ाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान रासपहरी थाना म्योरपुर निवासी राम लल्ला पुत्र रामविचार (उम्र लगभग 32 वर्ष) गेहूं के बोझ के साथ काम कर रहा था, तभी अचानक वह संतुलन खो बैठा और थ्रेशर मशीन में जा फंसा। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने जब यह दृश्य देखा तो तुरंत शोर मचाया और थ्रेशर मशीन को बंद कराया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मशीन की चपेट में आने से राम लल्ला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर करमा थाना प्रभारी निरीक्षक सूर्यभान राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल सोनभद्र भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह एक दुर्घटना प्रतीत हो रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर खेतों में मशीनों के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत को उजागर कर दिया है।

कुत्ते को बचाने के प्रयास में बड़ा हादसा टला, सड़क पर बिखरा लोहे का एंगल

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग स्थित प्रीतनगर में शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। अचानक सड़क पर आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार चालक ने तेजी से वाहन मोड़ दिया, जिससे कार सामने से आ रहे ट्रक के ठीक सामने पहुंच गई। स्थिति बेहद खतरनाक हो गई थी और टक्कर की पूरी आशंका बन गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। उसने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रक को रोक लिया, जिससे कार और ट्रक के बीच टक्कर नहीं हुई। हालांकि अचानक ब्रेक लगाने के कारण ट्रक पर लदा लोहे का एंगल संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरकर बिखर गया। इससे कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित हो गया और वहां अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही चोपन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने सड़क पर गिरे लोहे के एंगल को हटवाने का काम कराया और यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। पुलिस की तत्परता के चलते जल्द ही स्थिति सामान्य हो गई और मार्ग पर आवागमन फिर से शुरू हो सका।

ट्रक चालक शाहबाज खान ने बताया कि कार चालक ने कुत्ते को बचाने के लिए अचानक गाड़ी मोड़ दी, जिससे कार उनके ट्रक के सामने आ गई। उन्होंने तुरंत ब्रेक लगाकर वाहन को नियंत्रित किया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कार चालक ने बताया वह ओबरा नगर के सुदामा पाठक की गली में रहते है और ओबरा से चोपन स्टेशन मौसेरे भाई शिव नारायण को छोड़ने वेगनार कार से जा रहे थे। कार में टिंकी देवी और 2 बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने भी ट्रक चालक की सतर्कता की सराहना की।

मानव तस्करी गिरोह का पदार्फाश, वांछित आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। जनपद में मानव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना रॉबर्ट्सगंज एवं एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक संगठित मानव तस्करी गिरोह का पदार्फाश करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा

के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना एएचटी प्रभारी माधव सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज रामस्वरूप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिव सिंह उर्फ रामलाल (45 वर्ष) निवासी धवलपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। उसे 18 अप्रैल 2026 को ग्राम पवर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज गंभीर धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में की गई। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि उसने एक नाबालिग/युवती को काम दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद उसे विभिन्न स्थानों से होते हुए आगरा और अलीगढ़ ले जाकर अन्य साथियों के साथ मिलकर करीब 1.20 लाख रुपये में बेच दिया। पीड़िता को अलग-अलग जगहों पर रखा गया, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह पूरा मामला एक संगठित गिरोह से जुड़ा है, जिसमें कई अन्य आरोपी भी शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

इस कार्रवाई में एएचटी प्रभारी माधव सिंह, उपनिरीक्षक रणजीत सिंह, हेड कांस्टेबल अमरजीत यादव एवं धनंजय यादव सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस की इस सफलता से मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मारपीट में दलित युवक घायल, शांति भंग में तीन युवकों का हुआ चालान

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अंतर्गत मारकुंडी ग्राम पंचायत के मीनाबाजार में दो पक्षों में हुई मारपीट में दलित युवक के गंभीर रूप से घायल होने पर चौकी पुलिस तत्काल शांति भंग की कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया,जहां पर सक्षम न्यायालय ने जमानत पर तीनों युवकों को रिहा कर दिया।

प्राप्त समाचार के मुताबिक मारकुंडी ग्राम पंचायत के मीना बाजार में बीते 16अप्रैल2026, गुरुवार को किसी बात को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें एक पक्ष से दलित युवक ओम प्रकाश पुत्र संतु भारती गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु परिजनों ने जिला चिकित्सालय रावर्ट्सगंज में भर्ती कराया है। जहां गयाल युवा का इलाज जारी है। संबंध में चौकी प्रभारी अतुल कुमार पटेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल तीन युवकों हरिशंकर उर्फ बबलू पुत्र बीरबल शर्मा, उमर अंसारी व साहिल अंसारी पुत्रगण कुद्दुस अंसारी को गिरफ्तार कर 170,126,135 बीएनएसएस मे निरुद्ध कर सक्षम न्यायालय में पेश किया,यहां पर जमानत अर्जी पर तीनों को रिहा कर दिया गया। पुलिस की माने तो पीड़ित परिजनों से तहरीर मिलने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकरण करते हुए जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा मामले में वांछित लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

रॉबर्ट्सगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 51.785 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार तड़के 51.785 किलोग्राम अवैध गांजा, एक कार और चार मोबाइल फोन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में की गई। रॉबर्ट्सगंज थाना प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 'मम्मी का ढाबा' के पास एक अर्द्धनिर्मित भवन पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 51.785 किलोग्राम गांजा, चार मोबाइल फोन और एक स्विफ्ट डिजायर कार (वढ 14 उए 6447) बरामद की। पुलिस ने चार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया। इनकी पहचान अंबेडकर नगर निवासी शेर बहादुर उर्फ शेरू यादव और राज दूबे उर्फ मोहित, तथा आजमगढ़ निवासी आकृत उर्फ सचिन पाण्डेय और प्रतीक चौबे उर्फ डम्पी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी गांजे की तस्करी कर उसे विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में थे। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ा। इस संबंध में रॉबर्ट्सगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में एसओजी और सर्विलांस टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

97.20% अंक पाकर कुमारी प्रीति जायसवाल ने जिला में टाप कर अपने क्षेत्र का बढ़ाया मान

(समाज जागरण) बभनी/ सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनी के जिगनहवा गांव निवासी अजय जायसवाल की पुत्री कुमारी प्रीति जायसवाल डीएवी रिंहद नगर की कक्षा 10 वी छात्रा ने अपने स्कूल में 97.20% अंक अर्जित कर पुरे जिला में टाप करके अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। पुरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बभनी थाना क्षेत्र के जिगनहवा गांव निवासी अजय जायसवाल की पुत्री कुमारी प्रीति जायसवाल डीएवी पब्लिक स्कूल रिंहद नगर बीजपुर में कक्षा 10 वी की छात्रा है।वह अपने घर से प्रतिदिन बीजपुर आती जाती है अपने कठीन परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की है कुमारी प्रीति के पिता अजय जायसवाल अपने गांव में रोजगार सेवक है वह अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए कठीन परिश्रम करके अपनी बच्ची को उच्च शिक्षा देने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल रिंहद नगर बीजपुर में दाखिला दिलाया। कुमारी प्रीति बचपन से ही पढ़ने में तेज थी। जब इस सम्बन्ध में अजय जायसवाल से बात किया गया तो उन्होंने भावुक होकर बताया कि मुझे अपनी पुत्री पर गर्व है उसने हमारा ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। हमारी इच्छा है कि हमारी बिटिया आई ए एस बन कर जिला का नाम रौशन करें।

इस सम्बन्ध में कुमारी प्रीति जायसवाल से बात किया गया तो उसने कहा कि हमारी उपलब्धि हमारे परिवार व गुरु जन गण के आशिर्वाद से प्राप्त किया है। और हमारा लक्ष्य आई ए एस बन कर देश की सेवा करने की है।इस अवसर पर समाज सेवी सतीश जायसवाल, प्रमुख प्रतिनिधि राकेश सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष जगदीश सिंह ने कुमारी प्रीति जायसवाल को घर जाकर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

रस्सी के सहारे पेड़ पर लटक कर महिला ने किया जीवन लीला समाप्त, क्षेत्र में हड़कंप

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बारी कॉरपोरेशन में एक महिला ने नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी से लटकते हुए शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को दोपहर बाद में डाला पुलिस चौकी क्षेत्र बारी ओबर ब्रीज कॉरपोरेशन के पास पहाड़ी निवासिनी गुडडी पनिका 40 वर्षीय पत्नी सहाधु का घर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ में फंदे के सहारे लटकता हुआ शव मिला जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डाला पुलिस को सूचना दी गई वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी में मामूली विवाद का कारण बताया जा रहा है।

नर सेवा नारायण सेवा के सौजन्य से खिचड़ी के साथ राहगीरों को पिलाई गई शर्बत

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। नगर क्षेत्र में विगत तीन वर्षों से निरंतर संचालित हो रहे नर सेवा नारायण सेवा संस्थान द्वारा मानव सेवा का सराहनीय कार्य जारी है। संस्थान के तत्वावधान में समाज के सहयोग से प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों एवं राहगीरों के लिए निःशुल्क खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही समय-समय पर कंबल, गमछा सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं का भी वितरण किया जाता रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आयोजित 127वें साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के तहत बढ़ती गर्मी को देखते हुए खिचड़ी के साथ ठंडा शर्बत भी राहगीरों एवं जरूरतमंदों को वितरित किया गया। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच ठंडा शर्बत पाकर लोगों को काफी राहत मिली और उन्होंने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। संस्थान के कार्यकताओं ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए शर्बत वितरण की व्यवस्था की गई है, ताकि राहगीरों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खिचड़ी एवं शर्बत ग्रहण किया। नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के संयोजक मनोज चौबे ने बताया कि जबतक आगे वाले वाले प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी के साथ शर्बत वितरण किया जाएगा उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि इस पुनीत कार्य से जुड़कर मानव सेवा में अपना योगदान करें क्योंकि समाज के सहयोग से ही इस तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान नर सेवा नारायण सेवा के संरक्षक दया शंकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुनील तिवारी, सुनील सिंह, श्यामाचरण गिरी, संदीप चौरसिया, गोपाल मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

डीएम एवं एसपी द्वारा तहसील रॉबर्ट्सगंज में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" के अवसर पर सुनी गई जन समस्याएं

समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। "सम्पूर्ण समाधान दिवस" के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील रॉबर्ट्सगंज में जन शिकायतों को सुना गया।

इस दौरान उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि संबंधी प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकना पड़े तथा मामलों का त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण हो सके।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल अंतर्गत संबंधित तहसीलों में "सम्पूर्ण समाधान दिवस" के अवसर पर जन समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पताल की जांच

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल की शिकायत पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया।बताते चले शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अस्पताल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जंसा स्थित अस्पताल में शनिवार दोपहर जांच टीम पहुंची और शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की। वहीं, जांच अधिकारी डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत में लगाए गए आरोपों के अनुरूप मौके पर कोई अनियमित गतिविधि नहीं पाई गई।हालांकि, टीम ने अस्पताल संचालक को सख्त चेतावनी दी है कि ओपीडी के अलावा किसी भी प्रकार की अन्य गतिविधि संचालित होती पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाबतपुर, उधोरामपुर में गोमती नदी के कटान रोकने का शिलान्यास कर किया मूर्ति का अनावरण।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। अजगरा विधान सभा क्षेत्र के बाबतपुर व उधोरामपुर में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा गोमती नदी के कटान से सुरक्षात्मक कार्य का शिलान्यास विधायक त्रिभुवन राम ने किया इसके पश्चात उधोरामपुर के निषाद बस्ती में निषाद राज के मूर्ति का अनावरण किया।

विधायक त्रिभुवन राम के अनुसार गोमती नदी के कटान से हर वर्ष ग्रामीणों

को काफी नुकसानी उठानी पड़ती थी।ऐसी स्थिति में कटान रोकना पहली जिम्मेदारी को पूरा किया। निषाद परिवार गरीबी के साथ साथ प्राकृतिक आपदाओं का सामना करता रहा। उनके परिवारजनों से मुलाकात के बाद बस्ती में निषाद राज की मूर्ति का अनावरण कर उनके भावनाओं का सम्मान किया गया। निषाद राज और मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की मित्रता सामाजिक समरसता का एक मजबूत उदाहरण है। उनके आदर्शों को समाज अपनाकर समाज की सेवा कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में रामप्रकाश सिंह बीरू,राणा चौहान,विपिन कुमार अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग,दिलीप चौबे पूर्व जिला पंचायत सदस्य,शिवाजी सिंह,मुन्ना यादव सहायक अभियंता,मुकेश सिंह राजा,सुमंत जी,खरपत्तू यादव प्रधान ,प्रधान रामनरेश प्रधान,शंकर गौड़ प्रधान,जिलाध्यक्ष निषाद राज पार्टी रामरती बिंद ,अरविंद निषाद ,रमाकांत निषाद, राजकुमार निषाद सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

नेहिया गांव में पुलिस कीभारी फोर्स तैनात ,हालात नियंत्रण में

समाज जागरण

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव में डॉ. आंबेडकर के झंडा लगाने को लेकर हुए पथराव की घटना के दूसरे दिन शनिवार को हालात पूरी तरह नियंत्रण में रहा।

पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है कोई नई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। सारनाथ, शिवपुर, लालपुर, मंडुआडीह, चौबेपुर, चोलापुर थानों के साथ पीएसी की दो प्लाटून व क्यूआरटी टीम लगातार निगरानी में लगी है।

एडीसीपी वरुणा जोन लिपि नागयाच व नायब तहसीलदार पिंडरा ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। प्रशिक्षु आईपीएस मानसी दहिया ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो, रिकॉर्डिंग देख रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगातार दबी दे रही है। गौरतलब है कि बटुक भैरव मंदिर के प्रवेश द्वार पर झंडा लगाने को लेकर शुक्रवार को विवाद के दौरान पथराव में एसीपी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। फिलहाल पुलिस स्थिति पर पूरी तरह नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में शांति कायम है। चौकी प्रभारी गोसाईपुर विपिन पांडेय की तहरीर पर 11 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया गया।

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने हाईस्कूल (कक्षा 10) का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम आते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के विद्यार्थियों ने इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के मेधावी छात्रा प्रतिज्ञा राय ने 96% अंक प्राप्त कर टॉपर का खिताब हासिल किया। वहीं आदित्य कुशवाहा 95.5% अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सौम्या राय ने 95% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इसी क्रम में आयुष मौर्या ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम पृष्ठ जोड़ दिया। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में उत्सव का माहौल है।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्य डा ङ्क प्रेरणा राय ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

अधर्म के अंत, न्याय स्थापना, साहस, ज्ञान के प्रतीक को लेकर भव्य दीपोत्सव सम्पन्न

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। पंचकोशी के तीसरे तीर्थ पड़ाव रामेश्वर स्थित आदि गंगा वरुणा नदी घाट पर सर्व धर्म समभाव को लेकर हिन्दू ,मुश्लिम ,सिख ,ईसाई व रैदास पंथ के धर्मगुरुओं ने एक साथ दीप जलाकर भगवान परशुराम के जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य दीपोत्सव कर उन्हें याद किया।वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उपस्थित जनसमुदाय ने एक साथ पांच हजार एक दीप जलाया और नमन कर याद किया।हिन्दू धर्म से रामेश्वर मन्दिर पीठाधीश्वर आचार्य प0 अन्नू तिवारी, मुश्लिम धर्म गुरु मौलाना मुहम्मद अख्तर रजा , सिख धर्मगुरु सरदार मंजीत सिंह, ईसाई धर्म गुरु फादर पैट्रिक्स ,रैदास पंथ से रविदास मंदिर के महंत राजबली दास ने अपने हाथ से दीप जलाकर माँ वरुणा को अर्पण कर दीपोत्सव का शुभारम्भ किया।सनातन संस्कृति जो सभी को अपने मे समेटकर चलती रही है उसका जीवंत झलक वरुणा घाट पर एक बार पुनः जाग्रत हो सम्पन्न हुआ।दीपोत्सव के पश्चात संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मनीषी परिषद के राष्ट्रीय

अध्यक्ष विद्याशंकर पांडेय ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती अधर्म के अंत ,न्याय की स्थापना ,साहस व ज्ञान के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।क्योंकि उन्होंने पृथ्वी से अत्याचारी शासकों का नाश किया था। कलियुग में भी पृथ्वी पर मौजूद हैं।ऐसे भगवान की जयंती को सरकार सार्वजनिक अवकाश घोषित कर सामाजिक समरसता के रूप में मनाए जाने की व्यवस्था करे।विशिष्ट अतिथि अ0भा0म0 परिषद के राष्ट्रीय महासचिव दीवाकर द्विवेदी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि प्रकाश मिश्र ने कहा कि वरुणा नदी की अविरलता व स्वच्छता हेतु सरकारी स्तर पर बड़े व प्रभावी व्यवस्था और रामेश्वर तीर्थ को काशी के धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाय।

अजगरा विधानसभा के विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक तीर्थस्थलों के विकास व सुंदरीकरण के लिए कटिबद्ध है।काशी खण्ड के सर्वांगीण विकास का कार्य जल्द पूरा होगा।कार्यक्रम में वाराणसी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध जनों ने प्रतिभाग किया। प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष वाराणसी रामप्रकाश दुबे, रामप्रकाश सिंह 'बीरू' , वरिष्ठ पत्रकार के0 एल0 पथिक,जय महाराज पीठाधीश्वर चित्रकूट, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, हिटलर सिंह,प्रधान संघ जिला महामन्त्री मधुवन यादव, दिनेश चंद्र दुबे,डॉ0 प्रदीप पांडेय,डॉ0 राजेश

सिंह, डॉ0 जी0पी0 यादव ,प्रधान कैलाश यादव ,श्री राम यादव,डॉ0 रामप्रसाद,बीडीसी विशाल कुमार गुप्ता, शंकर गोंड,ओमप्रकाश पटेल ,सन्तोष कुमार ,खंझाती सरोज सहित रसुलपुर ,भोपतपुर ,कोइरीपुर खुर्द,रामेश्वर ,जगापट्टी, पेड़का ,बरेमा ,लक्षिपुर सहित कई गांवों के लोग उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय मनीषी परिषद के जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक कपिल नारायण पांडेय व महानगर अध्यक्ष नीरज चौबे'सोनू' ने अतिथियों का अंगवस्त्र ,स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत सम्मान व धन्यवाद ज्ञापित किया।

व्यापारियों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता: डीसीपी नीतू कादयान

डीसीपी गोमती जोन का अंगवस्त्र ,स्मृति चिन्ह व्यापारियों ने किया भेंट।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। पुलिस कमिश्नरेट के गोमती जोन की नवनियुक्त डीसीपी नीतू कादयान से शनिवार को बाबतपुर स्थित कार्यालय में क्षेत्र के व्यापार

मंडलों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई दी और स्थानीय व्यापारिक समस्याओं से अवगत कराया।

व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता,जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता हरहुआ व्यापार मंडल उपाध्यक्ष विकास जायसवाल ,संगठन मंत्री राकेश गुप्ता, फूलपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी राजकुमार गुप्ता राजू, विक्की गोंड तथा मंगारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद पांडे जी महिला अध्यक्ष अनिता सिंह,विरेंद्र सिंह,ने डीसीपी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याएं–जैसे सुरक्षा व्यवस्था, यातायात अव्यवस्था और बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं को विस्तार से रखा।

डीसीपी नीतू कादयान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी व्यापार मंडलों के साथ एक संयुक्त बैठक उनके कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। साथ ही थाना स्तर पर भी प्रत्येक माह नियमित बैठक कर व्यापारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि सुरक्षा और व्यवस्था दोनों सुदृढ़ रह सके।

डीसीपी के इस आश्वासन से व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान हो सकेगा।

तीन ट्रेलरों की टक्कर, चालक की मौत, एक गंभीर

समाज जागरण

वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के हरिबल्लमपुर गांव के समीप रिंग रोड पर शनिवार को तीन ट्रेलरों की आपस में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीसरे ट्रेलर के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रेलर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर संदहा की ओर जा रहा था जो तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर खड़ा हो गया । इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के तुरंत बाद तीसरा ट्रेलर भी अनियंत्रित होकर पीछे से भिड़ गया।

दुर्घटना में सबसे पीछे चल रहे ट्रेलर के चालक श्याम सुंदर यादव

(21) पुत्र भाईलाल यादव निवासी बटौआ, नौगढ़, जनपद चंदौली की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर चोलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी चंदापुर अवनीश कुमार मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दूसरे ट्रेलर के चालक को स्थानीय लोगों एवं खलासी के मदद से पंडित दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर होते चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज चल रही है।

वसूली की प्रगति मे एक सप्ताह के भीतर सुधार लायें: अवधेश सिंह

समाज जागरण

वाराणसी जिलासहकारीबैंक मिजार्पुर की चोपन शाखा मे बीपैक्स सचिवो की समीक्षा बैठक एडीसीओ राबर्टसगंज/ ओबरा अवधेश सिंह द्वारा ली गई।

बैठक मे शाखाप्रबंधक चोपन शशिकांत सिंह भी उपस्थित रहे।

समीक्षा मे वसूली की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई।कोन ,कचनरवा व चोपन मे एक लाख से बडे बकायेदारो से वसूली की स्थिति अत्यंत निराशाजनक पाई गई।

एडीसीओ ने सभी सचिवो को वसूली और ऋणवितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। सभी सचिवो को अगले सप्ताह तक डिमांड राशि शतप्रतिशत तथा

बकाया राशि के दस प्रतिशत की वसूली का लक्ष्य दिया गया।

कंप्यूटराइजेशन की समीक्षा मे पाया गया कि सभी समितियाँ डेइंड है।सभी समितियो को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से बाउचर फीडिंग करने का निर्देश दिया गया।

बैठक मे एडीसीओ अवधेशसिंह, शाखाप्रबंधक शशिकांत सिंह के अलावा सचिव रामअनंत, हेमनाथ यादव, रामकृत,वासुदेव यादव अन्य लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती गीता राय द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को किया सम्मानित एवं प्रोत्साहित

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर गाजीपुर की प्रातःकालीन सभा में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती गीता राय द्वारा सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ-साथ उन स्कूल ड्राइवरों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने प्रतिदिन सुरक्षित रूप से उन्हें परीक्षा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने मंगल यादव, रामविलास यादव, एवं डब्लू यादव, को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

बच्चों की यह भावना यह दशार्ती है कि सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से मिलती है। यह बच्चों के अंदर उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय द्वारा समाहित किए गए संस्कार भी दिखाते है।सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आत्मनिर्भरता व सामाजिक समरसता : डॉ. प्रीति सिंह

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

सत्यदेव डिग्री कॉलेज, गाँधीपुरम बोरसिया में आयोजित स्काउट-गाइड विशेष कैंप में विद्यार्थियों का उत्साह और सहभागिता देखने लायक रही। इस विशेष कैंप में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न टोली बनाकर अपनी रचनात्मकता, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कैंप के दौरान सदाबहार टोली, मीरा बाई टोली, गांधी टोली, सरोजिनी नायडू टोली तथा रानी लक्ष्मीबाई टोली ने विशेष थीम के आधार पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। प्रत्येक टोली ने न केवल अपने विचारों और कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. प्रीति सिंह ने स्वयं कैंप का अवलोकन किया। उन्होंने सभी टोली के कार्यों की प्रशंसा करते हुए

विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंप विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को विकसित करते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियाँ जीवन कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कुल मिलाकर यह विशेष कैंप विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ, जिसने उनमें टीमवर्क, सृजनशीलता और सेवा भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम में सभी संस्थाओं के प्रधानाचार्य डॉक्टर तेज प्रताप सिंह,चंद्रसेन तिवारी, डॉ राजकुमार त्यागी, इंजीनियर सुनील यादव, कार्यक्रम के समापन स्काउटिंग के सम्मानित प्रशिक्षकों एवं नवनीत कुमार वर्मा जी के दीक्षा देने के उपरांत किया गया।इस अवसर पर शिक्षा संकाय की श्रीमती स्मिता सहाय अरविंद कुमार यादव सोनाली शैलेंद्र कुमार दिलीप कुमार एवं नेहा आदि उपस्थित रहे।

भोपाल जा रहे ट्रक चालक की रास्ते में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

कोलकाता से जबलपुर और भोपाल का किराना सामान लादकर जा रहा था ट्रक चालक

समाज जागरण

मीरजापुर /डूमगंज थाना क्षेत्र मेंकोलकाता से किराना का सामान लादकर मध्यप्रदेश के भोपाल जा रहे ट्रक चालक की डूमंडगंज पहुंचने पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक की मौत हो गई। कोलकाता से किराना का सामान लादकर मध्यप्रदेश के जबलपुर और भोपाल जा रहे ट्रक चालक 45 वर्षीय परवेज आलम निवासी भोपाल जैसे ही शुक्रवार की रात 11 बजे के करीब मिजार्पुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित देवहट डूमंडगंज गांव में पहुंचा तो अचानक तबीयत बिगड़ गई।ट्रक चालक ने ट्रक को हाइवे किनारे खड़ा कर दिया। पीछे आ रहे अपने साथी ट्रक चालक को तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी।कुछ देर बाद ट्रक चालक अचेत हो गया।देवहट गांव निवासी सुरेश बिंद ने ट्रक चालक की हालत गंभीर देखकर हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन कर सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पीआरवी 6868 के मुख्य आरक्षी अश्वनी मिश्रा ने एंबुलेंस से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजा। जहां पहुंचने पर डॉक्टर विवेक खरे ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया।डॉक्टर विवेक खरे ने बताया कि ट्रक चालक मृत अवस्था में अस्पताल पहुंचा था।मृतक ट्रक चालक के साथी मोहम्मद पुरानुद्दीन निवासी रतन पड़ौली जिला सीवान बिहार ने बताया कि कोलकाता से दोनों लोग अलग-अलग ट्रक पर जबलपुर और भोपाल का किराना सामान लादकर जा रहे थे जैसे ही वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डूमंडगंज के देवहट गांव में पहुंचे तो अचानक परवेज आलम की तबीयत बिगड़ गई।परवेज को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया कि परवेज को डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। घटना की सूचना परिजनों और ट्रक मालिक को दी गई है। थानाध्यक्ष डूमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि अस्पताल की मेमो सूचना पर भोपाल निवासी मृतक ट्रक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एक व्यक्ति ने तीन लोगो के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया

समाज जागरण

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी विमलेश पटेल ने थाने में तहरीर देकर गांव निवासी तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की बीते 15 अप्रैल को समय आठ बजे दिन अपने खेत में मकान निर्माण के लिए नीव खुदाई करा रहे थे की विपक्षी लालकेश्वर, संतोष, हरिओम गाली गलौज देते हुए लाठी डंडा से मारने पीटने लगे जिससे मेरे दाहिने हथेली में चोट आई है तथा भाई कमलकेश को भी पैर की अंगुली में चोट आई है तथा विपक्षीगण द्वारा हमें और हमारे घर के लोगो को जान से मारने की धमकी भी दिए है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है

बाइक दुर्घटना में पिता पुत्र घायल पिता की हालत गंभीर मंडलीय चिकित्सालय रेफर

समाज जागरण

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पंजाब नेशनल बैंक सोनकर बस्ती में शनिवार की सुबह बच्चे को बचाने के चक्कर में बाइक चालक हुआ अनियंत्रित दूसरे बाइक चालक ने बाइक में मारी टक्कर बाइक चालक पुत्र व बाइक सवार पिता गंभीर रूप से हुए घायल ग्रामीणों द्वारा घायल पिता पुत्र को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आया गया जंहा पर चिकित्सक द्वारा पिता की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय किया गया रेफर हलिया थाना क्षेत्र के सोनकर बस्ती गांव निवासी 25 वर्षीय पिंटू बिंद बाइक से अपने पिता 55 वर्षीय लक्ष्मण बिंद के साथ हलिया बाजार की तरफ जा रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग सोनकर बस्ती स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पहले पहुँचे की बाइक के सामने अचानक बच्चा आ जाने के कारण बाइक चालक ने ब्रेक लिया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई की दूसरे बाइक चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक पिंटू व उसके पिता लक्ष्मण बिंद गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों पिता व पुत्र को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा लक्ष्मण बिंद के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय मिजार्पुर के लिए रेफर कर दिया है घायल के परिजनों द्वारा एम्बुलेंस सेवा एएलएस से उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए है

प्राथमिक विद्यालय की छत के ऊपर से गुजर रहा 11हजार हाई वोल्टेज तर विद्युत सप्लाई से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना।

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के 11 हजार का हाई वोल्टेज तार स्कूल के ऊपर जाने से बच्चों के जान पर खतरा बना हुआ है। कई बार अध्यापकों बिजली विभाग से शिकायत किया। लेकिन नहीं हुई कार्रवाई। प्राथमिक विद्यालय धनसीरिया मे सैकड़ो की संख्या में बच्चे पढ़ते हैं।और उसी के ऊपर से बिजली विभाग का 11 हजार का हाई वोल्टेज बिजली का तार लटक रहा है। कई बार विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा बिजली विभाग को अवगत कराया गया है।लेकिन अभी तक इस हाई वोल्टेज तार को नहीं हटाया गया। जिस विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों पर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। बच्चे भी डरे समय रहते हैं। हर जगह पूरेनिया मे भी हाई वोल्टेज तार

लटक रहे हैं खंभे बिजली के झुक रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग को यह सब नहीं दिख रहा है।किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। अभिभावक भी परेशान रहते हैं। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बिजली विभाग को स्कूल के छत के बजाय सड़क के रास्ते ले 11हजार का हाई वोल्टेज तार ले जाना चाहिए। जगह-जगह बिजली के लटक रहे तर दुर्घटना को डे रहे दावत। हाई वोल्टेज विद्युत सप्लाई होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है अगर समय रहते बिजली विभाग नहीं चेतता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ ने बंद करने की जारी की नोटिस

समाज जागरण

मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत आने वाले गैर मानता प्राप्त प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के संचालित चार विद्यालयों जिसमे सुधना देवी कन्या जूनियर हाई स्कूल राजगढ़, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बसंतपुर, पी एन एस एस डी पब्लिक स्कूल जंगल महाल, और अनाम विद्यालय धुरकर के प्रबंधक/प्रधानाचार्य को अनिल कुमार वर्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मिजार्पुर के आदेश के क्रम में संजय कुमार खंडशिक्षा अधिकारी राजगढ़ को लिखित रूप में शनिवार को

नोटिस प्राप्त कराया गया। बिना मान्यता के विद्यालय का संचालन हुआ तो एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। बिना मान्यता के विद्यालयों का संचालन आरटीई एक्ट 2009 का उल्लंघन है। संबंधित तहसीलों के उप जिला अधिकारीयों एवं थाना प्रभारियो को कार्रवाई हेतु भी आदेश की प्रतिलिपि प्रेषित कर दी गई है। शिक्षा विभाग के कार्रवाई से गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों में खलबली मच गई है। वहीं अभिभावकों एवं क्षेत्रीय लोगों ने इस कार्रवाई की प्रशंसा की है। देखना यह होगा कि यह कार्रवाई किस हद तक सफल होता है। या फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

आंगनबाड़ी में कम उपस्थिति व संसाधनों की कमी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

जिलाधिकारी ने विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्र बजहा का किया आकस्मिक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

समाज जागरण मीरजापुर

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मझवां विकास खंड के ग्राम बजहा स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में लगाए गए टीकाकरण शिविर का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। एक ही कक्ष में संचालित चार आंगनबाड़ी केंद्रों में कुल मात्र छह बच्चे उपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। केंद्र में बच्चों के लिए न तो पर्याप्त शिक्षण सामग्री उपलब्ध थी और न ही खेलने के लिए कोई साधन पाया गया। बच्चों के बैग में भी केवल दो-तीन कॉपियां ही मिलीं, पाठ्य पुस्तकें अनुपस्थित थीं।

निरीक्षण के समय केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं दो सहायिकाएं उपस्थित थीं, जबकि अन्य केंद्रों की कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं अनुपस्थित मिलीं। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को दूरभाष पर निर्देश देते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने को कहा।

प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका छात्रों ने संतोषजनक उत्तर दिया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षक सिद्धार्थ सिंह की प्रशंसा की।

वहीं विज्ञान कक्ष में प्रयोगशाला सामग्री का उपयोग न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि बच्चों को प्रयोगात्मक माध्यम से शिक्षा दी जाए। स्मार्ट कक्षा में भी छात्रों से संवाद कर उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी ली गई।

विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष छात्रों की कम उपस्थिति पर भी जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विकास खंड सीखड़ का निरीक्षण किया, जहां कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव में कमी पाई गई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों को वर्षवार एवं मदवार व्यवस्थित रखा जाए।

बैठक के दौरान उन्होंने कृषि विभाग से किसान पंजीकरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि कोई भी पात्र किसान पंजीकरण से वंचित न रहे। साथ ही गेहूं क्रय में बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर सीधे किसानों से खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से संबंधित विभागों में सक्रियता बढ़ी है तथा व्यवस्थाओं में सुधार की अपेक्षा जताई जा रही है।

अंबेडकर जयंती शोभायात्रा को लेकर पुलिस सतर्क, एसएसपी ने किया पैदल मार्च

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों और जवानों को निर्देश दिए कि शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

इस पैदल मार्च में एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ सिटी प्रवीण तिवारी और थाना प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल

थे। पुलिस टीम ने शोभायात्रा के निर्धारित मार्ग, मुख्य चौराहों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर सहयोग की अपील की।

एसएसपी आदित्य लांग्हे ने जानकारी दी कि शोभायात्रा के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस पिकेट, बैरिकेडिंग और अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि अव्यवस्था फैलाने वाले तत्वों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति और भाईचारे के साथ शोभायात्रा में शामिल होने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

इस फ्लैग मार्च से लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है। प्रशासन ने बताया कि शोभायात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पूरे शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में गरिमामयी शोध- पत्र का वाचन करने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर विनीता सिंह ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में राजनीति विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर विनीता सिंह ने पिछले सप्ताह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित 76वें राजनीतिक अध्ययन संघ (Political Studies Association) वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में निम्नलिखित शोध पत्र प्रस्तुत किया।

अफवाहें, दंगे और चुनावी लामबंदीः डिजिटल युग में राजनीतिक संचार की एक अलग गाथा, जो रिटोरिक, डिस्कोर्स एंड पॉलिटिक्स - रिटोरिक एंड द स्टडी ऑफ पॉलिटिक्स पैनल में प्रस्तुत किया गया।

ढरअ वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

राजनीति से संबंधित प्रमुख शैक्षणिक आयोजनों में से एक है। 76वां PSA वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न राजनीतिक अनुशासन और पद्धतिगत परंपराओं से नवीनतम शोध प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है, साथ ही 2026 की थीम पॉलिटिकल स्टडीज फ्यूचर्स का अन्वेषण भी करता है। विनीता जी की इस उपलब्धि पर प्राचार्या प्रो रेनू वर्मा जी और प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती माला रस्तोगी जी के अतिरिक्त प्रो प्रीति अग्रवाल, प्रो विनीता गुप्ता,प्रो विनीता यादव, प्रोफेसर रंजना राजपूत, डॉ रूमा चटर्जी, डॉ माधवी सिंह, डॉ अंजू गोयल सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

52 प्रार्थना पत्रों में तीन का निस्तारण

समाज जागरण

मीरजापुर /लालगंज मे संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में शनिवार को एडीएम भू राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह के संयुक्त उपस्थिति में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।हलिया झगरहा के संतोष कुमार प्रजापति ने गांव में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन करने की मांग किया। महादेव निवासी रन्नो ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की चकमार्ग खाली कराकर मिट्टी की सड़क बनाया जाए। मवई खुर्द के कांता प्रसाद ने पत्र देकर कहा कि गांव में अपात्र व्यक्ति को किए गए पट्टे को निरस्त किया जाए। पिडरिया गांव निवासी पप्पू ने पत्र देकर अवगत कराया की आराजी नंबर 1423 व आराजी नंबर 246/1 का सीमांकन किया जाए ।समाधान दिवस के अंत में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्या मौके पर जाकर गुणवत्ता परक निस्तारण करे।

इस अवसर पर तहसीलदार दीक्षा पांडे ,नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझ, राजीव यादव, खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, वन क्षेत्राधिकारी केके सिंह, थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह समेत संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जसराना में 'नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन' आयोजित, सशक्त नारी-सशक्त भारत पर दिया गया बल

समाज जागरण

फिरोजाबाद। जसराना विधानसभा क्षेत्र में 'नारी शक्ति वंदन विधानसभा सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकास खंड जसराना में 'सशक्त नारी सशक्त भारत' थीम पर आधारित था।

सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी सहित कई प्रमुख हस्तियां

शामिल हुईं।

कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार और सुमन राजपूत ने किया। इस असर पर सीमा यादव, रुक्मिणी देवी, शैलजा , सुनीता देवी, नमिता अंजलि , अंजुलता और रेनू देवी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं। सम्मेलन में आंगनवाड़ी सहायिकाएं और आशा वर्कर्स ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी उपस्थित महिलाओं का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

चैस स्पोर्ट्स कार्यक्रम संपन्न।

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जिला चैस स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल फिरोजाबाद के प्रांगण में सभी वर्गों में सिलेक्शन टूनार्मेंट का का शुभारंभ किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह जिला वरिष्ठ कोष अधिकारी फिरोजाबाद व संगठन के अध्यक्ष डॉ मयंक भटनागर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। पहले दिन अंडर-19 व अंडर 9 के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता को करने का आशय जिले के विजयी प्रतिभागियों को होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संगठन के माध्यम से भेजा जाएगा। प्रतियोगिता को

संपन्न करने के लिए चीफ आर्बिटर आशीष मिश्रा व आर्बिटर अमन कुमार रहे ।सहयोग के रूप में विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर नरेंद्र सिंह रजीत सिंह,राहुल शर्मा, अनुराधा गौतम व दिया गोला रहे । संगठन के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अनिल परिहार,सचिव सौरभ लहरी, ऑडिटर तरुण उपाध्याय , कोषाध्यक्ष चेतन दीक्षित, कॉर्डिनेटर संकल्प शर्मा, सदस्य मनीष शर्मा व सदस्य उत्कर्ष पाठक ने सभी का पट्टीका पहनाकर सम्मान किया। संगठन जिले में इस तरह की प्रतियोगिताएं करती आ रही है जिससे कि फिरोजाबाद के खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो सके।

प्रशासन की अनदेखी: सेंगर नदी की सफाई न होने से अतुर्रा के किसानों पर मंडराया जलप्रलय का खतरा

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जसराना आगामी मानूसन की दस्तक से पहले जहाँ एक ओर सरकार जलभराव रोकने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जसराना क्षेत्र के ग्राम अतुर्रा के किसानों में दहशत का माहौल है। लक्की ट्रस्ट (अतुर्रा) के अध्यक्ष और प्रसिद्ध समाजसेवी लोधी देवेन्द्र सिंह द्वारा बार-बार उठाई गई सेंगर नदी की सफाई की मांग को प्रशासन ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को भुगतना पड़ सकता है।

चेतावनी के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

समाजसेवी लोधी देवेन्द्र सिंह ने कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया था कि अतुर्रा गांव के समीप से गुजरने वाली सेंगर नदी में सिल्ट (गाद) और झाड़ियों के जमा होने के कारण जल निकासी पूरी तरह बाधित है। उन्होंने मांग की थी कि बरसात शुरू होने से

पहले नदी की खुदाई और सफाई सुनिश्चित की जाए।

किसानों की मेहनत पर फिरेगा पानी?

ग्रामीणों का कहना है कि पिछली बार भी नदी के उफनाने से सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई थी, जिससे खरीफ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। इस बार भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। यदि समय रहते सफाई नहीं हुई, तोः

* नदी का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में भरेगा।
* किसानों की मेहनत और लागत दोनों डूब जाएगी।
* गांव के निचले हिस्सों में जलभराव से बीमारियों का खतरा बढ़ेगा।

हमने प्रशासन को समय रहते आगाह किया था कि सेंगर नदी की सफाई अत्यंत आवश्यक है। लेकिन अधिकारियों की बेरुखी यह दशार्ती है कि उन्हें अन्नदाता के नुकसान से कोई सरोकार नहीं है। अगर किसानों की फसल बर्बाद हुई, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।"

– लोधी देवेन्द्र सिंह, अध्यक्ष - लक्की ट्रस्ट (अतुर्रा)

आक्रोश में ग्रामीण

प्रशासनिक ढुलमुल रवैये से अतुर्रा और आसपास के गांवों के निवासियों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित है, जबकि धरातल पर नदी की स्थिति भयावह है। अब देखना यह होगा कि बरसात से पहले प्रशासन की नींद टूटती है या किसानों को एक बार फिर तबाही का मंजर देखना पड़ेगा।

लखनऊ में महिला की संदिग्ध मौत पर उठा मामला, निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता

राजधानी लखनऊ में अस्पताल की कथित लापरवाही से हुई एक महिला की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पत्रकार समुदाय खुलकर सामने आ गया है। निगोहां प्रेस क्लब ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कृष्णानगर क्षेत्र के एसीपी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।ज्ञात हो कि पत्रकार धीरज तिवारी की बहन स्वर्गीय सीता दीक्षित की मौत हाल ही में बंथरा थाना क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई। परिजनों का आरोप है कि यह घटना अस्पताल की लापरवाही का परिणाम है, जिसके चलते परिवार में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।इसी क्रम में निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान सहित अन्य पत्रकारों ने एकजुट

होकर कृष्णानगर के एसीपी रजनीश वर्मा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की जांच को तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।प्रेस क्लब ने अपने ज्ञापन में कई अहम बिंदु उठाए हैं, जिनमें मृतका के इलाज की पूरी जानकारी, घटना की सूचना समय पर न दिए जाने, सीसीटीवी फुटेज की उपलब्धता, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका की गहन जांच शामिल है। क्लब का कहना है कि जब तक इन सभी पहलुओं की पारदर्शी जांच नहीं होगी, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय मिलना संभव नहीं है।प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो पत्रकार समुदाय बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने इसे केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया।इस मौके पर निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, योगेंद्र तिवारी, ललित दीक्षित, मोईन खान, अवनीश पांडे, धीरज तिवारी, शिवा मिश्रा, , प्रशांत त्रिवेदी, योगेश मिश्रा, मोहम्मद नासिर, विवेक कुमार, अभिलाष दीक्षित, सूरज तिवारी, रोहित दीक्षित,शक्ति तिवारी सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।वहीं एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रही है तथा जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पीड़ित परिवार को समय रहते न्याय मिल पाता है या नहीं।

बाल विवाह पर लगी रोक, टीम ने मौके पर पहुंचकर रुकवाई शादी

दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी

जनपद बिजनौर किरतपुर। एक नाबालिग लड़की की शादी को बाल कल्याण विभाग की टीम ने समय रहते हस्तक्षेप कर रुकवा दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया और बाल विवाह टल गया।

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति अपनी करीब 16 वर्षीय पुत्री का विवाह बिजनौर निवासी युवक के साथ कर रहा था। शादी की सभी तैयारियां पूरी

हो चुकी थीं और बारात भी लड़की पक्ष के घर पहुंच चुकी थी।

इसी दौरान किसी माध्यम से बाल विवाह की सूचना बाल कल्याण अधिकारी को मिली। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाह की चल रही रस्मों को रुकवा दिया। टीम ने दोनों पक्षों से बातचीत कर उन्हें बाल विवाह निषेध कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समझाया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की की शादी कराना कानूनन अपराध है।

अधिकारियों ने परिजनों व उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि बाल विवाह से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। समझाने के बाद दोनों पक्षों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए विवाह को स्थगित करने पर सहमति जता दी।

फिलहाल इस मामले में किसी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि बाल कल्याण विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह की घटना सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बाल विवाह को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

जलालाबाद निवासी ट्रक ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर क्षेत्र के जलालाबाद निवासी ट्रक ड्राइवर अफसार की मुंबई-पलवल के बीच सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जलालाबाद के मोहल्ला कचहरी सराय निवासी महबूब का 28 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अफसार अपने परिवार के साथ मुंबई में रहकर ट्रक ड्राइवर का कार्य करता था। अफसार ट्रक लेकर मुंबई से पलवल जा रहा था। रास्ते में ट्रक का टायर पंक्चर हो गया जिसको सही कराने के लिए ट्रक को हाईवे किनारे खड़ा कर वह टायर बदलने लगा। तभी वहां से गुजर रही तेज रफ्तार मारुति कार ने अफसार को जोरदार टक्कर मारी दी, जिसमें अफसार की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने अफसार की मौत की सूचना परिजनों को दी। जिससे परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

ड्यूटी में लापरवाही पर बड़ौत मंडी चौकी के दरोगा ऋषिभान सस्पेंड, विभागीय जांच के आदेश

दैनिक समाज जागरण

बड़ौत। नगर की मंडी चौकी के दरोगा ऋषिभान को ड्यूटी में लापरवाही बरतने और खराब व्यवहार की शिकायतों पर निलंबित कर दिया गया है। शुरूआती जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने यह कार्रवाई की। साथ ही विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। दरोगा ऋषिभान पर आरोप था कि वह ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही बरतते थे और शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर देते थे। उनके व्यवहार से जुड़ी शि-ाकायतों की एक लंबी सूची थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद शुक्रवार शाम एसपी सूरज कुमार राय ने दरोगा ऋषिभान को निलंबित कर दिया। इससे दस दिन पहले मंडी चौकी प्रभारी पंकज कुमार को भी निलंबित कर दिया गया था। दोनों दरोगाओं की काफी दिनों से ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही और व्यवहार से जुड़ी शिकायतें मिल रही थीं। मंडी चौकी प्रभारी पंकज कुमार को निलंबित करने के बाद दरोगा आनंद कुमार शर्मा को मंडी चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया था। सीओ अंशु जैन ने बताया कि कार्य में लापरवाही और व्यवहार से जुड़ी शिकायतों को लेकर लंबी सूची है। विभागीय जांच के आदेश पर कार्रवाई की गई है। एसपी सूरज कुमार राय ने चार्ज संभालने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि खाकी का मजाक बनाने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

जिलाधिकारी ने तैमूरपुर दीपा स्थित विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों के साथ बैठकर परखा मध्यान्ह भोजन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो : शमीम सिद्दीकी बिजनौर

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने शुक्रवार को ग्राम तैमूरपुर दीपा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में साफ-सफाई एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया तथा भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद भी किया।

उन्होंने कुछ विद्यालयों में छात्रों की संख्या कम पाए जाने पर अध्यापकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों से संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे।

विद्यालय परिसर में बाउंड्री के समीप झुका हुआ विद्युत खंभा पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को तत्काल उसे ठीक कराने के निर्देश दिए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय तक जाने वाले मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया को शीघ्र ठीक कराने एवं उसका चौड़ीकरण करने के निर्देश भी दिए।

विद्यालय में शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि बालिका शौचालय बंद था तथा अन्य शौचालय में गंदगी थी। इस पर उन्होंने तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने तथा बालिका शौचालय को शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालय का सेप्टी टैंक धंसा होने पर उसकी मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति संतोषजनक पाई गई।

जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन में सक्रियता बढ़ी है तथा व्यवस्थाओं में सुधार की अपेक्षा जताई जा रही है।

बड़ौत तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 48 शिकायतें दर्ज

तहसीलदार ने सुनी जन समस्याएं, लगे विभिन्न विभागों के शिविर, मौके पर नहीं हुआ किसी शिकायत का निस्तारण

दैनिक समाज जागरण

बड़ौत। तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार स्वेताभ सिंह ने जनता दरबार लगाकर लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने अपने शिविर लगाए। संपूर्ण समाधान दिवस पर राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, परिवार नियोजन, चिकित्सा शिविर, जमीनी विवाद और मधुमक्खी पालन जैसे अनेक प्रकार के शिविर लगाए गए। लोगों ने शिविरों में पहुंचकर अपने-अपने रजिस्ट्रेशन का कार्य किया।संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 48 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सभी थाना प्रभारी, लेखपाल, कानूनगो, वन विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद रहे।

युवती को आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाला एक महीने से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। एक महीना पहले युवती के पिता ने मंडावर थाने में अनुज पुत्र अशोक कुमार गांव देवलगढ़ निवासी के खिलाफ तहरीर दी थी की मेरी पुत्री को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जिससे उसने परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। और आरोपी की तलाश में जुट गई थी, वही शनिवार को मडावर पुलिस ने आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर उचित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।

किशनगंज में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 55 मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए गए

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले में विशेष अभियान चलाकर खोए, गुमशुदा एवं चोरी हुए कुल 55 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख 70 हजार रुपये बताई गई है।

संतोष कुमार, पुलिस अधीक्षक, किशनगंज के निर्देश पर जिले के सभी थानों के अपर थानाध्यक्ष एवं जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम का गठन कर यह अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा IMEI ट्रैकिंग, CEIR पोर्टल एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से मोबाइलों की बरामदगी सुनिश्चित की गई।

अभियान के दौरान दिघलबैंक थाना क्षेत्र से 20, किशनगंज से 6, कोचाधामन से 6, टेढ़ागाछ से 5, बहादुरगंज से 5, पहाड़कट्टा से 3, फतेहपुर से 2, गलगलिया से 2, अरारबाड़ी से 2, टेढ़ागाछ बीबीगंज से 1, कोडाबाड़ी से 1, गर्वनडम्मा से 1 तथा जियापोखर थाना क्षेत्र से 1 मोबाइल बरामद किया गया।

बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय, किशनगंज में उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। मोबाइल प्राप्त कर लोगों ने खुशी जताई।

इस विशेष अभियान में शामिल जिला आसूचना इकाई एवं संबंधित थानों के अपर थानाध्यक्षों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

शराब तस्करी के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 181 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

उत्पाद विभाग द्वारा शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के गलगलिया चेक पोस्ट पर तैनात टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की और दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

गुप्त सूचना के आधार पर सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार राय, अभिमन्यु कुमार सिंह एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से गुप्त रूप से छिपाकर रखी गई कुल 181.560 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई।

मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान मोहम्मद तौसीफ और मोहम्मद मुल्तजीर के रूप में हुई है।

मामले की जानकारी देते हुए संगम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर इस शराब खेप को पश्चिम बंगाल से जोकीहाट ले जाने की फिराक में थे, लेकिन चेक पोस्ट पर सतर्कता के कारण उन्हें पकड़ लिया गया।

इस संबंध में उत्पाद थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने बताया कि जिले के सभी सीमावर्ती चेक पोस्टों पर निगरानी और सख्त कर दी गई है, ताकि शराब तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

पटना के रामकृष्णानगर में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

10 गिरफ्तार, 7 वाहन बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरजिला गिरोह का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 7 चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई हैं।

जानकारी के अनुसार, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर चौक-चौराहों, बैंक एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में 17 अप्रैल को बैंक ऑफ इंडिया, रामकृष्णानगर के पास एक युवक को अपाची बाइक चोरी कर भागते हुए पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अमर कश्यप के रूप में हुई है।

पुलिस पूछताछ में अमर कश्यप ने संगठित गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी। उसके निशानदेही पर गया जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर सुमित कुमार, विपुल कुमार, सन्दु राज, छोटू कुमार, सन्नी कुमार, कुंदन कुमार, साहिल कुमार, सत्यम कुमार एवं रितिक कुमार समेत कुल 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रामकृष्णानगर थाना कांड संख्या 377/26, दिनांक 17.04.26 के तहत बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने गिरोह के पास से हीरो स्प्लेंडर, पल्सर, अपाची, होंडा शाइन सहित कुल 7 वाहन बरामद किए हैं।

मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह एक संगठित अंतरजिला बाइक चोर गिरोह है, जो पटना समेत आसपास के जिलों में सक्रिय था। सभी गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष मिथुन कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा।

कुटुंबा पुलिस की कार्रवाई : हत्या के प्रयास और उत्पाद अधिनियम के तीन नामजद आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

कुटुंबा (बिहार)औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्पाद अधिनियम और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। केस नं. 22/26 - उत्पाद अधिनियम नामजद अभियुक्त रौशन कुमार सिंह उर्फ तेज प्रताप सिंह पिता- धीरेंद्र सिंह, ग्राम- चकुआ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। वहीं केस नं. 52/26 - हत्या का प्रयास के नामजद अभियुक्त विनोद राम, पिता- लालदेव राम, ग्राम- बसडीहा को हत्या के प्रयास के मामले में पकड़ा गया है।केस नं. 97/25 के नामजद अभियुक्त रंजीत चौहान, पिता- नरेश चौहान, ग्राम- कासिमपुर को भी हत्या के प्रयास के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। तीनों अभियुक्त कुटुंबा थाना क्षेत्र, जिला औरंगाबाद के रहने वाले हैं।

थानाध्यक्ष कुटुंबा इमरान आलम ने बताया कि सभी आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। विशेष टीम गठित कर गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई और तीनों को धर दबोचा गया। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

मानदेय बढ़ाने की मांग पर पटना के संपतचक में सफाई व्यवस्था ठप

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के संपतचक नगर परिषद क्षेत्र में शनिवार को सफाई कर्मियों ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर काम ठप कर दिया, जिससे पूरे इलाके में साफ-सफाई व्यवस्था चरमरा गई और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों और मोहल्लों में कचरा जमा होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। सफाई कर्मियों का आरोप है कि उन्हें आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से ठेकेदार द्वारा कम भुगतान किया जाता है और उसमें भी कटौती की जाती है। कर्मियों के अनुसार महिलाओं को करीब 200 रुपये और पुरुषों को 300 रुपये प्रतिदिन दिए जाते हैं, जो पर्याप्त नहीं है। सफाई कर्मी अजय कुमार ने कहा कि काम के अनुसार वेतन नहीं दिया जाता है। यदि 15-15 हजार रुपये मासिक वेतन तय नहीं किया गया तो वे लोग काम पूरी तरह ठप कर देंगे।

कर्मियों की मांग है कि डेली वेज के बजाय उन्हें मासिक वेतन दिया जाए। प्रदर्शन की सूचना पर नगर परिषद अध्यक्ष अमित कुमार एवं कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और कर्मियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने आउटसोर्सिंग एजेंसी से बातचीत कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद सभी सफाई कर्मी काम पर लौट गए, जिससे सफाई व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य होने लगी। सुपरवाइजर गुड्डू पासवान ने बताया कि कर्मियों को समझाया गया है और कंपनी से भी बातचीत जारी है। कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कर्मियों की मांगों पर विचार कर समाधान निकाला जाए, ताकि जनता को परेशानी न हो। वहीं, मुख्य पार्षद अमित कुमार ने कहा कि मानदेय बढ़ाने और सफाई कर्मियों की संख्या में वृद्धि को लेकर पहले से प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

पटना में ई-वाहनों के लिए बड़ी सौगात

58 स्थानों पर खुलेंगे चार्जिंग स्टेशन, जून से शुरू होगा काम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। अब पेट्रोल पंपों की तर्ज पर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। नगर निगम और जिला परिवहन कार्यालय की संयुक्त योजना के तहत इसके लिए 58 स्थानों को चिह्नित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इन स्टेशनों का निर्माण कार्य जून महीने से शुरू होने की संभावना है। प्रत्येक स्टेशन पर दो से तीन चार्जिंग बॉक्स लगाए जाएंगे। यह पूरी व्यवस्था प्रीपेड प्रणाली पर आधारित होगी, यानी उपभोक्ता पहले भुगतान करेंगे और फिर वाहन चार्ज कर सकेंगे। यहाँ 120 वोल्ट से लेकर 240 वोल्ट क्षमता तक के वाहनों के लिए स्लो और फास्ट चार्जिंग, दोनों सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वर्तमान में पूरे पटना जिले में मात्र 5-6 चार्जिंग स्टेशन ही क्रियाशील हैं। नई योजना के तहत शहर के कंकड़बाग, दानापुर, सगुना मोड़, बोरिंग रोड और चितकोहरा जैसे प्रमुख क्षेत्रों के अलावा बाढ़, बख्तियारपुर, मोकामा और दुल्हिनबाजार जैसे बाहरी इलाकों में भी स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन राष्ट्रीय राजमार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से न केवल वाहन चालकों को यात्रा के दौरान बैटरी खत्म होने की चिंता से मुक्ति मिलेगी, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलने से शहर में प्रदूषण कम होगा और लोगों को महंगे ईंधन से भी राहत मिलेगी। नगर निगम ने इसके लिए भूमि उपलब्ध करा दी है और अब निर्माण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पटना के बेऊर जेल में छापेमारी के दौरान मोबाइल बरामद, बाढ़ उपकारा में भी चली घंटों छापेमारी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार में नई सरकार के गठन के बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह एक्शन मोड में है। कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर राज्य की जेलों में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राजधानी पटना के बेऊर जेल और बाढ़ मंडल उपकारा में पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। शनिवार सुबह बेऊर जेल में हुई छापेमारी के दौरान प्रशासन को एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जेल की हाई-सिक्योरिटी के बीच मोबाइल का मिलना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रशासन अब इस बात की जांच कर रहा है कि प्रतिबंधित मोबाइल जेल के अंदर तक कैसे पहुँचा। वहीं, बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) के नेतृत्व में शनिवार तड़के बाढ़ उपकारा में भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला वार्ड सहित सभी हाजतों की बारीकी से जांच की गई। एसडीपीओ रामकृष्ण ने बताया कि जाँच के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है और यहाँ की सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। ज्ञात हो कि शुक्रवार से ही राज्य के विभिन्न जिलों जैसे मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, भागलपुर और सीवान की जेलों में भी छापेमारी की गई थी।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जेलों के अंदर से होने वाली अवैध गति विधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। आने वाले दिनों में भी औचक निरीक्षण का यह सिलसिला जारी रहेगा ताकि अपराधियों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। इस कार्रवाई से जेल प्रशासन और बंदियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। सरकार के इस सख्त रुख से स्पष्ट संकेत है कि जेलों में किसी भी प्रकार की कोताही या अवैध संचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पटना में कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी

1.10 करोड़ की अवैध संपत्ति का खुलासा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत विशेष निगरानी इकाई (रश्व) ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन पर अपनी ज्ञात आय के स्त्रोतों से लगभग 1 करोड़ 10 लाख 24 हजार 271 रुपये अधिक की संपत्ति बनाने का गंभीर आरोप है।शुक्रवार को विशेष निगरानी इकाई की टीम ने राजीव कुमार के तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पटना के रामनगरी स्थित 'सुमित गृहम अपार्टमेंट' के फ्लैट संख्या बी-202 में टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच की। यहाँ अभियंता अपने परिवार के साथ रहते हैं। वही दानापुर के खगौल रोड स्थित 'लैंडमार्क गोल्ड अपार्टमेंट' के फ्लैट संख्या 807 में भी छापेमारी की गई। यह फ्लैट राजीव कुमार के नाम पर है, जहाँ फिलहाल एक सेना अधिकारी किरायेदार के रूप में रह रहे हैं। पंत भवन व सचिवालय स्थित उनके सरकारी कार्यालय (छठा तल) में भी अधिकारियों ने फाइलों और वित्तीय लेन-देन से जुड़े अभिलेखों को खंगाला। एसवीयू के अनुसार, यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही गोपनीय जांच के बाद की गई है। प्रारंभिक जांच में राजीव कुमार की आय और उनके खर्चों व निवेश के बीच भारी अंतर पाया गया था। छापेमारी के दौरान कई कीमती संपत्तियों के दस्तावेज और निवेश के कागजात हाथ लगे हैं, जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद नगर विकास एवं आवास विभाग सहित प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया तेज की जाएगी। जांच का दायरा अन्य संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं तक भी फैल सकता है। निगरानी अधिकारियों के अनुसार भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी में मिले दस्तावेजों के आधार पर संपत्ति का विस्तृत आकलन किया जा रहा है और जल्द ही इस मामले में और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

पति की तलाश में भटक रही महिला, टंडवा थाना में मामला दर्ज

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के सिमरी गांव से एक बेहद मार्मिक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला अपने दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ पिछले कई महीनों से अपने लापता पति की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है।

पीड़िता उर्मिला देवी ने टंडवा थाना में आवेदन देकर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनके पति पवन भुइया 1 नवंबर 2025 को गांव के ही युगेश्वर भुइया (पिता- कोली भुइया) तथा छतरपुर निवासी एक ठेकेदार रामा शंकर गुप्ता के साथ कर्नाटक काम करने के लिए गए थे। परिवार के भरण-पोषण के उद्देश्य से गए पवन भुइया के जाने के बाद से अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। उर्मिला देवी के अनुसार, करीब चार महीने बीत जाने के बावजूद पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। जब उन्होंने ठेकेदार और साथ गए ग्रामीण से इस संबंध में पूछताछ की, तो दोनों ने मामले से अनभिज्ञता जताते हुए पल्ला झाड़ लिया। इससे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है। पति के लापता होने के बाद परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। छोटे-छोटे बच्चे अपने पिता को याद कर बिलख रहे हैं, वहीं उर्मिला देवी रोजी-रोटी के साथ-साथ पति की तलाश के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं। इस संबंध में टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता उर्मिला देवी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच-पड़ताल में जुटी है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा निकेतन हाई स्कूल कोर्रा का आठवीं कक्षा का रिजल्ट शानदार।

समाज जागरण संवाददाता मिंटू कुमार हजारीबाग।

शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा हजारीबाग का आठवीं का रिजल्ट शानदार रहा। आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद आठवीं के बच्चों ने खुशी का इजहार किया । बेहतर रिजल्ट होने के बाद विद्यालय के निदेशक मधुप मनोहर ने सभी परीक्षार्थियों को बेहतर रिजल्ट के लिए शुभकामनाएं दी और कहा शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया ' खुशी व्यक्त करते हुए जानकारी दिए की विद्यालय के बहुत से विद्यार्थियों ने अ+ अंक लाकर अपने अभिभावक तथा विद्यालय के सम्मान को बढ़ाया ' विद्यार्थियों में विशाल ठाकुर (पिता विजय ठाकुर) एवं अभिषेक कुमार (पिता राजू प्रसाद) संयुक्त रूप से सभी विषयों में अ+ प्राप्त अंक लाकर कर वर्ग में टॉपर रहे ' विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के शिक्षक गण की और से सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बहुत-बहुत आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं

नबीनगर से तीन आजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन जमानत दिए वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । गिरफ्तार किय गए वारंटी थाना क्षेत्र के फुटहरवा गांव निवासी रामाशीष चौहान और तेजी चौहान है जबकि न्यू स्टेशन नबीनगर से दीपक कुमार को गिरफ़्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जिले के प्रधानों ने दिया कार्यकाल बढ़ाने हेतु मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन

गाजियाबाद,शनिवार,18-4-2026 को ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष रणबीर प्रधान के नेतृत्व में जिले के प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी एवं मुख्यविकास अधिकारी को ज्ञापन देते हुए मांग रखी है कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर कराये जाये,यदि किसी कारण वश चुनाव समय पर कराना संभव नहीं है तो वर्तमान में कार्यरत्त प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाये ताकि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।यदि सरकार प्रधानों के कार्यकाल को वित्तीय अधिकार के साथ प्रशासक नहीं बनाती है तो हम सभी लोग सरकार के काम काज का विरोध करेंगे,क्योंकि राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र तथा उत्तराखंड में प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया गया है,उपरोक्त प्रदेशों में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें है अतः हम सभी प्रधान चाहते है कि उत्तर प्रदेश सरकार भी वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए,किसानों के अंश संशोधन का भी समाधान किया जाए आज गांव का भोला भाला किसान तहसील के चक्कर काट रहा है लेखपाल सुनने को तैयार नहीं है जिससे जिले के कुछ किसानों को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, जिलाधिकारी के तहसील दिवस में उपस्थित होने के कारण एडीएम अंजुमा को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिले के प्रधान कृष्णदेव आर्य,मनोज कुमार,प्रवीण कुमार, अरुण,महेश, सुनील, नूरजहां, रवि कुमार, जगमोहन, मधेश, रेखा आदि प्रधानगण मौजूद रहें।

आर्य समाज लाजपत नगर में विशेष यज्ञ एवं ध्यानयोग सौल्लास सम्पन्न

गाजियाबाद,शनिवार,18=04=2026 को आर्य समाज लाजपत नगर साहिबाबाद में विशेष यज्ञ एवं ध्यानयोग कार्यक्रम सौल्लास सम्पन्न हुआ।

अजमेर से पधारे स्वामी आशुतोष परिव्राजक के ब्रह्मत्व में यज्ञ किया गया।मुख्य यज्ञमान श्रीमती सुमन चौहान एवं लक्ष्मण सिंह चौहान रहे।उन्होंने यज्ञमानों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की प्रार्थना प्रभु से की।

योगी प्रवीण आर्य, कविता राठी के ईशभक्ति गीतों को सुन कर श्रोता मन्त्रमुग्ध हो गए।

महायज्ञ के ब्रह्मा स्वामी आशुतोष परिव्राजक ने कहा कि प्राचीन काल में हमारे घर घर ओर देश के कोने कोने में जब तक ऋषि मुनियों द्वारा यज्ञ होता रहा तब तक देश धन धान्य से परिपूर्ण था,आज भी वैसा ही करें तो पूर्ववत हो सकता है।स्वामी जी ने ध्यान योग पर विस्तृत चर्चा करते साधकों को ज्ञान मुद्रा में बैठा कर वैदिक मंत्र ओम आनन्दः और गायत्री मंत्र के माध्यम से निराकार सर्वशक्तिमान सर्वव्यापी सृष्टिकर्ता न्यायकारी आनन्दस्वरूप ईश्वर का ध्यान कराया जिससे लोगों को शांति का अनुभव हुआ।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने ऐसे सुन्दर आयोजन को देखकर कहा कि ध्यानयोग के ऐसे सत्र निरंतर सर्वत्र होते रहने चाहिएं जिससे मानव जीवन में मनोयोग और एकाग्रता से कार्य करने की क्षमता बढ़ती है तथा आत्मिक तथा मानसिक शक्तियों का विकास होता है।

जिला आर्य सभा के मंत्री सत्यवीर चौधरी ने आगामी कार्यक्रम की सूचना देते हुए कहा कि आर्य समाज राजनगर के तत्वावधान में शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को सायं 5 बजे से 7 बजे तक आर-5/50 ए, राजनगर,गाजियाबाद में आध्यात्मिक प्रवचन व शंका समाधान का आयोजन होगा जिसमें अध्यात्म,कर्मफल सिद्धान्त इत्यादि पर सुविख्यात वैदिक विद्वान स्वामी विवेकानन्द परिव्राजक के द्वारा सारगर्भित व ज्ञानवर्धक उद्बोधन होगा।उन्होंने श्रोताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतू निवेदन किया।

बाइक सवार युवकों ने पैदल चल रही महिलाओं को टक्कर मारकर हुए फरार

अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड

जमशेदपुर (झारखंड) 18 अप्रैल 2026: जमशेदपुर के साकची गुरुद्वारा के समीप में दो मनचले बाइक पैदल चल रही महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।आनन फानन में दोनों महिलाओं को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।काफी लोगों द्वारा पीछा किया परंतु दोनों बाइक सवार भागने में सफल रहे । यहां तक की देखा गया कि एक पत्रकार ने उनका पीछा करने का कोशिश किया परंतु उनके साथ भी चलती गाड़ी में गाली गलौज किया गया।